# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 | वर्ष –69 | अंक –93 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



- बिहार से पहले बंगाल की...
- कांग्रेस : बदलाव नहीं... 04
- झुकेंगे नहीं, रूस ने दे दिया तगड़ा झटका...
- मोदी और मस्क की हो सकती है मुलाकात... 09
- आरबीआई के रेपो रेट घटाने के बाद...
- भारतीय रुपया के आगे फिर झुका डॉलर 11
- हमने इंग्लैंड की...
- फिलहाल केएल राहुल... 10


लोकसभा : नया आयकर विधेयक पेश

# कर प्रक्रिया आसान बनाने पर जोर

## कर वर्ष समेत बदल जाएंगे नियम, 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश कर दिया। नए आयकर कानून में प्रीवियस ईयर और असेसमेंट ईयर को खत्म कर दिया गया है, अब केवल टैक्स ईयर होगा। नए आयकर कानून को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव है।

नए आयकर विधेयक में सबसे पहले बिल में टैक्स सिस्टम को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। पुराने टैक्स कानून 1961 की जगह पर इसे लाया गया है। पुराने टैक्स कानून में कई सारे सेक्शन और सब सेक्शन दिए गए हैं। लेकिन न्यू इनकम टैक्स बिल में ज्यादातर सब-सेक्शन को खत्म किया गया है। वहीं न्यू इनकम टैक्स बिल को और आसान बनाने के लिए सरल भाषा का रखी गई है। नए आयकर विधेयक में अगल- अलग सेक्शन के तहत इनकम पर टैक्स देनदारी, टैक्स छूट, कटौती, जुर्माना और रिफंड जैसी चीजों को डिसक्राइब किया गया है। किस सेक्शन के तहत डिडक्शन का लाभ होगा, किसके तहत रिफंड और पेनल्टी के तौर पर कौन सा सेक्शन लागू होगा, इन सभी चीजों का जिक्र किया गया है। वहीं कैपिटल गेन पर टैक्स, प्रॉपर्टी पर टैक्स, इनकम पर टैक्स छूट के लिए नया टैक्स स्लैब इसकी भी जानकारी दी गई है।

### स्टैंडर्ड डिडक्शन

नए आयकर विधेयक के तहत अगर आप एक सैलरीड हैं तो आपको पुराने टैक्स रिजीम के तहत 50 हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलेगा, लेकिन अगर आप न्यू टैक्स रिजीम सेलेक्ट करते हैं तो आपको 75000 रुपये तक का स्टैंडर्ड डिडक्शन दिया जाएगा।

### पेंशन, एनपीएस और इंश्योरेंस पर भी छूट

नए आयकर विधेयक के तहत पेंशन, एनपीएस कंट्रीब्यूशन और इंश्योरेंस पर टैक्स डिडक्शन जारी रहेगा। रिटायरमेंट फंड, ग्रेच्युटी और पीएफ कंट्रीब्यूशन को भी टैक्स छूट के दायरे में रखा गया है। ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में निवेश पर भी टैक्स राहत दी जाएगी।

### टैक्स चोरी पर जुर्माना

अगर कोई टैक्स चोरी करता है तो उसपर जुर्माने का प्रावधान है। वहीं टैक्स चोरी के अलावा कोई अन्य भी गलत स्टेप उठाए जाते हैं तो उसपर भी जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही उस व्यक्ति के पास टैक्स नोटिस भी भेजा जा सकता है।


>>शेष पृष्ठ 2 पर


### नया टैक्स स्लैब

- –नए टैक्स बिल के तहत 4 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं
- –4 लाख 1 रुपये से 8 लाख रुपये तक की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा
- –8 लाख 1 रुपये से 12 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा
- –12 लाख 1 रुपये से 16 लाख रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत टैक्स लगेगा
- –16 लाख 1 रुपये से 20 लाख रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत टैक्स लगेगा

# वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश, हंगामा

## दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन संसद में वक्फ संशोधित बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश करने को लेकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। विपक्ष का आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को डिलीट कर दिया गया।

### खड़गे ने कहा, हमारी आपत्तियां हटाई गई

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है।' आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं।'

**शाह बोले, जो चाहे जोड़ लें**–इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं। उनकी पार्टी को इसमें कोई भी आपत्ति नहीं है।'

**अडानी समूह को लेकर विपक्ष का हंगामा**–लोकसभा में गुरुवार को कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडानी समूह से जुड़ी एक खबर को लेकर हंगामा किया,


>>शेष पृष्ठ 2 पर


सार संक्षेप

## कुंभ से लौट रहे 3 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत

### राजस्थान के कोटा में हादसे का शिकार हो गई बस

**भोपाल, ( देशबन्धु )।** मंदसौर से महाकुंभ में स्नान करने गए श्रद्धालुओं की बस राजस्थान के कोटा में हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शोक जताते हुए आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। बताया गया है कि मंदसौर के श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने बस से गए थे। यह श्रद्धालु वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बस की राजस्थान के कोटा जिले के सिमलिया गांव के पास नेशनल हाईवे दिल्ली-मुंबई पर ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का उपचार जारी है।

**आर्थिक सहायता देने का निर्देश**–सीएम ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख एवं गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। अन्य सभी घायलों के समुचित उपचार हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया है।

## हर्षवर्धन सपकाल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने श्री हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति का नयाअध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्री सपकाल की नियुक्ति को मंजूरी दी है और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसके साथ ही श्री विजय नामदेवराव वादेत्तीवर के कांग्रेस विधायक दल का नेता पद पर नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के योगदान की सराहना करती है।

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- लम्बी हिंसा और 300 से ज्यादा मौतों के बाद मणिपुर में अब राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- 'सत्ता का घोड़ा' कहीं दौड़े लेकिन लगाम तो अपने ही हाथ में रखी जाती है।



# अमेरिकी खुफिया प्रमुख गबार्ड से मिले मोदी, भारत-अमेरिका की मित्रता पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन, ( एजेंसियां )।** अमेरिका पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली औपचारिक आधिकारिक बैठक में अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। बुधवार को तुलसी गबार्ड को अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस बनाए जाने की पुष्टि की गई।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। भारत-अमेरिका मित्रता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वह हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं। सीनेट में देश की शीर्ष खुफिया पद के लिए हुए मतदान में गबार्ड ने जीत हासिल की और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने से कुछ घंटे पहले ही शपथ ली। उन्हें 52 वोट मिले। केवल एक रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर उनके खिलाफ वोट किया। गबार्ड एक अमेरिकी हिंदू हैं। उनके विरोधियों में से कुछ ने उनके खिलाफ अपने अभियान में उनके धर्म का इस्तेमाल किया। प्रतिनिधि सभा में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के दौरान, वह भारत की प्रबल समर्थक रहीं। उन्होंने हाउस इंटेलिजेंस सब-कमेटी और सशस्त्र बल समिति में भी काम किया। वह डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य रही और बाद में ट्रंप की सहयोगी बन गईं।

### देर रात ट्रंप से मुलाकात

इस बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बैठक के दौरान चर्चा आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और उभरते खतरों से निपटने के लिए खुफिया सहयोग बढ़ाने पर भी केंद्रित थी। वहीं देर रात भारतीय समयानुसार रात 2.30 बजे ट्रंप और मोदी की मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया।

# मप्र बनेगा ड्रोन निर्माण हब : मुख्यमंत्री



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिये मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जायेगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल से प्रेरित होकर ड्रोन नीति सरकार के ड्रोन डेटा और इमेजरी के लिए एक केन्द्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म होगा।

- ♦ बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी, प्रारंभ होगा ड्रोन स्कूल
- ♦ ड्रोन संवर्धन, उपयोग नीति पर शुरू हुआ प्रभावी अमल

ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी विभिन्न विभागों के मध्य परस्पर डेटा साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देगी। यह नीति जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी। यह रिपॉजिटरी तत्काल अद्यतन निगरानी सुविधा प्रदान करेगी, जिससे संसाधनों का त्रुटिरहित आवंटन होगा और अधोसंरचनात्मक विकास में सहयोग मिलेगा। इससे बेहतर समन्वय, निर्णय-प्रक्रिया में मदद मिलने के साथ लागत-समय का सदुपयोग होगा और परियोजनाओं की समीक्षा में सुधार भी होगा। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में उपयोग, आपदा प्रबंधन, निरीक्षण में भी ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा और शासन ने वित्तीय प्रोत्साहन के लिए भी सबसिडी और अन्य घोषणाएं की हैं। इसके साथ ही ड्रोन स्कूल भी शुरू किए जाएंगे।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

## राज्य में हिंसा के चलते 300 से ज्यादा मौतें हो चुकीं

**मणिपुर।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लग गया है। लगातार हिंसा और लगभग तीन सौ से ज्यादा मौतों के बाद मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह के इस्तीफे पर यह कदम उठाया गया है, गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति शासन के संबंध में अधिसूचना जारी की है। एन बिरेन सिंह के इस्तीफे के बाद नया मुख्यमंत्री का इंतजार था, इस बीच राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री बिरेन सिंह का इस्तीफा ऐसे समय में आया था जब विधानसभा में कांग्रेस की तरफ से अविश्वास प्रस्ताव आने वाला था। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अर्धसैनिक बल के अधिकारियों ने आज ही राजभवन में बैठक की थी। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तैनाती और परिचालन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस महीने की शुरुआत में विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत को दिल्ली बुलाए जाने के बाद मणिपुर में सत्ता परिवर्तन के संकेत मिलने लगे थे।

### हमारी अलग प्रशासन की मांग : आईटीएलएफ

कूकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा- बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया है। हाल ही में उनका एक ऑडियो टेप लीक हुआ था, जिसका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया है। ऐसे में अब भाजपा के लिए भी उन्हें बचाना मुश्किल लग रहा है। बिरेन चाहे मुख्यमंत्री रहें या नहीं, हमारी मांग अलग प्रशासन की है। मैतेई समुदाय ने हमें अलग किया है। अब हम पीछे नहीं हट सकते।

*..जब विवाह समारोह में आ गया तेंदुआ*



# *खिड़की से कूदकर भागा दूल्हा, सहेलियां दुल्हन को लेकर भागीं*

***लखनऊ।*** *लखनऊ में आयोजित एक शादी में देर रात भगदड़ मच गई। शादी में नजारा ऐसा था कि हर कोई दंग रह गया। दुल्हन अपनी सहेलियों के साथ भाग खड़ी हुई तो दूल्हा दोस्तों के साथ खिड़की से कूद गया। बाकी बचे बाराती और जनाती इधर-उधर अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित जगह तलाशते नजर आए। शादी में भगदड़ की सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची लेकिन यहां के हालात देखकर पुलिस के भी सर्दी में पसीने छूट गए। दरअसल शादी समारोह में एक तेंदुआ घुस आया था। तेंदुए ने शादी में जमकर दहशत फैलाई।*

*तेंदुआ लोगों पर हमला करने लगा। यह देखकर सभी अपनी जान बचाने के लिए लड़की और लड़के वाले इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तेंदुए ने उन्हें भी नहीं बख्शा और जवानों पर हमला बोल दिया। तेंदुए के हमले में वन दरोगा मुकद्दर अली जख्मी हो गए। शादी समारोह के एक वीडियोग्राफर और मैरिज लॉन का कर्मचारी छत से कूद गए। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि काफी देर बाद तेंदुए का रेस्क्यू कर लिया गया।*

### *बिन बुलाए मेहमान ने फैलाई दहशत*

*बुद्धेश्वर फ्लाईओवर से उतरते ही एमएम मैरिज लॉन है। आलमबाग पूरन नगर निवासी यूट्यूबर अक्षय की विक्रम नगर निवासी ज्योति*


>>शेष पृष्ठ 2 पर



JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games


राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


कार्रवाई | टीआरएआई का बड़ा कदम

# टेलिमार्केटिंग के लिए प्रतिबंधित किए 10-अंकों वाले नंबर

**नई दिल्ली।** भारत में स्पैम कॉल की समस्या लगातार बढ़ रही है और देशभर में मोबाइल फोन यूजर्स इससे परेशान हैं। टेलिकॉम कंपनियां कई बार अपने-अपने स्तर पर इस व्यापक समस्या से निपटने की कोशिशें कर रही हैं। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से भी कई बार स्पैम कॉल व मैसेज की समस्या हल करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं।




अब दूरसंचार संसाधनों के गलत इस्तेमाल को रोकने और कंज्यूमर प्रोटेक्शन को बढ़ाने के लिए, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने संशोधित टेलिकॉम कमर्शियल कम्युनिकेशन कस्टूमर प्रीफ्रेंस रेग्युलेशन्स 2018 के तहत सख्त नियम पेश किए हैं। इन संशोधन की जानकारी कल यानी 12 फरवरी, 2025 को दी गई और इनका उद्देश्य ट्रांसपेरेंट फ्रेमवर्क के साथ वैध मार्केटिंग गतिविधियों को सुनिश्चित करना व अनचाहे कमर्शियल कम्युनिकेशन से निपटना है। संशोधित नियम, टेलिकॉम चैनल में सेंध लगाकर विकसित हो रही टेलीमार्केटिंग प्रैक्टिसेज के जवाब में आए हैं। यह कदम 28 अगस्त, 2024 को शुरू की गई एक परामर्श प्रक्रिया के बाद आया,जब ट्राई ने की-रेग्युलेटरी गैप्स पर इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया मांगी थी। नए संशोधन में उन टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ कड़े नियम बनाने पर ध्यान दिया गया है जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। मार्केटिंग के लिए 10-डिजिट वाले नंबरों के दुरुपयोग को रोकने, उपभोक्ता शिकायत तंत्र को बढ़ाने और सेन्डर व सर्विस प्रोवाइडर के लिए जवाबदेही बढ़ाने पर केंद्रित है।

**टेलिमार्केटिंग के लिए 10 अंकों वाले नंबर बैन**–ट्रांसपेरेंसी को बेहतर करने के लिए टीआरएआई ने 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर के जरिए कमर्शियल कम्युनिकेश पर रोक लगा दी है। इसकी जगह एक स्पेसिफिक नंबर सीरीज इस्तेमाल होगी। प्रमोशनल कॉल के लिए '140' जबकि ट्रांजैक्शनल और सर्विस कॉल के लिए नई दी गई '1600' सीरीज का इस्तेमाल होगा।

**शिकायत में आसानी और तेज कार्रवाई**–कंज्यूमर्स अब अनरजिस्टर्ड कंपनियों से आने वाले स्पैम मैसेज और कॉल की शिकायत अपने कम्युनिकेशन प्रेफरेंस के बिना भी दर्ज करा सकेंगे। ट्राई ने शिकायत प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है क्ष जिस शिकायत में सभी जरूरी डिटेल्स होंगी, उसे वैध माना जाएगा।

# देश-विदेश

## बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सुरक्षा एजेंसियों को खतरे की आशंका के संबंध में एक खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, खुफिया विभाग ने अपनी रिपोर्ट में दलाई लामा को खतरा होने की बात कही थी। इसके बाद उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इस व्यवस्था के तहत दलाई लामा की सिक्योरिटी में 33 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे जो चौबीसों घंटे उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे।

## क्रैश होकर समुद्र में गिरा अमेरिकी नौसेना का विमान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक और विमान हादसा हो गया है। अमेरिकी नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र तट पर गिर गया। हादसे में विमान बुरी तरह टूट फूट गया, लेकिन विमान में सवार पायलटों की जान बच गई। उन्हें मछुआरों ने रेस्क्यू किया। हादसा सैन डिएगो में व्हिडबे द्वीप पर हुआ। हादसाग्रस्त हुआ विमान अमेरिकी नौसेना का EA-18G ग्रोलर जेट था। व्हिडबे द्वीप US नेवी एयरबेस पर तैनात विमान और चालक दल से जुड़ी पिछले 4 महीने में दूसरी दुर्घटना है। वहीं अमेरिका में पिछले डेढ़ महीने में अमेरिकी सेना से जुड़ा दूसरा हादसा है। भारतीय समयानुसार, बुधवार सुबह करीब 10.15 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद ही जेट प्लेन क्रैश हुआ। दोनों क्रू मेंबर सैन डिएगो खाड़ी में पॉइंट लोमा से जेट प्लेन से बाहर निकल गए और पानी में गिर गए, जिन्हें करीब 10 मिनट के अंदर मछुआरों और तटरक्षक बल ने ढूंढ निकाला और अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। दोनों पायलटों की पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। अमेरिकी तटरक्षक बल की प्रवक्ता पेटी ऑफिसर क्रिस्टोफर सैप्पी ने हादसे की पुष्टि की है। वहीं हादसे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**प्लेन का मलबा खाड़ी के अंदर ही मिला**-एक रिपोर्ट के अनुसार, हादसे का शिकार हुआ 2 सीट वाला जेट प्लेन इलेक्ट्रॉनिक अटैक स्क्वाड्रन 135 में तैनात था, जिसे एनएएस व्हिडबे द्वीप पर 'ब्लैक रेवेन्स के नाम से जाना जाता है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि प्लेन कैलिफोर्निया क्यों गया था प्लेन का मलबा बुधवार दोपहर तक भी खाड़ी में ही था।

## कार्यालय नगर परिषद लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.)

OFFICE OF NAGAR PARISHAD LAKHNADON DIST. SEONI (M.P.)

Emall:- cmolakhnadoan@mpur cmo.laldi@gmail.com Phone No.- 07690-24012 Website: www.nplakhna

क्र. 636/रा.शा./न.परि./2025-26 लखनादौन दिनांक 11/02/2025

### //ई निविदा सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचर संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल दिनांक 4 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए राजस्व वसूली हेतु नीचे तालिका में उल्लेखित निम्नलिखित ठेकों की वसूली हेतु ई-निविदा ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, नगर परिषद लखनादौन में ई-निविदा की दरें प्रस्तुत कर सकते है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

| टेण्डर क्रमांक | ठेका का नाम | वसूली का क्षेत्र | अमानत राशि | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_402121_1 | अस्थाई दखल फीस वसूली ठेका | नगर परिषद सीमा क्षेत्र | 50,000 | 4,99,173 रू. | 2,000 रू. | दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक |
| 2025_UAD_402122_1 | साप्ताहिक बैठकी बाजार फीस वसूली ठेका | | 50,000 रु. | 3,66,006 रु. | 2,000 रू | |
| 2025_UAD_402123_1 | मवेशी बाजार फीस वसूली ठेका | | 50,000 रू. | 1,60,000 रू. | 2,000 रू | |
| 2025_UAD_402124_1 | वाहन पार्किंग शुल्क वसूली (बस, जीप, ऑटो, माल वाहन एवं अन्य वाहन) | | 50,000 रु. | 5,01,929 रु. | 2,000 रु | |

1- नियम एवं शर्तें ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। 2- ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 12/02/2025 प्रातः 18.30 बजे से दिनांक 03/03/2025 सायं 05.30 बजे तक है। 3- ऑनलाईन विड सबमिट करने की अंतिम तिथि 03/03/2025 समय 05.30 बजे तक है। 4- ई-निविदा दिनांक 05/03/2025 को समय 11.00 बजे खोली जावेगी। 5- निविदा में किसी प्रकार के संशोधन में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, इसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा। 6- निविदाकार/ठेकेदार द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा:- (अ) परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं आयकर चुकता का प्रमाण-पत्र। (व) नगर परिषद के समस्त कर जैसे (संपत्ति कर, जलकर, भवन / भूमि/दुकान किराया) का चुकता प्रमाण-पत्र। 7- निविदा फार्म में अमानत राशि एवं फार्म शुल्क का भुगतान ऑनलाईन की मान्य होगा।

**श्रीमति मीना बलराम गोल्हानी**
अध्यक्ष
नगर परिषद लखनादौन

**श्रीमति विजूषा प्रदीप राजपूत**
उपाध्यक्ष
नगर परिषद लखनादौन

**श्रीमति संगीता संजय गोल्हानी**
सभापति-राजस्व एवं बाजार समिति
नगर परिषद लखनादौन

**गीता बाल्मिकी**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद लखनादौन

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर आई यूएन की रिपोर्ट

### सवालों को घेरे में यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदू सहित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हुई हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट में हिंसा पर बांग्लादेश देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के दावों को खारिज करते हुए उनकी सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। दरअसल, बीते पांच अगस्त को बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया। उन्मादित भीड़ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के आवास पर धावा बोल दिया और जमकर उत्पात मचाया। इससे पहले हसीना वहां से निकलकर भारत आ गईं। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का दौर शुरू हो गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नया आयकर....

**भारी जुर्माने का भी प्रावधान** -जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी वसूला जा सकता है।आय छिपाने पर अकाउंट सीज और संपत्ति जब्त करने का भी अधिकार है।

**एग्रीकल्चर इनकम पर टैक्स छूट** -नए आयकर विधेयक में कृषि आय को कुछ शर्तों के तहत कर-मुक्त रखा गया है। धार्मिक ट्रस्ट, संस्थाएं और दान में दी गई राशि पर कर छूट मिलेगी। साथ ही इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट को भी टैक्स से छूट दी गई है।

**कैपिटल गेन टैक्स** -अगर किसी की कमाई कैपिटले गेन में होती है तो उसे टैक्स देना होगा। शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन के तहत 20 फीसदी का टैक्स देना होगा। जबकि लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के तहत 12.5 फीसदी का टैक्स लागू होगा।

### वक्फ बिल पर....

जिसके कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के लगभग पांच मिनट बाद इसे दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करना शुरू कर दिया था। विपक्षी दलों के सदस्यों ने जिस खबर को लेकर हंगामा किया, उसमें दावा किया गया है कि सरकार ने गुजरात में अडानी समूह के नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के लिए मार्ग प्रशस्त करने के मकसद से पाकिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल में ढील दी है।

**विपक्ष ने किया बहिर्गमन**-नई दिल्ली। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर पेश संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट में असहमति टिप्पणियों को शामिल न किए जाने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने गुरुवार को जोरदार हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया।

### जब विवाह समारोह में....

के साथ शादी थी। बारात आ चुकी थी। नाश्ता शुरू होने वाला था। रात करीब 8:30 बजे लॉन की पहली मंजिल पर जंगली जीव देखा गया। वीडियोग्राफर अमन खान के सहयोगी ने सबसे पहले हल्ला मचाया। उसने लॉन के मैनेजर को बाघ आने की सूचना दी। अमन का आरोप है कि मैनेजर ने कहा कि बिल्ली होगी, अपना काम करो। इसके बाद लॉन का एक कर्मचारी दूसरी मंजिल पर चढ़कर पता लगाने लगा। तेंदुआ ने झपट्टा मारा तो वह दूसरी मंजिल से कूद गया, जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। सूचना मिलने पर डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने रहमान खेड़ा में बाघ की तलाश कर रही विशेषज्ञों की टीम को मौके पर रवाना किया। उधर, पारा थाने की पुलिस फोर्स पहले ही पहुंच गई थी। वन विभाग के कर्मचारी ट्रैंकुलाइजर गन के साथ मैरिज लॉन की पहली मंजिल पर जा रहे थे। तभी सीढ़ियों पर ही तेंदुए ने हमला कर दिया। वन दरोगा मुकद्दर अली को पंजा मार देने से हाथ जख्मी हो गया। इसके बाद रेस्क्यू करने पहुंची टीम ने फायरिंग की। मैरिज लॉन के चैनल बंद कर दिए गए। पुलिस और वन विभाग की टीम बाहर निगरानी कर रही थी। चैनल बंद करने के बाद करीब एक घंटे तक तेंदुए की हलचल नहीं दिखी।

**दुल्हन और उसकी सहेलियों सुरक्षित निकाला गया**-मैरिज लॉन के ब्राइडल रूम में लड़की और उसकी कुछ सहेलियां थीं। हल्ला मचने पर सभी ने खुद को कमरे में कैद कर लिया। मैरिज लॉन में भोजन आदि की तैयारी चल रही थी। कैटरिंग के लोग पहले ही भाग निकले। लॉन में मौजूद लड़की पक्ष के लोग भी भाग निकले लेकिन कमरों में मौजूद घर वाले फंस गए। वन विभाग की टीम ने मैरिज लॉन का चैनल गेट बंद कर लड़की, उसकी सहेलियों और परिवार के लोगों को सुरक्षित निकाला।

## ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

### गिरवी रखी गई परिसंपत्ति स्वर्ण आभूषणों की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

उधारकर्ता को विशेष और सामान्य रूप से जनता को यहां सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा की निम्न शाखाओं में आयोजित की जानी है।

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता ने सुरक्षा के प्रति बैंक के पक्ष में सोने के गहने (गोल्ड लोन सुविधा) की गिरवी के एवज एक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किए गए हैं जो उधारकर्ताओं/गारंटरों को गोल्ड लोन सुविधा का लाभ उठाने के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा है। जैसा कि उधारकर्ता/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में विफल रहे हैं, बैंक गिरवी आभूषणों की ई-नीलामी करने के लिए विवश है और **24-02-2025** को **दोप. 12.30 बजे से 3-30 बजे,** जहां है जैसा है, जैसा है जितना है में गिरवी रखी गई स्वर्ण आभूषणों की नीलामी बिक्री का प्रस्ताव रखा गया है। उधारकर्ताओं और बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है।

| उधारकर्ता का नाम | ऋण खाता क्रं. | बकाया राशि (₹) | पुनः सूचना दिनांक | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा : अनुपपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| पूजा पटेल | XXXXXXXXXXX6625 | 61811 | 27-09-2024 | 17.100 | 16.500 |
| **शाखा : बालाघाट (म.प्र.)** | | | | | |
| अमित बिलहरे | XXXXXXXXXXX7960 | 37578 | 06-01-2025 | 10.300 | 10.200 |
| जूनेड | XXXXXXXXXXX8407 | 52684 | 07-06-2024 | 15.700 | 15.400 |
| कल्पना | XXXXXXXXXXX8124 | 40077 | 27-09-2024 | 10.700 | 10.600 |
| **शाखा : ब्योहारी सी 0710 (म.प्र.)** | | | | | |
| राहुल सिंह बघेल | XXXXXXXXXXX7180 | 240275 | 27-11-2024 | 60.600 | 58.500 |
| **शाखा : बिजुरी (म.प्र.)** | | | | | |
| अर्चना | XXXXXXXXXXX9068 | 148083 | 27-09-2024 | 32.440 | 32.180 |
| धर्मेन्द्र कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX1118 | 82535 | 07-06-2024 | 30.700 | 30.300 |
| दिनेश कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX9394 | 74909 | 27-09-2024 | 17.350 | 17.250 |
| गोविंद सिंह | XXXXXXXXXXX5167 | 164683 | 07-01-2025 | 41.500 | 41.400 |
| केशव प्रसाद पनिका | XXXXXXXXXXX9413 | 160885 | 07-01-2025 | 39.700 | 39.500 |
| राम प्रसाद गोस्वामी | XXXXXXXXXXX7950 | 73460 | 04-11-2024 | 17.480 | 17.080 |
| रूप लाल जोगी | XXXXXXXXXXX8703 | 69399 | 07-10-2024 | 16.740 | 16.540 |
| सतीश त्रिपाठी | XXXXXXXXXXX1973 | 69615 | 04-08-2024 | 16.100 | 15.500 |
| सूरज सोनी | XXXXXXXXXXX0403 | 120668 | 20-07-2024 | 30.420 | 29.750 |
| **शाखा : बुरहर (म.प्र.)** | | | | | |
| आकाश सोनी | XXXXXXXXXXX2935 | 35399 | 02-04-2024 | 10.500 | 10.000 |
| अयान अहमद | XXXXXXXXXXX4719 | 302067 | 08-09-2024 | 64.100 | 62.700 |
| राजू पटेल | XXXXXXXXXXX6198 | 81115 | 27-09-2024 | 17.900 | 17.000 |
| उमरावती देवी | XXXXXXXXXXX3606 | 78958 | 04-11-2024 | 19.400 | 16.000 |
| उत्तम राव | XXXXXXXXXXX6651 | 46558 | 08-09-2024 | 10.500 | 10.400 |
| यश सलूजा | XXXXXXXXXXX0935 | 54857 | 27-09-2024 | 15.100 | 13.500 |
| **शाखा : जबलपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| अर्पित झारिया | XXXXXXXXXXX8846 | 53705 | 04-08-2024 | 14.300 | 14.000 |
| माया गौड़ | XXXXXXXXXXX8321 | 74171 | 09-01-2025 | 18.500 | 17.800 |
| **शाखा : करेली सी2841 (म.प्र.)** | | | | | |
| सीमा ठाकुर | XXXXXXXXXXX0283 | 69471 | 04-11-2024 | 15.200 | 15.000 |
| शिवम सराठे | XXXXXXXXXXX0917 | 30857 | 04-08-2024 | 6.700 | 6.600 |
| **शाखा : कटनी (म.प्र.)** | | | | | |
| दिलशाद बेग | XXXXXXXXXXX3722 | 51022 | 27-09-2024 | 21.900 | 16.000 |
| **शाखा : कोतमा (म.प्र.)** | | | | | |
| कैलाश प्रसाद पांडे | XXXXXXXXXXX7292 | 46695 | 04-08-2024 | 11.800 | 11.600 |
| राजेंद्र प्रसाद शुक्ला | XXXXXXXXXXX9086 | 39294 | 07-10-2024 | 9.500 | 9.300 |
| **शाखा : मदन महल जबलपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| जितेंद्र खियानी | XXXXXXXXXXX0929 | 386799 | 27-11-2024 | 112.860 | 106.310 |
| **शाखा : मैहर (म.प्र.)** | | | | | |
| क्षमा गौतम | XXXXXXXXXXX9211 | 56259 | 07-06-2024 | 16.500 | 15.900 |
| मोहम्मद साहिद | XXXXXXXXXXX9588 | 118637 | 06-09-2024 | 30.200 | 28.300 |
| रूपा विश्वकर्मा | XXXXXXXXXXX5437 | 110267 | 27-09-2024 | 31.800 | 27.320 |
| संगीता कुशवाह | XXXXXXXXXXX0046 | 39422 | 27-09-2024 | 10.500 | 10.200 |
| शालिनी मोगरे | XXXXXXXXXXX9316 | 53006 | 20-07-2024 | 15.300 | 15.000 |
| **शाखा : मंडला (म.प्र.)** | | | | | |
| अमी चौरसिया | XXXXXXXXXXX2047 | 41772 | 27-09-2024 | 10.000 | 9.980 |
| दिव्या पटेल | XXXXXXXXXXX0966 | 224479 | 26-09-2024 | 72.500 | 71.800 |
| निखिल मिश्रा | XXXXXXXXXXX1872 | 119803 | 08-09-2024 | 30.600 | 30.300 |
| रघुवेंद्र पटेल | XXXXXXXXXXX0268 | 60688 | 07-09-2024 | 14.300 | 14.200 |
| संतोष कुमार | XXXXXXXXXXX4372 | 33025 | 08-09-2024 | 8.100 | 7.800 |
| विक्रमादित्य पटेल | XXXXXXXXXXX2005 | 85478 | 06-01-2025 | 20.100 | 19.900 |
| **शाखा : मऊगंज (म.प्र.)** | | | | | |
| आनंद प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX8134 | 72832 | 07-01-2025 | 21.280 | 19.000 |
| विजय कुमार द्विवेदी | XXXXXXXXXXX8530 | 40871 | 07-09-2024 | 12.300 | 11.180 |
| **शाखा : नागोद सी3241 (म.प्र.)** | | | | | |
| उज्जवल सिंह | XXXXXXXXXXX6809 | 79869 | 07-09-2024 | 18.500 | 17.800 |
| **शाखा : नरसिंहपुर (म.प्र.)** | | | | | |
| अभिजीत | XXXXXXXXXXX6209 | 53907 | 08-05-2024 | 15.400 | 15.200 |
| बेबी यादव | XXXXXXXXXXX3593 | 39064 | 27-09-2024 | 11.700 | 11.300 |
| कमलेश | XXXXXXXXXXX8138 | 122578 | 26-09-2024 | 27.600 | 27.400 |
| **शाखा : पन्ना (म.प्र.)** | | | | | |
| आदिल खान | XXXXXXXXXXX8345 | 37135 | 06-09-2024 | 9.800 | 9.500 |
| लीलाधर पाल | XXXXXXXXXXX6741 | 42488 | 15-02-2024 | 15.800 | 11.400 |
| रफीक खान | XXXXXXXXXXX2247 | 35939 | 07-06-2024 | 9.800 | 9.200 |
| **शाखा : रीवा (म.प्र.)** | | | | | |
| अखिल श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXX9443 | 229300 | 07-01-2025 | 56.900 | 56.000 |
| आलोक सिंह | XXXXXXXXXXX4645 | 61093 | 06-09-2024 | 15.200 | 14.500 |
| ओम प्रकाश द्विवेदी | XXXXXXXXXXX9888 | 62058 | 27-09-2024 | 13.200 | 12.700 |
| राज कुमार पटेल | XXXXXXXXXXX5467 | 118123 | 20-07-2024 | 31.100 | 29.900 |
| रियाज़ मोहम्मद | XXXXXXXXXXX7696 | 28125 | 07-09-2024 | 7.200 | 6.800 |
| शांति पाठक | XXXXXXXXXXX9836 | 73990 | 24-01-2025 | 16.300 | 14.700 |
| सौरभ सिंह पटेल | XXXXXXXXXXX8777 | 43496 | 27-09-2024 | 10.300 | 10.100 |
| **शाखा : समन तिराहा रीवा (म.प्र.)** | | | | | |
| अजय भास्कर | XXXXXXXXXXX4801 | 377077 | 06-01-2025 | 80.500 | 74.200 |
| अजय भास्कर | XXXXXXXXXXX0412 | 268629 | 06-01-2025 | 61.440 | 58.200 |
| अनिल कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX0469 | 129272 | 20-07-2024 | 39.900 | 35.600 |
| अतुल सिंह | XXXXXXXXXXX1226 | 39929 | 06-01-2025 | 9.340 | 9.300 |
| दिनेश कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX0105 | 61659 | 02-04-2024 | 17.700 | 16.000 |
| कुलदीप तिवारी | XXXXXXXXXXX4205 | 76688 | 07-09-2024 | 16.500 | 16.000 |
| कुलदीप तिवारी | XXXXXXXXXXX0708 | 53369 | 07-09-2024 | 11.800 | 11.500 |
| राघवेंद्र मिश्रा | XXXXXXXXXXX8558 | 72994 | 15-02-2024 | 25.970 | 17.900 |
| राजेंद्र सोनी | XXXXXXXXXXX4533 | 44691 | 27-09-2024 | 11.010 | 10.800 |
| रंजना मिश्रा | XXXXXXXXXXX1303 | 111427 | 27-09-2024 | 24.760 | 24.500 |
| संतोष कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX4600 | 339894 | 06-01-2025 | 104.080 | 87.700 |
| शिव कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX4299 | 268440 | 20-07-2024 | 66.610 | 64.500 |
| शिव कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX4587 | 168440 | 20-07-2024 | 41.900 | 39.900 |
| शिवाकांत त्रिपाठी | XXXXXXXXXXX8893 | 161137 | 07-09-2024 | 41.990 | 40.500 |
| श्रवण कुमार | XXXXXXXXXXX1654 | 97075 | 08-05-2024 | 21.780 | 21.000 |
| **शाखा : सतना (म.प्र.)** | | | | | |
| जितेंद्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX4787 | 50018 | 04-11-2024 | 13.600 | 13.400 |
| ममता सोनी | XXXXXXXXXXX9875 | 93975 | 15-02-2024 | 26.800 | 26.200 |
| मुन्नी सिंह | XXXXXXXXXXX4445 | 82975 | 04-11-2024 | 18.800 | 18.600 |
| प्रमिला सिंह | XXXXXXXXXXX8845 | 187920 | 15-02-2024 | 46.400 | 44.900 |
| सत्य नारायण मिश्रा | XXXXXXXXXXX2649 | 31761 | 20-11-2024 | 8.200 | 8.100 |
| शुभम सिंह | XXXXXXXXXXX2632 | 62152 | 07-09-2024 | 22.300 | 21.100 |
| सूरज सोनी | XXXXXXXXXXX0350 | 65675 | 28-08-2024 | 17.000 | 16.300 |
| **शाखा : सतना मार्केट सतना (म.प्र.)** | | | | | |
| अतुल सोनी | XXXXXXXXXXX5307 | 250696 | 27-09-2024 | 75.100 | 65.000 |
| सत्येन्दु | XXXXXXXXXXX9878 | 196931 | 12-11-2024 | 47.250 | 46.200 |
| **शाखा : सिवनी (म.प्र.)** | | | | | |
| प्रदीप कुमार सनोदिया | XXXXXXXXXXX5690 | 499642 | 06-01-2025 | 119.300 | 116.800 |
| **शाखा : शहडोल (म.प्र.)** | | | | | |
| दीपक कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX2981 | 98568 | 20-07-2024 | 20.800 | 20.800 |
| दीपक कुमार सोनी | XXXXXXXXXXX7854 | 91894 | 20-07-2024 | 21.300 | 21.300 |
| इमरान खान | XXXXXXXXXXX0336 | 99827 | 04-11-2024 | 21.700 | 20.200 |
| **शाखा : शाहपुरा (म.प्र.)** | | | | | |
| सुभाष कुमार साहू | XXXXXXXXXXX0321 | 126245 | 06-01-2025 | 30.300 | 29.900 |
| **शाखा : सीधी (म.प्र.)** | | | | | |
| ममता विश्वकर्मा | XXXXXXXXXXX5200 | 47353 | 04-11-2024 | 12.600 | 11.700 |
| मांडवी | XXXXXXXXXXX8114 | 53100 | 27-09-2024 | 12.300 | 12.100 |
| राजेश सिंह गोंड | XXXXXXXXXXX5935 | 41822 | 07-09-2024 | 11.100 | 10.100 |
| सत्यवती पटेल | XXXXXXXXXXX8158 | 64613 | 04-11-2024 | 19.500 | 18.000 |
| शिवशंकर पांडे | XXXXXXXXXXX3356 | 156693 | 21-09-2024 | 39.900 | 39.000 |
| श्रीनिवास द्विवेदी | XXXXXXXXXXX1791 | 42222 | 27-09-2024 | 11.200 | 10.500 |
| सुनील कुमार कुशवाहा | XXXXXXXXXXX9643 | 49040 | 07-01-2025 | 15.800 | 13.000 |
| विवेक शुक्ला | XXXXXXXXXXX2128 | 38935 | 04-08-2024 | 10.500 | 9.500 |
| **शाखा : सिहोरा (म.प्र.)** | | | | | |
| अशोक कुमार यादव | XXXXXXXXXXX8400 | 72012 | 07-01-2025 | 19.100 | 18.500 |
| कन्छेदी लाल | XXXXXXXXXXX2407 | 47189 | 06-01-2025 | 12.600 | 11.400 |
| संदीप कुमार | XXXXXXXXXXX2185 | 48615 | 07-10-2024 | 13.300 | 12.300 |
| **शाखा : सिंगरौली (म.प्र.)** | | | | | |
| मोतीलाल कुमार | XXXXXXXXXXX9781 | 170281 | 09-01-2025 | 32.230 | 32.000 |
| सनप्रीत सिंह | XXXXXXXXXXX8783 | 30717 | 28-11-2024 | 9.760 | 8.000 |
| **शाखा : वैढ़न (म.प्र.)** | | | | | |
| दिलीप कुमार कनौजिया | XXXXXXXXXXX6595 | 261479 | 27-11-2024 | 82.110 | 77.300 |
| दिलीप कुमार कनौजिया | XXXXXXXXXXX8355 | 223531 | 27-11-2024 | 82.940 | 58.300 |
| हिमांशु कुमार पटेल | XXXXXXXXXXX3055 | 60529 | 07-09-2024 | 16.180 | 14.500 |
| इंशा फरहत | XXXXXXXXXXX9048 | 202775 | 27-11-2024 | 59.330 | 55.300 |
| लक्की फरहा | XXXXXXXXXXX9755 | 76355 | 07-09-2024 | 21.270 | 18.700 |
| पवन कुमार | XXXXXXXXXXX4116 | 36847 | 04-11-2024 | 11.280 | 9.800 |
| प्रशांत कुमार | XXXXXXXXXXX7997 | 51022 | 27-09-2024 | 14.720 | 13.000 |
| प्रवीण कुमार पटेल | XXXXXXXXXXX5277 | 207275 | 04-08-2024 | 48.350 | 46.000 |
| सीता साकेत | XXXXXXXXXXX7641 | 34746 | 27-09-2024 | 10.270 | 8.800 |
| सुनील कुमार जायसवाल | XXXXXXXXXXX1627 | 80220 | 27-09-2024 | 36.730 | 36.200 |
| सुनील कुमार जायसवाल | XXXXXXXXXXX5721 | 71154 | 27-09-2024 | 18.690 | 18.500 |
| विनीता देवी | XXXXXXXXXXX2968 | 47412 | 04-11-2024 | 13.790 | 12.200 |
| विनीता देवी | XXXXXXXXXXX1201 | 40194 | 28-11-2024 | 10.310 | 10.000 |
| **शाखा : वारासिवनी (म.प्र.)** | | | | | |
| लक्की चौहान | XXXXXXXXXXX4945 | 103125 | 27-09-2024 | 24.200 | 23.800 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता हटाने/नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार है। नीलामी ऑनलाइन माध्यम से वेबसाईट: **https://gold.samil.in** पर दोपहर 12:30 से 3:30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए दिये गई बेबसाईट : **https://gold.samil.in** पर लॉग इन करें।

**स्थान: मध्यप्रदेश** **प्राधिकृत अधिकारी– एक्सिस बैंक लिमिटेड**

## कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

क्रमांक/स्था/राज/25/1188 जबलपुर, दिनाक 7/02/2025

### विज्ञप्ति सूचना

मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श सेवा नियम 2018 के अनुसार स्वशासी समिति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल हेतु सामान्य कर्तव्य चिकित्सा अधिकारी/महिला चिकित्सा अधिकारी एवं आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति राज्य स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए सीधीभर्ती द्वारा किया जाना है। इस हेतु पात्रता धारी योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथी दिनांक 13/03/2025 सांय 05-30 बजे तक अधिष्ठाता कार्यालय चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर म.प्र. 482003।

न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताय एम. बी.बी.एस.

| S.No. | NAME OF SUBJECT | RESERVATION ROSTER | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | ST | SC | EWS | TOTAL |
| 1. | GENERAL DUTY MEDICAL OFFICER | - | - | 1+1 (F) | 02 | - | 04 |
| 2. | LADY MEDICAL OFFICER | - | 01 (F) | - | - | - | 01 |
| 3. | CASUALTY MEDICAL OFFICER | - | - | 01(B) | - | - | 01 |
| | TOTAL - | - | 01 | 03 | 02 | - | 06 |

नोट -उपरोक्त चिन्हित पर्दा में SC= अनसूचित जाति, ST= अनसूचित जनजाति, OBC= अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS= आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, B= बैकलॉग, F= महिला उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।

1. पदों की रिक्तयों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।
2. जिस अभ्यर्थी ने पूर्व में आकस्मिक चिकित्सा विभाग में चिकित्सा अधिकारी का कार्य किया है उसे प्राथमिकता दी जावेगी।
3. चयनित चिकित्सा अधिकारियों से आकस्मिक चिकित्सा विभाग एवं पोस्टमार्टम के कार्य के साथ समय-समय पर अधिष्ठाता द्वारा प्रदत्त कार्य (प्रशासकीय/अस्पताल से संबंधित) लिया जा सकेगा।
4. विज्ञापित पदों के आरक्षण एवं नियुक्ति संबंधी समीचिन नियमों एवं भविष्य में नियुक्तियों के संबंध में अन्यथा लिये गए शासकीय निर्णय के अधीन नियुक्ति/पदोन्नतिया रहेगी एवं अभ्यर्थी नियुक्ति निरस्त होने की दशा में नियुक्ति के संबंध में अधिकार के रूप में मांग नहीं कर सकेगें।
5. आवेदन का प्रारूप एवं नियम व शर्ते नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर के वेबसाईट www.nscbmc.ac.in पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकाम कॉलेज जबलपुर

जी- 22950/24

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर म.प्र.

क्रमांक / 64/2025

पुष्पराजगढ दिनांक 13.02.2025

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक तहसील पष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर द्वारा ग्राम अमरकंटक तथा तहसील पुष्पराजगढ़ की भूमि खसरा नंबर 210/2 रकवा 8.802 हे. का अंश भाग 0.809 हे. भूमि कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के पक्ष में आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः ग्राम अमरकंटक को उपरोक्त आराजी को कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के पक्ष में आवंटित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह आपत्ति / दावा दिनांक 17/03/2025 को या पूर्व में प्रस्तुत कर सकता है। म्याद समाप्त होने पर पड़ी दावा / आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि कोई अन्य पूर्व संस्था आवेदित भूमि का आवंटन चाहती है तो वह उदघोषणा में उल्लेखित अंतिम तिथि तक प्ररूप एक में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पुष्पराजगढ, जिला अनूपपुर, म.प्र.**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) दमोह संभाग दमोह

Email- eepwddamoh@mp.nic.in Phone 07812-221405

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना कमांक 09/2024-25/ दमोह दिनांकः 10.02.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2025_PWDRB_401477_1 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत (1) न्यू बस स्टेण्ड से तीन गुल्ली रोड कि.मी. 3.50 (2) दमोह शहरी क्षेत्र कि.मी. 6.00 में बी.टी. रिन्युवल का कार्य। | दमोह | 275.62 | 275620.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेबसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेगें। 2 निविदा प्रपत्र का मूल्य आन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3 निविदा प्रपत्र केवल आन-लाईन दिनांक 11.02.2025 समय 10:30 बजे से दिनांक 26.02.2025 समय 5:30 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स)
दमोह संभाग दमोह मो.नं. 9424462327

जी-22949/24

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सिविक सेन्टर शाखाः जे.डी.ए. बिल्डिंग, 10, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.) मोः 9109173115
Email: dbcjab@bankofbaroda.com

### सूचना

**(वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस (सरफेसी एक्ट)**

बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविक सेन्टर शाखा, जबलपुर के माध्यम से प्राप्त किये गये ऋण जो कि दिनांक 27/01/2025 को एन.पी.ए. हो चुका है व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्न वर्णित ऋणी को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांक 05/02/2025 को पंजीकृत डाक पावती सहित द्वारा आप सभी को भेजी गई थी। जो कि प्राप्तकर्ता द्वारा उक्त पता छोड़ देने के कारण वापस कर दी गई है। निम्न वर्णित मांग सूचना दिनांक में हमने इस आशय को स्पष्ट कर दिया है, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शाई राशि 60 दिनों के अंदर जमा नहीं कराई गई तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में दृष्टिबंधक प्रतिभूति एवं बंधक संपत्ति जो कि निम्नलिखित ऋणी/जमानतदार के नाम है, उसका आधिपत्य ले लिया जाएगा। बकाया राशि का उल्लेख निम्नानुसार है-

| ऋणी/जमानतदार का नाम व पता | (₹) मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1. **मेसर्स रजा ट्रेडर्स प्रोपराइटर मोहम्मद शमीम खान पिता मोहम्मद बशीर खान,** 432/ए, नर्मदा नगर, रद्दी चौकी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, जबलपुर (म.प्र.)- 482002<br>2. **मोहम्मद शमीम खान पिता मोहम्मद बशीर खान (ऋणी),** 432/ए, नर्मदा नगर, रद्दी चौकी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, जबलपुर (म.प्र.)- 482002<br>**जमानतदार- 3. श्रीमति संजीदा बेगम पत्नि मोहम्मद शमीम खान,** 432/ए, नर्मदा नगर, रद्दी चौकी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, जबलपुर (म.प्र.)- 482002 | **05/02/2025**<br>(₹)<br>**44,46,466.34**<br>+ ब्याज + अन्य खर्चे<br>**31/10/2024** | साम्य बंधक सम्पत्ति स्थित मौजा चांटी, एन.बी.- 304, प.ह.नं.- 17, रा.नि.मं.- महाराजपुर, खसरा नं. 123/2, महाराजपुर बायपास, जबलपुर, तहसील एवं जिला-जबलपुर (म.प्र.), एरिया- 0.885 हेक्टे. लगभग 94000 वर्गफुट। सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति संजीदा बेगम पत्नि मोहम्मद शमीम खान। चतुर्सीमा- उत्तर- खसरा नं. 120, दक्षिण- धोबी की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- पूना बाई की भूमि, इन्दर सिंह आदि। |

अतः आप सभी को सुझाव दिया जाता है कि उक्त मांग सूचना पत्र/लिफाफा जो कि आप को डाक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविक सेन्टर शाखा, जिला जबलपुर (म.प्र.) से भेजा गया था। (1) आप नोटिस की कॉपी बैंक से प्राप्त कर लें ताकि आपको सूचना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाये एवं (2) मांग सूचना में दर्शाई गई बकाया राशि ब्याज एवं खर्च आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत कार्यवाही से बच सकें।

**स्थानः जबलपुर, दिनांकः 13/02/2025** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

# देश-प्रदेश

उवाच

## चुनाव आयोग ने कई राज्यों में हेराफेरी की

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को राहुल गांधी और केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी सांसदों को सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में इलेक्शन अब फेयर और निष्पक्ष नहीं रह गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल ने 10 साल में बहुत काम किए हैं, जिन्हें जनता जानती है। भाजपा को चुनाव आयोग का आशीर्वाद था, इसी वजह से दिल्ली में जीती है। उसे चुनाव आयोग का आभार करना चाहिए। दिल्ली में काफी जगह वोट काटे गए थे, चुनाव आयोग ने लोगों से वोट डालने का अधिकार छीना है।



मुख्यमंत्री ने कला मनीषियों को प्रदान किए राज्य शिखर सम्मान, की घोषणा

# भारत भवन में पुनः प्रारंभ होगा रंगमण्डल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कलाएं स्वयं बोलती हैं। यह हमारे व्यवहार और भावनाओं से भी व्यक्त होती है। मध्यप्रदेश कला की धरती है। यहाँ से कई विश्व मान्य कला मनीषी हुए हैं। कलाओं और कलासाधकों से ही हमारी संस्कृति पोषित है, पल्लवित है। मध्यप्रदेश को विश्व में कला गौरव स्थल की पहचान दिलाने में भारत भवन की प्रमुख भूमिका है। हम सब भारत भवन के एक गौरवशाली अतीत के गवाह हैं। आज भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम बेहद गौरवान्वित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को भारत भवन के मुक्ताकाश मंच से राज्य शिखर सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को एक नई पहचान देते हुए वर्ष 2022 एवं 2023 के राज्य शिखर सम्मान प्रदान किए। इस अवसर पर 15 कला मनीषियों को उनके अतिविशिष्ट योगदान के लिए शॉल, श्रीफल, सम्मान पट्टिका एवं दो लाख रूपए की सम्मान राशि देकर अलंकृत किया गया। समारोह में संगीत, नृत्य, नाटक, जनजातीय एवं लोक कला, साहित्य तथा रंगकर्म के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों, साहित्यकारों एवं रंगकर्मियों को शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत भवन के 43वें स्थापना दिवस को खास बनाते हुए यहां रंगमण्डल को पुनः प्रारंभ करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगमण्डल की वापसी सिर्फ रंगमंच ही नहीं, बल्कि पूरे कला जगत के लिए एक नया आनंद लेकर आयेगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का सभी रंगमंच प्रेमियों और कलाकारों ने पुलकित होकर स्वागत किया क्योंकि रंगमण्डल की वापसी इनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं है। भारत भवन का रंगमण्डल वर्षों से प्रदेश के रंगकर्मियों और नाटक प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच था, अब फिर से जीवंत होने जा रहा है। इसकी वापसी से युवा रंगकर्मियों को नए अवसर मिलेंगे और थिएटर को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी। रंगमण्डल की पुनर्स्थापना से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और भी समृद्ध होगी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि भारत भवन हमारी कला आस्था का केन्द्र रहा है। इस भवन के जरिए कला और संस्कृति के पुनर्जागरण के साथ मध्यप्रदेश न केवल अपनी जड़ों को संजो रहा है, बल्कि भावी नई कला पीढ़ी को भी सशक्त बना रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित विभूतियों का अभिनंदन किया।

## इन कला मनीषियों को मिला शिखर सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न कला क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 कला मनीषियों को वर्ष 2022 एवं 2023 के राज्य शिखर सम्मान प्रदान किये। समारोह में डॉ. उर्मिला शिरीष (भोपाल) को हिन्दी साहित्य के लिए वर्ष 2022 का शिखर सम्मान दिया गया। महमूद अहमद सहर (उज्?जैन) को उर्दू साहित्य के लिए वर्ष 2023 का शिखर सम्मान दिया गया। डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी (इंदौर) को संस्कृत साहित्य के लिए वर्ष 2022 का और डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे (उज्जैन) को संस्कृत साहित्य के लिए ही वर्ष 2023 का शिखर सम्मान दिया गया। इसी क्रम में विदुषी कल्पना झोकरकर (इंदौर) को शास्त्रीय संगीत के लिए वर्ष 2022 का और विदुषी शाश्वती मण्डल (दिल्ली) को शास्त्रीय संगीत के लिए ही वर्ष 2023 का शिखर सम्मान दिया गया। सुश्री मोहिनी मोघे पूछवाले (जबलपुर) को शास्त्रीय नृत्य के लिए वर्ष 2022 का और विदुषी भारती होम्बल (भोपाल) को शास्त्रीय नृत्य के लिए ही वर्ष 2023 के शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। रूपंकर कलाएं श्रेणी में ईश्वरी रावल (इंदौर) को वर्ष 2022 का और इसी श्रेणी में हरि भटनागर (जबलपुर) को वर्ष 2023 का शिखर सम्मान दिया गया। श्रीराम जोग (इंदौर) को नाट्य कला के लिए वर्ष 2022 का और इसी कला संवर्ग में सतीश दवे (उज्जैन) को वर्ष 2023 का शिखर सम्मान दिया गया। जनजातीय एवं लोक कलाएं श्रेणी में श्री रामसिंह उर्वेती (पाटनगढ़) को वर्ष 2022 का एवं इसी श्रेणी में कैलाश सिसोदिया (धार) को वर्ष 2023 के राज्य शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। दुर्लभ वाद्य वादन श्रेणी में पंडित सुनील पावगी (ग्वालियर) को वर्ष 2023 के शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया।

# मां की आंखों में मिर्ची झोंक मासूम का मोटरसाइकिल सवारों ने किया अपहरण

**ग्वालियर, देशबन्धु।** मुंह पर कपड़ा बांधे आया युवक स्कूल जा रहे मां-बेटे के पीछे पैदल आया और अचानक मां की आंखों में मिर्ची झोक बच्चे को झपटकर सामने खड़ी मोटरसाइकिल पर छलांग लगाकर बैठ गया। जिसके बाद पहले से ही मोटरसाइकिल स्टार्ट किए खड़े बदमाश ने मोटरसाइकिल को रेस दे दी और महज कुछ सेकेंड के भीतर ही वह नजरों से ओझल हो गए। बच्चे को बचाने मां पीछे दौड़ी, लेकिन सड़क पर गिर पड़ी और उठकर शोर मचाने लगी। यह सनसनीखेज मामला ग्वालियर का है, जहां दिन दहाड़े एक 6 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। कुछ ही देर में इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो गया। जानकारी के



अनुसार आरती गुप्ता बेटे 6 साल के बेटे शिवाय को साथ लेकर स्कूल बस तक छोड़ने के लिए सुबह 8 बजे घर से निकली थीं। शिवाय लिटिल एंजेल स्कूल में यूकेजी का छात्र है। शिवाय के पिता राहुल गुप्ता शुगर कारोबारी हैं। शिवाय को मां आरती रोज गली के कॉर्नर पर बस तक छोड़ने जाती है। गुरुवार को वह 8.05 बजे घर से बेटे का हाथ पकड़कर गली के कॉर्नर के लिए निकली थी। आरती के एक हाथ में शिवाय का स्कूल बैग था, दूसरे हाथ से उसे पकड़े हुए थी। वह बमुश्किल 150 फीट की दूरी पर ही गई थी और बस पॉइंट चंद कदमों की दूरी पर था, उसी समय अचानक पीछे से किसी ने उनके चेहरे पर हाथ फेरा, उन्हें लगा कि कोई मजाक कर रहा है। जिस पर उन्होंने कहा कि वह कौन है, उसी समय पीछे से एक नकाबपोश ने उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर डाल दिया। इसके बाद बदमाश धक्का देकर उनके बेटे को छीन ले गया। जिससे आरती सड़क पर गिरकर घायल हो गई थीं। जब तक उठ पातीं बदमाश उनके बेटे को लेकर भाग चुके थे। आरोपियों ने जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया है, उससे स्पष्ट है कि अपहरणकर्ताओं ने रैकी के बाद वारदात को अंजाम दिया है।

## 2 लाख का इनाम घोषित, लक्ष्मणगढ़ के पास की घेराबंदी

मासूम का अपहरण करने वालों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 2 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया है। वहीं ग्वालियर पुलिस महानिदेशक अरविंद सक्सेना ने आरोपियों पर 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। घटना के बाद पुलिस ने जब अपहरणकर्ताओं की लोकेशन को ट्रेस किया, तो अंतिम लोकेशन लक्ष्मणगढ़ के पास मिली। जिसके बाद घेराबंदी की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

# अजय सिंह के खिलाफ चुनाव याचिकाएं खारिज

**भोपाल, देशबन्धु।** सर्वोच्च न्यायालय ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस विधायक अजय सिंह के पक्ष में फैसला देते हुए उनके खिलाफ दायर चुनाव याचिकायें खारिज कर दी हैं। जस्टिस सूर्यकांत तथा जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की खंडपीठ ने प्रकरण का गहन परीक्षण करने बाद मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्णय को यथावत रखते हुए लिखा है कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता है इसलिए चुनाव याचिकायें खारिज की जाती है। इसके साथ ही इस संबंध में यदि अन्य कोई आवेदन लम्बित हैं तो वे भी इस निर्णय के अनुरूप खारिज माने जायेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व में अजयसिंह के खिलाफ दायर चुनाव याचिकायें खारिज कर दी थीं। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ रामगरीब तथा अन्य ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार शरदेन्दु तिवारी ने कांग्रेस उम्मीदवार अजयसिंह द्वारा दिए गये शपथ पत्र में आपत्ति दर्ज की थी जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त कर दिया था। उन्होंने अजयसिंह के शपथ पत्र को वैध करार दिया था। बाद में कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह ने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। इसके बाद शपथ पत्र संबंधी आपत्तियों तथा अन्य बिन्दुओं को लेकर रामगरीब और राकेश कुमार पांडे द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई थीं। उच्च न्यायालय ने दोनों याचिकाओं को ख़ारिज करते हुए कहा था कि याचिका में उठाए गए आधार, कानून के तय प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं।



# 31 तहसीलदार और नायब हसीलदारों के तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व विभाग ने 31 तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और प्रभारी नायब तहसीलदार के ट्रांसफर किए हैं। प्रशासकीय और स्वयं के व्यय पर इन तहसीलदारों और प्रभारी तहसीलदारों के ट्रांसफर किए गए हैं। सूची में प्रदीप तिवारी बैतूल से जबलपुर, लीना जैन रतलाम से निवाड़ी, सुनील शर्मा सागर से रायसेन, अंबर पंथी रायसेन से सागर, राकेश खजूरिया नर्मदापुरम से शाजापुर, नवीन भारद्वाज श्योपुर से मुरैना तथा कुलदीप कुमार दुबे श्योपुर से मुरैना स्थानांतरित किए गए हैं।

जबतिक लक्ष्मण प्रसाद पटेल को शहडोल से रीवा, रामकिशोर झरबड़े को हरदा से नर्मदापुरम, मनीष पांडे को बड़वानी से उज्जैन, विजय तलवारे को देवास से धार, दिनेश कुमार सोनी को उज्जैन से बड़वानी, आलोक श्रीवास्तव को शाजापुर से अशोकनगर, कैलाश कुर्मी को पन्ना से सागर, रमेश कोल को सिंगरौली से छतरपुर, अलका एक्का को नर्मदापुरम से बैतूल तथा दीपक कुमार शुक्ला का ट्रांसफर अशोकनगर से भिंड किया गया है।

वहीं नायब तहसीलदार और प्रभारी नायब तहसीलदारों की सूची में विजय कुमार चौधरी को सागर से छतरपुर, प्रतीक रजक को छतरपुर से सागर, पूजा भोरहरी को छतरपुर से जबलपुर, कैलाशचंद्र मालवीय को शिवपुरी से अशोकनगर, बृजेश कुमार शर्मा को शिवपुरी से ग्वालियर, संतोष धाकड़ को शिवपुरी से भिंड, प्रदीप कुमार केन को भिंड से शाजापुर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह नायब तहसीलदार और प्रभारी नायब तहसीलदारों में संगम पटले को सागर से मंडला, नागेश पंवार को शाजापुर से विदिशा, नीतू बागरी को हरदा से जबलपुर, सौरभ मरावी को मऊगंज से सिवनी, निधि तिवारी को छिंदवाड़ा से भोपाल, शशांक जैन को भिंड से छतरपुर, सतेंद्र तिवारी को विदिशा से राजगढ़ भेजा गया है।

लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# निर्देश- भिक्षावृत्ति रोकें, महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की कोशिश करें

**लखनऊ, देशबन्धु।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगराम, फैजुल्लागंज व बसंत कुंज बस्ती में कराए गए कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार कार्यालय में आहूत की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, (सचिव) लखनऊ विकास प्राधिकरण विवेक श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मंडलायुक्त को संबधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों व बच्चों के अच्छे जीवन यापन के लिये मूलभूत प्रपत्रों तथा जन्म प्रमाण पत्र, आधार प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, आय प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक खाता आदि अभिलेख प्राथमिकता के आधार पर लगभग तैयार करा लिया गया है। मण्डलायुक्त द्वारा कहा गया कि स्कूल जाने वाले बच्चों से बातचीत करके उनका स्कूल में पंजीकरण कराने हेतु बच्चों के साथ ही माता-पिता को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों का विद्यालय में अनिवार्य रूप से दाखिला कराया जाए। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों से संवाद करते हुए उनको जागरूक करे। भिक्षावृत्ति न करने तथा विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कराकर, स्वावलंबी बनाने का संदेश दिया जाए।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा बाल सेवा योजना के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा, ड्रेस, जूते मोजे और मध्यान भोजन उपलब्ध कराये जाते है। बच्चों की शिक्षा, स्वरोजगार, बच्चों के टीकाकरण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बस्ती में जितने भी बच्चे हैं उन सभी का टीकाकरण कराते रहे। एनआरएलएम की टीम के द्वारा महिलाओं को स्वय सहायता समूह से जोड़ते हुए उन्हें स्वालंबी बनाया जाये। पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय आदि विभिन्न योजनाओं से भिक्षावृत्ति में सम्मिलित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने जोर देते हुए कहा कि कौशल विकास मिशन के तहत भिक्षावृत्ति में सम्मिलित परिवारों को प्रशिक्षित करते हुए रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इनको मुद्रा लोन दिलाते हुए, स्वरोजगार से भी जोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाए। चाईल्ड स्पांसर शिप योजना से जोड़ा जाये, जिससे उनके जीवन मे वास्तविक रूप से सुधार लाया जा सके।

## 21 पुलिस उप निरीक्षकों को साइबर सेल भेजा

**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल ने जारी तबादला सूची में 17 उप निरीक्षकों और 4 सहायक उप निरीक्षकों के नाम शामिल हैं। इन्हें राज्य साइबर सेल पुलिस मुख्यालय भेजा है। इनमें रविन्द्र सिंह भोपाल, रामनरेश तिवारी रीवा, देवेन्द्र झारिया सागर, नीतेश कुमार बिशोरिया भोपाल, अनुराग यादव रायसेन, जितेन्द्र सोलंकी नीमच, इतेन्द्र सिंह चौहान खण्डवा, शुभम दांगी रायसेन, अपर्णा भट्ट सीहोर, राहुल सिंह दांगी रायसेन, सुमित कुमार मिश्रा मण्डला, रजत लवानिया इंदौर, विजय मौर्य भोपाल, पुष्पेंद्र सिंह भोपाल, अरूण कुमार वर्मा छिंदवाड़ा, दीपेन्द्र सिंह राठौर मुरैना, हरिओम शुक्ला मण्डला, सुरेश मालवीय भोपाल, रामप्रकाश बाजपेयी उज्जैन और प्रवीण कुमार देवास शामिल हैं।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 13/02/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. श्री पीयूष जैन पिता स्व. श्री प्रकाश चन्द जैन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं.-144/1 एवं 145 नया ख.नं. 144/6 पाठक पेट्रोल पम्प के बाजू से बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000165240 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1200 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज अनिल कुमार रजक पिता स्व. श्री श्याम लाल रजक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3020
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 13/02/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शीला सिल्वेस्टर पुत्री स्व. श्री सिल्वेस्टर सेटे ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1605/28 आसित अपार्टमेन्ट सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44501654, 1000400212 पर प्रथम तल -450 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज सिल्वेस्टर सेटे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3015
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रांसपोर्ट नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित कामर्शियल भूखण्ड क्रमांक जी.-59 श्री सकील अली पिता/पति स्व. श्री इलीयास अली के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.05.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त कामर्शियल भूखण्ड क्रमांक जी.-59 श्री सकील अली पिता/पति स्व. श्री इलीयास अली ने विक्रय विलेख दिनांक 19.03.2015 के माध्यम से श्री मनोज यादव पिता/पति श्री श्याम नारायण यादव को विक्रय किया है। श्री मनोज यादव पिता/पति श्री श्याम नारायण यादव द्वारा उक्त कामर्शियल भूखण्ड क्रमांक जी.-59 उनके नाम लीज हस्तांतरण/ नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नही होगा।
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर
र.नं. 3023

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
प्रकरण क्रमांक/1395/अ-6/24-25
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती प्रतिमा चौकसे पति स्व. सुरेश कुमार चौकसे बगैरह निवासी डी 701 पुष्पा नगर मेन रोड हुजूर भोपाल म.प्र. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक फौती हेतु के माध्यम से मौजा लमती नं.बं. ... प.ह.नं. ... ख.नं. 11/3 विक्रेता रकवा-960 वर्गफुट से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत फौती दर्ज कर नामांतरण एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न करआवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण/बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक .... तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13/02/2025 को जारी।
जारी दिनांक- 13/02/2025
पेशी दिनांक- 28/02/2025
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर
र.नं. 3024

**नाम परिवर्तन**
मैं नेतलाल सिंह पिता स्वर्गीय श्री राम बचन सिंह निवासी मकान नंबर 4723/बी1 जवाहर नगर पचमठा मंदिर के पास दीवान आधार सिंह, वार्ड आधारताल जिला जबलपुर, मैं इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) एक्स पेटी ऑफिसर सर्विस नंबर 1417782 सेवानिवृत्त दिनांक 30-06-1993 से सेवानिवृत्त हूँ मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम राम शीला देवी (RAM SHILA DEVI) एवं जन्म दिनांक 14-02-1966 दर्ज है। जो कि भूल से गलत दर्ज हो गयी है। मेरी पत्नी का सही नाम राम शीला सिंह (RAM SHILA SINGH) एवं मेरी पत्नी की सही जन्म दिनांक 25-08-1969 है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं उनके सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः गजट प्रकाशन के उपरान्त मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम राम शीला सिंह (RAM SHILA SINGH) व जन्म तिथि दर्ज की जावें।
गलत नाम - राम शीला देवी
सही नाम - राम शीला सिंह
र.नं. 3022

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/261 दिनांक 13.02.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोनीषा गुप्ता पिता श्री विश्वेन्द्रनाथ गुप्ता ने मकान नं. 2665/7 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल द्वितीय तल 800 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
कृति
राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/260 दिनांक 13.02.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. संतोष वर्मा पिता स्व. श्री आर.एस. वर्मा 2. श्रीमती प्रीति वर्मा पति श्री संतोष वर्मा ने मकान नं. 303/सिक्स फ्लोर-602 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती छठवां तल 1045 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3020
राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/109 दिनांक 13/02/25
**भवन नामांतरण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जगदीश सिंह ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर पिता स्व. हुकुम सिंह ठाकुर ने भवन क्रं. 742/1 वार्ड कस्तूरबा गांधी भूतल 540 आ. प्रथम तल 456 आ. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 742/1 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी गोपी बाई ठाकुर पति स्व. श्री हुकुम सिंह ठाकुर भवन क्रं. 742/1 पिन नं. 41000132, 1000608463 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3020
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5, नगर निगम जबलपुर

(विक्रय-पत्र)
**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./2374/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 13/02/2025
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कलावती तिवारी पिता/पति बाबू हनुमानचरण तिवारी निवासी आमनपुर मदन महल जबलपुर के द्वारा मौजा आमनपुर ब्लॉक नं. .... प्लॉट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 71, 72 में से रकवा 3000 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता बाबू जैन मुंशी बहादुर बाबू कायस्थ सा. गंजीपुरा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक ... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-13/02/2025
पेशी दिनांक-28/02/2025
तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 3021

**नाम परिवर्तन की सूचना**
मैं KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH RAJESH S/O RAMAPURATH SHANKAR यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर F 2329220 जारी दिनांक 16/03/2025 वैद्यता दिनांक 15/03/2015 में मेरा नाम RAJESH KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH लिखा हुआ है, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH RAJESH रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है।
अतः मेरे नाम को KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH RAJESH ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।
पूर्व नाम - RAJESH KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH
वर्तमान नाम - KUPPADAKAN THEKKE NAMBIATH RAJESH
पता- H.No. 17, AKANSHA RESIDENCY, SHIVER GORDEN, TILHARI, BILHARI, JABALPUR(M.P.) -482020
र.नं. 3019

**नाम परिवर्तन की सूचना**
मैं PARAMJEET KAUR CHEEMA W/O INDERJEET SINGH CHEEMA यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर T2950744 जारी दिनांक 08/03/2019 वैद्यता दिनांक 07/03/2029 में मेरा नाम PARAMJEET KAUR CHIMA लिखा हुआ है, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम PARAMJEET KAUR CHEEMA W/O INDERJEET SINGH CHEEMA रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मेरे पति के पासपोर्ट आदि में लिखा हुआ है।
अतः मेरे नाम को PARAMJEET KAUR CHEEMA W/O INDERJEET SINGH CHEEMA ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।
पूर्व नाम - PARAMJEET KAUR CHIMA W/O INDRAJEET SINGH CHIMA
वर्तमान नाम - PARAMJEET KAUR CHEEMA W/O INDERJEET SINGH CHEEMA
पता- FLAT NO. B/6, 1ST FLOOR TIRUPATI COMPLEX, BESIDE SHARDA TALKIAS, GORAKHPUR, JABALPUR (M.P)-482001
र.नं. 3019

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1804/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 7/2/25
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सतीश तिवारी एवं अन्य पिता स्व. श्री कृष्ण तिवारी निवासी 997 रानीताल गौशाला के सामने के द्वारा मौजा सुभाष नगर ब्लाक नं. ..... प्लाट नंबर 71 स्थित भूमि खसरा नंबर 136/4 में से रकवा 1240 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता श्रीमती लक्ष्मीबाई जोजे पति भगवानदास पचौरी निवासी 787 राईट टाऊन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31/12/1969 से क्रय किया जाना लेख किया है।
तत्संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 07/02/2025
पेशी दिनांक- 24/02/2025
अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 3007

**न्यायालय तहसीलदार जबलपुर जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1939/अ-6/2024-2025
**इश्तहार**
एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अरूणा देवी विश्वकर्मा पति स्व. उदयचंद विश्वकर्मा निवासी- म.नं. 649 बेलबाग मेन रोड जबलपुर द्वारा ग्राम चरगवां प.ह.नं. 27 रा.नि.म. जबलपुर-2 तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 84/2 में से रकवा 1225 व.फु भूमि में दर्ज सहखातेदार नितिन कुमार विश्वकर्मा पिता उदयचंद विश्वकर्मा दिनांक 12/06/2024 को अविवाहित फौत हो जाने पर उनके विधिक वारसानों में मां श्रीमती अरूणा देवी विश्वकर्मा पति स्व. उदयचंद विश्वकर्मा भाई धीरज विश्वकर्मा एवं बहन मनीषा विश्वकर्मा दोनों के पिता स्व. उदयचंद विश्वकर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
जारी दिनांक- 13/02/2025
पेशी दिनांक- 27/02/2025
तहसीलदार जबलपुर
र.नं. 3018

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/ /अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 13/2/25
**इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तरा दुबे पति अरूण दुबे निवासी उखरी रोड साकेत नगर, जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर ब्लाक नं. .... प्लाट नंबर 123/1 स्थित भूमि खसरा नं. ... में से रकवा 4290 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में प्रीतम लाल पिता कन्हैयालाल अवस्थी के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक ............ तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 13/02/2025
पेशी दिनांक- 28/02/2025
तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 3017

फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1586/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार/ स्व. मुन्नालाल निवासी-30 शीला टाकीज के पास सदर केन्ट ने नजूल ब्लाक नं. 134 प्लाट नं. 26/12 निर्मित रकवा 1636 व.फु./ अवि. हिस्सा ..../ ग्राम घमापुर प.ह.नं. ..... खसरा नं...... रकवा 1636 व.फु. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ...... मृत्यु दिनांक ... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 134 प्लाट नं. 26/12 निर्मित रकवा/रकवा 1636 व.फु./ अवि. हिस्सा ... /ग्राम घमापुर प.ह.नं. ... खसरा नं. ...... रकवा 1636 व.फु./ हे. श्यामबाई पति काशी प्रसाद के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 14/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 09/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 09/01/2025
पेशी दिनांक 14/02/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं.- 3006

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## कांग्रेस: बदलाव नहीं कायाकल्प ज़रूरी

यह चर्चा जोरों पर है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व बड़े सांगठनिक बदलाव की तैयारी कर रहा है। इस परिवर्तन में किन्हें अहम जिम्मेदारियां मिलेंगी और किन-किन की छुट्टी होगी, इसका खुलासा कहते हैं कि अगले कुछ दिनों में हो सकता है, पर सर्जरी जैसी कार्रवाई एक तरह से न केवल अपेक्षित है बल्कि ज़रूरी भी है। हाल के वर्षों में कांग्रेस ने जो नया रूप अख्तियार किया है वह गिनती के कुछ नेताओं के बल पर ही है। पार्टी का एक बड़ा हिस्सा अब भी अपना पर्याप्त योगदान नहीं दे पा रहा है। संगठन के वृहत्तर धड़े को सक्रिय किये बिना बड़े नतीजों की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। बताया जाता है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, और राहुल गांधी देश भर की इकाइयों समेत बड़े परिवर्तनों को अंतिम रूप दे रहे हैं। उम्मीद यही की जाये कि कांग्रेस का नया स्वरूप हालिया चुनौतियों का मुकाबला करने के लायक हो। ताश के पत्तों की तरह फेंटकर कुछ लोगों को इधर से उधर कर देना पर्याप्त नहीं होगा। मौजूदा हालात में संगठन का कायाकल्प अपरिहार्य है।

पूरी कांग्रेस राहुल गांधी, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खरगे पर टिकी हुई है। प्रदेशों के जो बड़े नेता हैं उन्हें भी अपने चमत्कार को बनाये रखने के लिये इन्हीं तीन नेताओं का सहारा लेना पड़ता है। कुछेक को छोड़कर उनके अभाव में ज्यादातर क्षेत्रीय नेता न अपनी चमक बिखेर पाते हैं और न ही चुनाव में अपने दम पर कुछ हासिल कर सकते हैं। पूछा जा सकता है कि उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी भी तो गिनती के दो लोगों पर टिकी हुई है तो यह समझ लेना ज़रूरी है कि उसके पास केन्द्र की सत्ता है और कई प्रदेशों में उसका शासन है। फिर उसके पास कुटिल चालें भी हैं। उसे ऐसे कई अतिरिक्त लाभ है। कांग्रेस में हमेशा से ही विकेन्द्रीकृत नेतृत्व प्रणाली अपनाई जाती रही है। जवाहर लाल नेहरू तथा इंदिरा गांधी जैसे शक्तिशाली नेताओं के रहते भी नेतृत्व की दूसरी व तीसरी तथा उसके बाद तक की ताकतवर और सक्रिय नेताओं की पंक्ति थी। सम्भवत: राजीव गांधी के चेहरे पर कांग्रेस को जो बहुमत मिला था, उसके बाद निचले क्रम के नेताओं को एक नाम व चेहरे पर टिक जाने की आदत हो गयी।

कांग्रेस को मिली लगातार चुनावी असफलताओं ने भी संगठन को कमजोर किया है। इसे मान लेने में कोई बुराई नहीं है। भाजपा द्वारा जिस तरह से कांग्रेस और वह भी खासकर नेहरू-गांधी परिवार पर आक्रमण किये गये, उसने भी संगठन के उन लोगों को भ्रम में डाला व हतोत्साहित किया क्योंकि उनके लिये मानों यह परिवार ही प्राण वायु है जिसके बल पर उनकी अपनी सियासत चलती थी। परिवार के भीतर पार्टी की कमान को बार-बार बदलने से भी संगठन निष्क्रिय होता चला गया था। भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर कांग्रेस के लोगों को तोड़ने का विपरीत असर तो होना ही था और वह हुआ। आज अपेक्षाकृत कमजोर दिखने वाली कांग्रेस इन्हीं तमाम बातों का परिणाम है।

'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे पर सवार होकर 2014 में केन्द्र की सत्ता पर काबिज हुए नरेन्द्र मोदी 2019 का लोकसभा चुनाव और बड़े शक्तिशाली ढंग से जीतकर आये। इन दो पराजयों से पूरी तरह से निढाल हो चुकी कांग्रेस के बारे में यही सोचा जा रहा था कि उसे नेस्तनाबूद करने के भाजपा के मंसूबे जल्दी पूरे हो जायेंगे- शायद 2024 के ही चुनाव में। इसके विपरीत तकरीबन दो वर्ष कांग्रेस ने अपनी खोई शक्ति को बटोरकर संगठन व विमर्श के स्तरों पर लोगों को एक तरह से आश्चर्यचकित करना प्रारम्भ किया। 15 मई, 2022 को राजस्थान के उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में संगठनात्मक फेरबदल की ज़रूरत तो महसूस की गयी पर शीर्ष नेतृत्व में कतिपय बदलावों के अतिरिक्त इस दिशा में बहुत काम न हो सका। जो हुआ वह तात्कालिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिये- बेतरतीब सा। जैसे सुनियोजित बदलाव होने चाहिये वैसे नहीं। पार्टी तय नहीं कर पाती थी कि बदलाव तत्काल प्रभाव से लिये जायें या क्रमिक। सम्भवत: असंतोष फूटने के डर से एकाएक बदलाव से कांग्रेस परहेज करती रही है।

चिंतन शिविर के निर्णय के अनुरूप राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली जिसे जबर्दस्त सफलता मिली। इससे संगठन में सक्रियता बढ़ी, आत्मविश्वास लौटा। इस क्रम में आयोजित की गयी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को व्यापक विमर्श से जोड़ा गया। पहली यात्रा नफरत के खिलाफ थी तो दूसरी ने राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय की बात कही। भाजपा द्वारा संविधान पर होते हमलों की बात भी सामने आई तथा किस तरह से वह इसे बदलने की तैयारी में है- यह भी कांग्रेस ने लोगों को समझाया। लोकतंत्र का महत्व, आरक्षण की ज़रूरत तथा जातिगत जनगणना के जरिये लोगों की न्याय तक पहुंच का गणित भी सामान्यजनों को समझ में आने लगा जिसके कारण मोदी का सिंहासन डगमगाया। मौजूदा लोकसभा में भाजपा की सदस्य संख्या ऐसी घटी कि उसे दो दलों (तेलुगु देसम पार्टी व जनता दल यूनाइटेड) के सहारे सरकार बनानी पड़ी।

सियासी घटनाक्रम ने कांग्रेस के नेतृत्व में एक मजबूत प्रतिपक्षी गठबन्धन (इंडिया) बनाया जो कई तरह के उतार-चढ़ाव देख रहा है। अब ऐसी कांग्रेस चाहिये जो सम्पूर्ण विपक्ष की सबसे बड़ी आवाज बने। अगर उसे एकला चलना पड़े तो भी वह ताकतवर तरीके से भाजपा का मुकाबला करे। नयी कांग्रेस में दलितों, पिछड़ों, महिलाओं, युवाओं एवं अल्पसंख्यकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलें जिसकी बात कांग्रेस करती रही है। सक्रियता में युवाओं को लजाते खरगे के नेतृत्व में जो संगठन बने वह ऊर्जावान, भयरहित तथा सक्रिय हो।

# बिहार से पहले बंगाल की चर्चा क्यों?

दिल्ली चुनाव के नतीजों पर टीवी कवरेज के दौरान जब भाजपा की जीत पक्की लगने लगी तो साथ बैठे एक पत्रकार ने, जिनका रुझान साफ भाजपा की तरफ रहता है, कहा कि अब दिल्ली का तो फैसला हो गया, अब अगली लड़ाई बंगाल की है। तब लगा कि शायद वे इसके बाद होने वाले बिहार चुनाव को भूल रहे हैं, सो टोक दिया। लेकिन अगले दिन जब कैरियर और कमाई के लिए सारे धरम और विचार बेच चुके अपने पुराने सहयोगी दिलीप मण्डल जी का सोशल मीडिया संदेश देखा तो लगा कि मैं ही चूक कर रहा था। संघ परिवार और भाजपा की नजर दिल्ली के बाद बंगाल पर ही है और जिस तरह आप और अरविन्द केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए 'सिरदर्द' बने हुए थे उसी तरह ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस भी एक चुनौती बनी हुई है- संभवत: केजरीवाल से भी बड़ी। ममता का राज तो 2011 से चल रहा है लेकिन भाजपा ने जितनी तैयारी से 2021 और 2016 का चुनाव लड़ा उससे बंगाल जीतने की उसकी गहरी इच्छा का पता चलता है। अब यह हो रहा है कि तृणमूल के वोट कम हों न हों भाजपा का वोट प्रतिशत और जीत कम होती जा रही है। ऐसा लोक सभा चुनाव में भी हुआ है और विधान सभा चुनाओं में भी।

भाजपा भी यह हिसाब लगा ही रही होगी कि इस बार उसे क्या करना है और कैसे अपने आखिरी मजबूत विपक्षी गढ़ को फतह करना है लेकिन उससे पहले ममता की यह घोषणा आ चुकी है कि अगला चुनाव तृणमूल अकेले लड़ेगी और कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। उलटे उन्होंने दिल्ली में आप की पराजय के लिए कांग्रेस के सिर भी गठबंधन नहीं करके भाजपा को मदद करने का तोहमत मढ़ दिया। इंडिया गठबंधन को बनाने और उसकी परवाह न करने में ममता अगुआ हैं। अरविन्द केजरीवाल बनाने से दूर रहे लेकिन लाभ घाटे के आधार पर उसका उपयोग करते और दूरी बनाते रहे। ममता ने अगर कांग्रेस से गठबंधन को लेकर इतना साफ बयान दे दिया है तो वाम दलों से गठजोड़ का सवाल ही नहीं उठता। और अगर कांग्रेस और वामदल साथ आकर ममता बनर्जी के पंद्रह साल के शासन से पैदा एंटी इंकम्बेन्सी का लाभ लेकर अपना प्रदर्शन जरा भी सुधार लें तो फिर तृणमूल की जीत मुश्किल हो जाएगी। आखिर दिल्ली में कांग्रेस के मतों में दो फीसदी का इजाफा और आप तथा कांग्रेस का साथ न लड़ना ही भाजपा की जीत में सबसे बड़ा कारण बना। भाजपा इस संभावना से खुश होगी।



अरविन्द मोहन

> भाजपा भी यह हिसाब लगा ही रही होगी कि इस बार उसे क्या करना है और कैसे अपने आखिरी मजबूत विपक्षी गढ़ को फतह करना है लेकिन उससे पहले ममता की यह घोषणा आ चुकी है कि अगला चुनाव तृणमूल अकेले लड़ेगी और कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। उलटे उन्होंने दिल्ली में आप की पराजय के लिए कांग्रेस के सिर भी गठबंधन नहीं करके भाजपा को मदद करने का तोहमत मढ़ दिया। इंडिया गठबंधन को बनाने और उसकी परवाह न करने में ममता अगुआ हैं।

तय मानिए कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली भाजपा की बंगाल विजय की रणनीति में अकेले यही दांव नहीं होगा। और यह भी मत मानिए कि एक बार बंगाली मुसलमानों को पटाने तो दुबारा मटुआ समुदाय को ज्यादा जोर-शोर से अपनाने (तथा घुसपैठी बांग्लादेशी हिंदुओं को नागरिकता दिलाने का कानून लाने) जैसे कदमों की असफलता के बाद भाजपा के तरकश के तीर समाप्त हो गए होंगे। पिछले दिनों एक डाक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले पर उसने पश्चिम बंगाल के साथ देशव्यापी स्तर पर जिस तरह ममता सरकार की घेराबंदी की थी उसमें यह लगने लगा था कि अगर राज्य सरकार बर्खास्त भी हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात न होगी। खैर इस प्रकरण में राज्य सरकार बच निकली और हत्यारे के साथ ममता या तृणमूल का कोई न्यस्त स्वार्थ साबित नहीं हुआ। उलटे ममता बनर्जी भी इस कांड के दोषियों को सजा दिलाने में तत्पर लगीं और एक सीमा के बाद हड़ताली डाक्टरों का विरोध राजनैतिक लगने लगा। देश भर से दबाव बनाने की भाजपाई रणनीति अभी भी बनी हुई है और केजरीवाल की तरह ममता को भी बंगाल के विकास का दोषी, परिवारवादी और भ्रष्टाचारियों का संरक्षक बताने की मुहिम जारी है।

ममता की लड़ने-भिड़ने की ताकत भी कम नहीं है पर उनकी ईमानदारी और सादगी ऐसे गुण हैं जिन पर बंगाल ही नहीं, देश का काफी बड़ा वर्ग फिदा है। ममता और नीतीश जैसे नेता आज की राजनीति में कम हैं और अगर भाजपाई जमात बिहार की जगह बंगाल के चुनाव की चर्चा शुरू करने लगा है तो उसकी वजह उसकी अपनी ताकत से ज्यादा नीतीश कुमार का साथ ही है। वैसे भाजपा के अंदर एक समूह नीतीश को 'निपटाने' की रणनीति वाला है क्योंकि उनके रहते भाजपा के लिए बिहार में जीत हासिल करना कठिन होगा। ममता बनर्जी आज इस बात का भी काफी प्रचार कर रही हैं कि उनके शासनकाल में बंगाल में साढ़े चार लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आये है। पर बंगाल पुराने दिनों की तरह देश की आर्थिक राजधानी बनने से तो कोसों दूर हों चुका है। इतने लंबे शासन से उम्मीदें न पूरी होने की नाराजगी भी बढ़ती ही गई है जिसे मैनेज करना भी एक चुनौती होगी। ममता के लिए एक चुनौती अपनी जिद पर अकेले राजनीति करने की भी है। वे देश स्तर पर तो मोदी विरोधियों की एकजुटता चाहती हैं लेकिन बंगाल को अपने लिए रखना चाहती हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने इधर काफी कुछ कहा है। और इस बीच बचाव करने वाले प्रणव मुखर्जी भी नहीं हैं। जो धमक अभी से सुनाई दे रही है उससे साफ लगता है कि बंगाल का घमासान दिलचस्प होगा। जाहिर तौर पर इस पर उससे पहले हुए बिहार चुनाव का प्रभाव भी रहेगा और तब तक और घटनाक्रम भी अपना स्वतंत्र रुख भी रखेंगे। लेकिन भाजपा किस तरह की तैयारी करती है इसे नहीं भूलना चाहिए।

ओडिशा में जब उसने पाइका विद्रोह का मसला उठाकर खंडायतों को साथ करने की रणनीति अपनाई तब बहुतों को लगता था कि यह व्यर्थ की कवायद है क्योंकि खुद खंडायत भी गोलबंद नहीं है। वे एक साथ क्षत्रिय से लेकर शूद्र होने के दावे करते हैं। पर बंगाल में मटुआ अर्थात नामशूद्रों का मसला ज्यादा लाभ नहीं पहुंचा सका। इसकी एक वजह तो उनका भारत और बंगाल में कम होना है। फिर सामने ममता बनर्जी थीं जिन्होंने भाजपा का रुख भांपते ही अपनी सरकार और पार्टी में मटुआ लोगों की कदर बढ़ा दी। फिर बंगाल की मुसलमान आबादी का ऊंचा अनुपात भी भाजपा ओवैसी या फुरफुरा साहिब के कुछ धर्मगुरुओं के सहारे पार करने लायक नहीं है। बंगाल का पढ़ा-लिखा समाज भाजपाई राजनैतिक हथकंडों से खुश नहीं रहता और बंगाल में जातिगत गोलबंदियां बहुत कम हैं। लड़ाई लगभग सीधी होने से भाजपा को आसानी हो गई है और इसमें अगर दिल्ली की तरह कांग्रेस और वाम दल कुछ ज्यादा वोट पाते हैं तो भाजपा की गोटी लाल हों सकती है।

# भारत को विकसित हो रही एआई विश्व व्यवस्था में प्रमुखता से शामिल होना होगा

■ के रवींद्रन

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा आकार दिये जा रहे विकासशील विश्व व्यवस्था में वैश्विक दक्षिण पर अधिक जोर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान एक रणनीतिक प्रस्ताव है। 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी शक्ति बनने के साथ, यह जरूरी है कि विकासशील देश, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण में, इसके प्रक्षेपवक्र को परिभाषित करने में भूमिका निभायें। पेरिस संस्करण के बाद अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की भारत की पेशकश, जिसकी सह-अध्यक्षता मोदी ने की, इस परिवर्तनकारी स्थान में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है।

हालांकि, यह इरादा नेक है, चीन की हालिया प्रगति, विशेष रूप से डीपसीक के उद्भव के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिदृश्य में पहले से ही एक बड़ा बदलाव आया है, जो एआई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डीपसीक से पहले और बाद के चरण एक नई वास्तविकता को दर्शाते हैं जिसमें एआई में लंबे समय से चले आ रहे अमेरिकी प्रभुत्व को गंभीर व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। डीपसीक द्वारा उत्प्रेरित एआई में चीन का उत्थान, अमेरिकी एआई साम्राज्यवाद के लिए एक बुनियादी चुनौती का प्रतिनिधित्व करता है।

> एआई का भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, और भारत एक चौराहे पर खड़ा है। जबकि पश्चिमी तकनीकी दिग्गजों के साथ इसके रणनीतिक गठबंधन सहयोग के लिए अवसर प्रदान करते हैं, इसकी दीर्घकालिक एआई रणनीति को एआई विकास में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

यह बदलाव अकेले नहीं हुआ है, बल्कि, यह रणनीतिक और नीति-संचालित विकास की एक श्रृंखला की परिणति है, जिनमें से कई का पता संयुक्त राज्य अमेरिका के तकनीकी वर्चस्व के अपने दृष्टिकोण से लगाया जा सकता है। सेमीकंडक्टर तकनीक और एआई चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध सहित वाशिंगटन की प्रतिबंधात्मक नीतियों ने अनजाने में स्वदेशी विकल्प विकसित करने के चीन के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा दिया है, जिससे डीपसीक जैसी सफलताएं मिली हैं। यह बदलाव केवल एआई मॉडल या एल्गोरिदम के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में भी है जिसमें सेमीकंडक्टर विनिर्माण, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और क्वांटम कंप्यूटिंग शामिल हैं। इस सभी क्षेत्रों में चीन तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

भारत के लिए चुनौती दोहरी है। सबसे पहले, उसे अपने और एआई महाशक्तियों, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ती खाई को पाटने के लिए अपनी एआई क्षमताओं में तेज़ी लानी होगी। दूसरा, उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी एआई नीतियां वैश्विक दक्षिण को सशक्त बनाने के बड़े लक्ष्य के साथ संरेखित हों, ताकि एआई को भू-राजनीतिक आधिपत्य का एक और उपकरण बनने से रोका जा सके। पेरिस में मोदी के साथ गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई की बैठक वैविक तकनीकी दिग्गजों द्वारा एआई में भारत की संभावित भूमिका को मान्यता देने को दर्शाती है। हालांकि, इस क्षमता को ठोस कार्रवाई में बदलना होगा, जिसमें घरेलू एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने से लेकर नियामक ढांचे विकसित करना शामिल है जो नवाचार को नैतिक विचारों के साथ संतुलित करते हैं।

भारत की एआई यात्रा को अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने दो साल पहले ही भारत के एआई परिदृश्य को 'निराशाजनक' बताया था। हाल ही में उन्होंने स्वीकार किया कि भारत अब ओपन एआई का दूसरा सबसे बड़ा बाज़ार है, जो देश की प्रगति का प्रमाण है। फिर भी, एआई तकनीकों का एक प्रमुख उपभोक्ता होना एआई अनुसंधान और विकास में अग्रणी होने से बहुत अलग है। भारत को मूलभूत एआई मॉडल बनाने, एआई-विशिष्ट हार्डवेयर विकसित करने और एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने का प्रयास करना चाहिए जो स्वदेशी एआई नवाचार को आगे बढ़ा सके।

एआई में वैश्विक दक्षिण की भूमिका निष्क्रिय भागीदारी या मौजूदा महाशक्तियों के साथ नीति संरेखण तक सीमित नहीं हो सकती। इसके बजाय, इसे आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के लिए एआई का लाभ उठाना चाहिए। एआई में स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा और शासन में क्रांति लाने की क्षमता है, ऐसे क्षेत्र जहां विकासशील देशों को सबसे अधिक लाभ मिल सकता है। चुनौती वैश्विक दक्षिण की अनूठी जरूरतों के अनुरूप एआई समाधान विकसित करने की है, न कि बहुत अलग सामाजिक-आर्थिक संदर्भों के लिए डिज़ाइन किये गये मॉडल आयात करने की। यह सुनिश्चित करने के लिए एआई अनुसंधान, कौशल विकास और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता है ताकि एआई डिजिटल उपनिवेशीकरण का एक और तंत्र न बन जाये।

एआई का भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, और भारत एक चौराहे पर खड़ा है। जबकि पश्चिमी तकनीकी दिग्गजों के साथ इसके रणनीतिक गठबंधन सहयोग के लिए अवसर प्रदान करते हैं, इसकी दीर्घकालिक एआई रणनीति को एआई विकास में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चीन के डीपसीक ने एआई में एक नये युग का संकेत दिया है, और ऐसी स्थिति में भारत आत्मसंतुष्ट होकर बैठा रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता। एआई-संचालित विश्व व्यवस्था को सही मायने में आकार देने और ग्लोबल साऊथ की वकालत करने के लिए, इसे अपनी स्वयं की एआई क्षमताओं में निवेश करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उभरते एआई ढांचे समावेशी, नैतिक और सभी देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि केवल प्रमुख खिलाड़ियों का।

## आपके पत्र

### महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना होगा

यह एक महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर हाल ही में सरकार ने एक उचित कदम उठाया है। इस बार के बजट में जेंडर सेंसिटिव बनाया गया है, जिसके चलते पिछले बजट से महिलाओं के लिए 37 प्रतिशत अधिक धन का आवंटन किया गया है। यह कदम न केवल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सरकार उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना करके कामगारों में महिलाओं की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाएगी। इसके अतिरिक्त , इस साझेदारी में महिला विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने और महिला स्व-सहायता समूह उद्यमियों के लिए बाजार तक पहुंच को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर की चारदीवारी के भीतर ही रखा गया है, लेकिन अब यदि सरकार द्वारा उन्हें अपने खुद के लघु गृह उद्योग प्रारंभ करने के लिए पर्याप्त धन और संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे, तो उन्हें अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में बहुत प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा, महिलाओं को अपने हुनर को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, जिससे वे अपने परिवार और समाज के लिए एक आदर्श बन सकती हैं। महिलाएं कई क्षेत्रों में अच्छा काम करके दिखा रही हैं, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या फिर उद्योग और व्यवसाय। यदि सरकार का पूरा सहयोग मिलता रहा, तो देश की आधी आबादी अपने हुनर से जीडीपी ग्रोथ में सहायक बन सकती है। इसके लिए सरकार को महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और कार्यक्रम शुरू करने होंगे, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार को महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं और कार्यक्रम शुरू करने होंगे, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर सके सरकार को महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करनी होगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को शुरू कर सके सरकार को महिलाओं को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना होगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला सकें।

सरकार को महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण बनाना होगा, जिससे वे अपने काम को बिना किसी डर या चिंता के कर सकें।

इन कदमों को उठाकर सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे सकती है और देश की अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी को बढ़ा सकती है।

**मधु सुभाष बुडावनवाला**
**रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

### नवसाम्राज्यवाद, विदेश मोह और लेखक

*'यदि देश में एक नया विदेशोन्मुखी अथवा मुख्यत- पश्चिम से प्रभाव ग्रहण करने वाला वर्ग तैयार हो रहा था, तो लेखक समुदाय भी सात समंदर पार के आकर्षण से अछूता नहीं बचा था। एक बार किसी तरह विदेश यात्रा का मौका मिल जाए, फॉरेन रिटर्न कहला सकें, यह लालसा काफी बलवती थी और इसके लिए कितने सारे लेखक, चाहे जितने पापड़ बेलना पड़े, तैयार रहते थे। यह एक समय विशेष का प्रभाव था कि दबाव जिसके लिए लेखक की ही आलोचना करना न्यायसंगत नहीं होगा। सो उस दौर में कुछ ऐसे ईवेन्ट मैनेजरनुमा लेखक भी हुए जिन्होंने अपने बिरादरी के लोगों की बलवती आकांक्षा को तुष्ट करने के लिए कल्पनाशील प्रयोग किए और किसी न किसी बैनर के तले लेखकों का विदेश यात्रा करना प्रारंभ हुआ। जब वे लौटकर आते तो पता चलता था कि उन्होंने मास्को या वाशिंगटन, न्यूयार्क या लंदन, पेरिस या वारसा में किस तरह से हिन्दी भाषा के झंडे गाड़ दिए हैं।' 'सच पूछिए तो यह सिलसिला आज भी चल रहा है। सत्तर के दशक में ईवेन्ट मैनेजमेंट नामक विधा से लोग अपरिचित थे तथा इस तरह की सेवा देने वाले लोगों की प्रशंसा इंतजाम अली कहकर की जाती थी। इधर नई सदी में ईवेन्ट मैनेजमेंट व्यापार प्रबंधन की एक सर्व स्वीकार्य विधा बन चुकी है तथा अब जो इंतजामात होते हैं वे पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सलीके से। ऐसा पता चलता है कि दुनिया के तमाम देश हिन्दी साहित्य का रसास्वाद करने के लिए मानो तड़प रहे हों।'*

**'अक्षर पर्व अगस्त 2013 की प्रस्तावना'**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/08/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### भार न बने अधिकार

जब हम अधिकार की बात करते हैं तो उसे दो तरह से समझा जाता है। एक तो वह अधिकार जो हमारे अपने ऊपर है, दूसरा वह जिसे परिस्थितिवश हम दूसरों पर या अपने जीवन के घटकों पर जमाते हैं। अधिकार वह है जिसे हमने देखा नहीं, पर उसकी आज्ञा का पालन हम ऐसे करते हैं मानो कि सारा संसार ही उस पर निर्भर हो।

अधिकारी होना उपयुक्त है, पर किसलिए? क्या आत्मा का भी कोई अधिकार होता है।

जिस जीवन को हम जी रहे हैं, उसमें तमाम ऐसी कठिनाइयां आती हैं कि आदमी अपना संतुलन खो बैठता है, उसे पता ही नहीं चलता कि कब विषय-वासनाएं उसके भीतर प्रवेश कर जाती हैं, उसका सारा-का-सारा जीवन अंधकारमय एवं अज्ञान से ग्रस्त होने लगता है। ऐसा तब होता है, जब या तो हमें पता नहीं करना क्या है और यदि पता भी हो तो हम उस दिशा में बढ़ नहीं पाते।

आदमी की इसी कमजोरी का फायदा परिस्थितियां उठाती हैं, उसे बेवकूफ और नाकाबिल सिद्ध करती हैं। ऐसे में, यदि हमें कुछ उपयुक्त करना है और अपने जीवन को श्रेष्ठ-समुन्नत बनाना है तो पहले यह करना होगा कि अपना अधिकार आत्मा को देना होगा।

आत्मा क्या कहती है? इसकी पहचान करनी हो तो इतना समझ जाइए कि वह वस्तु-विचार-परिस्थितियों से विलग है, उसका स्वरूप अत्यंत ही विलक्षण एवं स्वभाव से परिष्कृत है तथा उसे मिटाया नहीं जा सकता।

इस दृढ़ मनोभूमि पर जब आदमी के विचार चलते हैं, उसकी उमंगें किसी दिशा को प्राप्त करती हैं तथा उसका साहस मजबूत बनता है तो देखते-ही-देखते वह वह करने को लालायित होता है, जिसे उसे वास्तव में करना चाहिए। वह है आत्मविचार तथा आत्मनियमन की क्रियाविधि।

जब आत्मा अपने संग है तो उसे छोड़कर जाने का प्रश्न ही नहीं उठता और उसे अनुकूल प्रयोजन मिले, इसके लिए पुरुषार्थ-प्रयत्न करने की उत्कंठा एवं उमंग उठ पड़ती है।

इसे ही दैवी-प्रकाश तथा आत्मा को समर्थ-समुत्पन्न बनाने की विधा कहेंगे तथा इसके द्वारा महान सौभाग्य का विषय-क्रम सधने लगता है, जिसे व्यक्तित्व की प्रयोगशाला में परखा एवं तलाशा जाना चाहिए।

हमारे मन के विकार स्वत: ही तिरोहित हो जाते हैं, यदि हममें आत्मा के प्रति ललक एवं उत्कृष्टता के लिए सर्वतोभावेन-समर्पित होने का पुरुषार्थ जग पड़े। इसे ही अपने जीवन पर वास्तविक अधिकार कहेंगे तथा यह प्राप्त होता है अपने मन के नियमन द्वारा तथा उसे जीवन के नव-रूपांतरण में सहायक उत्कृष्ट क्रिया-प्रणाली प्रदान कर। जिसे तभी पाया जा सकता है, जब हम अपने कार्यों को सूचीबद्ध करें, उनमें महानता एवं अनुकंपा के गुण विकसित तथा एक उदात्त जीवन-दृष्टि द्वारा उसे सुविकसित करने का कार्यक्रम अपनाएं। इसके लिए चाहिए दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण-निष्ठा का भाव, जो हमें अपने कर्म के वास्तविक पहलू आत्मविचार और आत्मा के हितार्थ कार्य करने की दृढ़ प्रेरणा से जोड़ सके। इसे ही व्यक्तित्व पर अधिकार एवं जीवन की गुणवत्ता सुधारने का उपक्रम कहेंगे।

-अखंड ज्योति

# जबलपुर बनेगा हाई स्पीड कोरिडोर का केंद्र

## केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मप्र के साथ जबलपुर में नए हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण पर की चर्चा



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर - भोपाल हाई स्पीड नई सड़क के निर्माण के साथ ही जबलपुर से प्रयागराज, जबलपुर से नागपुर और जबलपुर से अंबिकापुर - वाराणसी के लिए अब नया हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा। इस हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दिल्ली में भेंट कर जबलपुर एवं प्रदेश में बनने वाले नए हाई स्पीड कॉरिडोर के संदर्भ में चर्चा कर आग्रह किया।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप 2047 के विजन के आधार पर देश में ऐसी सड़कों का निर्माण जो जिनकी हाई स्पीड कनेक्टिविटी हो इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा यातायात, उद्योग, व्यापार, पर्यटन, धार्मिक स्थलों को दृष्टिगत रखते हुए अध्ययन कराया गया और प्रसन्नता की बात ही कि इसमें मप्र के साथ ही जबलपुर से चार नए हाई स्पीड कॉरिडोर जुड़ने जा रहे है।

श्री सिंह ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व व उनके दूरगामी विजन के साथ प्रदेश सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर व्यापक योजना से कार्य कर रही है, इसी क्रम में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट में प्रदेश में हाई स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण पर चर्चा हुई। श्री सिंह ने बताया केन्द्र सरकार के मास्टर प्लान में प्रथम चरण में जिन मार्गों पर निर्णय हो सकता है, उनमें जबलपुर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर, जबलपुर,- भोपाल के साथ ही लखनादौन-रायपुर, इन्दौर-भोपाल, आगरा-मुरैना-ग्वालियर, झांसी-सागर को शामिल किया गया है।

श्री सिंह ने बताया अन्य 9 मार्गों- जबलपुर-बैकुंठपुर (अंबिकापुर) - वाराणसी, जैसलमेर - उदयपुर - इन्दौर - नागपुर, इन्दौर - घुले - पुणे, ग्वालियर - बरेली, ग्वालियर -इन्दौर, कानुपर -सागर -भोपाल, गोधरा -इन्दौर, और कोटा -सागर को भी प्रथम चरण में शामिल करने का आग्रह किया हैं।

श्री सिंह ने कहा इन हाई स्पीड कॉरिडोर की विशेषता है कि यह नए मार्ग होंगे साथ ही यह एक्सिस कंट्रोल होंगे इनमें वर्तमान फोरलेन से अलग एलायमेंट होंगे जो पूरी तरह से नए मार्ग होंगे।

इन हाई स्पीड कॉरिडोर के बनने के बाद लोगो के समय और ईंधन की बचत होगी साथ ही हाइवे पर दुर्घटना की संभावना कम हो जायेगी और जबलपुर से जुड़ने वाले इन हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण से जबलपुर के साथ ही सम्पूर्ण महाकौशल में विकास की नई दिशा तय होगी।

श्री सिंह ने कहा केंद्रीय मंत्री गडकरी जी ने हमेशा की तरह ही जबलपुर और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रकचर को विकसित करने के दिशा में आश्वस्त करते हुए कहा ही कि शीघ्र ही इन हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण पर विचार पर निर्णय लिया जाएगा।

# एनएचएआई ने पनागर के ग्रामों की जमीनों की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 34 दमोह-जबलपुर खण्ड का 2 से 4 लेन निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य हेतु पनागर, पाटन और मझौली, कटंगी के ग्रामों में भूमियों के क्रय-विक्रय, बटांकन एवं डायवर्सन की प्रक्रिया पर रोक लगवाई थी। इनमें पनागर के अंतर्गत आने वाले गांव की जमीनों की खरीद और बिक्री पर एनएचएआई ने रोक हटा ली है। हालाकि अभी इन गांवों के कुछ खसरों रोक बरकरार है लेकिन वह भी जल्द हटने की उम्मीद लगाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक पाटन और कटंगी के गांव पर लगाई गई रोक अभी कुछ दिनों तक और जारी रह सकती है।

हालाकि रोक की वजह से पंजीयन विभाग को खासा नुकसान हो रहा था जो कि एक-एक गांव में हजारों खसरे होते हैं सभी पर रोक लागू होने से

## कुछ खसरों पर रोक अभी भी बरकरार

राजस्व की हानि हो रही थी। सूत्रों के मुताबिक तहसील पनागर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलखाड़ू, झगरा, बघोड़ी, मोहास, खैरी, नगना, बिहारिया एवं सूरतलाई से प्रभावित होने वाले खसरों की सूची जारी की गई है, बाकी भूमियों पर खरीद-विक्रय, बटांकन, डायवर्सन की प्रक्रिया जारी की जाए ताकि शासन को राजस्व की जो हानि हो रही है, उसका लाभ हो। कहा यह भी जा रहा है कि जल्द ही पनागर के चिन्हित ग्रामों के उन खसरों से भी हटाई जा सकती है, जिन पर एनएचएआई ने अभी रोक कायम रखी है।

इसके अलावा पाटन और कटंगी के अंतर्गत आने वाली जमीनों पर जो रोक एनएचएआई ने लगा रखी है, उसके हटने का रास्ता खुलने की उम्मीद लगाई जा रही है।




# पीएनबी एमएसएमई आउटरीच का सफलतापूर्वक समापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएनबी मण्डल कार्यालय जबलपुर द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम, जबलपुर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए आउटरीच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

आउटरीच कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों में भागीदारी करने वाले व्यवसायियों और नव उद्या स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को ऋण सुविधाओं और लाभकारी स्कीम्स की जानकारी दी गयी, पीएनबी विशेषज्ञ अधिकारियों से तत्काल परामर्श उपलब्ध कराया गया एवं आकर्षक व्याज दरों पर एमएसएमई ऋणों के लिए तत्काल सैद्धांतिक मंजूरी दी गयी।

बैंक के प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक सुमेश कुमार एवं मंडल प्रमुख अशवनी कुमार ने जबलपुर संभाग के उद्योगपतिओं और व्यवसायिओं को पंजाब नेशनल बैंक की शानदार व्यापार ऋण सेवाओं की जानकारी दी।

शहर के सम्मानित उद्योगपतियों और व्यवसाईयों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पंजाब नेशनल बैंक की इस आउटरीच पहल का स्वागत किया एवं विचार साझा किये। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक की उपस्थिति में व्यवसायियों को तत्काल ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

# महाकौशल चेम्बर की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री की कार्यकारणी समिति एवं प्रबंधकारणी, व्यापारी परिषद, उद्योग परिषद व व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों की सम्मिलित बैठक शुक्रवार 14 फरवरी को सायं 7 बजे चेम्बर सभागार में आगामी चेम्बर चुनाव 9 मार्च के कार्यक्रम व्यवस्थाओं के साथ चुनाव नियमावली सदस्यता सूची नामांकन पत्र, प्रतिभूति राशि निर्धारण विचार एवं निर्णय तथा चुनाव अधिकारी की नियुक्ति हेतु आयोजित की गई है महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल अखिल मिश्रा अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# जबलपुर जिले की 17 स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण रद्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के 17 निजी स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण निरस्त कर दी गई है। कई अन्य स्कूलों की मान्यता पर भी निरस्तीकरण की तलवार लटक रही है। नियमों के उल्लंघन के चलते यह कार्रवाई की गई है। निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के मुताबिक शिक्षकों की अनुपलब्धता, पंजीकृत किरायानामा न होने, गलत एचडी जैसे नियमों का पालन नहीं होने के चलते उक्त निर्णय लिया गया। इन स्कूलों में छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लग सकती है। शिक्षा विभाग ने जांच के बाद यह फैसला लिया है। 683 स्कूलों में से 17 स्कूलों के आवेदन खारिज हुए है। बिना नवीनीकरण के संचालन पर सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने स्कूलों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी थी। जिले में 2025- 26 सत्र के लिए 683 प्राइवेट स्कूलों ने नवीनीकरण का आवेदन दिया है। शहर में 59 नवीन निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन आए हैं।

**सकते में विद्यार्थी**-हालांकि अधिकांश अभिभावकों और विद्यार्थियों को इस बात की जानकारी नहीं लग पाई हैं कि उनके स्कूल की मान्यता हैं भी या नहीं फिर भी जिन्हें इस बात की जानकारी हो गई हैं वे विद्यार्थी और अभिभावक सकते में हैं। बोर्ड परीक्षाएं करीब हैं ऐसे में इस बात को लेकर कुछ अभिभावक चिंतित हैं। बताते हैं नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार समस्त अशासकीय शालाओं द्वारा मान्यता प्राप्त करने के उपरांत ही स्कूल का संचालन किया जा सकता है। इसके लिए अधिनियम की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2011 के नियम 11 अनुसार मान्यता के लिए प्रावधान किये गये हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार आवेदन विलंब शुल्क सहित अंतिम तिथि 14 फरवरी है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक स्वीकृत आवेदनों की संख्या 109 है।

**ये है आवेदन की प्रक्रिया**-अधिकारियों का कहना है कि निरस्त किये गए आवेदनों में कई दस्तावेजों की कमी पाई गई, जिसमें रजिस्टर्ड किरायानामा न होना, त्रुटियुक्त और आरटीई की रातों के मुताबिक शिक्षक संख्या नहीं होने के कारण आवेदन निरस्त किये गए हैं। हालांकि अपील कलेक्टर कोर्ट में एवं संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र में को जा सकती है। वर्तमान में मोबाइल एप के माध्यम से मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हुए सहज एवं साक्ष्य आधारित मान्यता आवेदन करने तथा मान्यता आवेदनों के निराकरण को व्यवस्था की गई है। इसके लिए अशासकीय संस्थाओं, शालाओं के संचालक द्वारा स्वयं आरटीई एमपी मोबाइल एप का उपयोग करते हुये मान्यता नवीनीकरण, नवीन मान्यता के लिए आवेदन किये जाने की प्रक्रिया है। आवेदन करने के लिये अशासकीय शाला भवन, आवश्यक प्रशिक्षित शिक्षकों तथा स्कूल में आवश्यक संसाधनों की जीईओ टेग फोटो अपलोड करने के साथ ही आरटीई के मान एवं मानकों की पूर्ति किया जाना अनिवार्य है।

## छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया पर लग सकता है विराम

## कलेक्टर न्यायालय का रास्ता है खुला

सहायक परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि इसकी प्रक्रिया चल रही है जिले में कक्षा 1 से 8 तक के लिए प्राइवेट स्कूलों को मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। अब तक 17 आवेदनों को खामियों के चलते निरस्त किया जा चुका है। हालांकि स्कूल संचालकों के पास कलेक्टर कोर्ट में अपील का रास्ता खुला हुआ है।

# चेम्बर ने विद्युत मूल्य वृद्धि का किया विरोध

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ने विद्युत कंपनियों द्वारा वर्ष 2025-26 विद्युत मूल्य वृद्धि के संबंध में विद्युत नियामक आयोग में याचिका प्रस्तुत कर 7.3 प्रतिशत वृद्धि हेतु मांग की थी जिस पर आयोग ने आपत्तियों आमंत्रित की थी चेम्बर के मानसेवी मंत्री शंकर नाग्देव ने आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत किये जिस पर आज आयोग के समक्ष वर्चुअल सुनवाई हुई जिसमें भाग लेकर चेम्बर की तरफ से श्री नागदेव ने विद्युत मूल्य वृद्धि पर पुरजोर विरोध करते हुए विद्युत हानि का मुदडा उठाया, जिसमें अधिकतर हानि विद्युत चोरी की है जिसे विद्युत कंपनियों रोकने में असमर्थ है जिसका भार बेवजह उपभोक्ता पर डाला जा रहा है यदि यह विद्युत हानि में चोरी का बड़ा हिस्सा मानते हुए साथ ही विद्युत कंपनियों की फिजूलखर्ची का आयोग स्वीकार करने से इंकार करे तो विद्युत मूल्य बढ़ाने बजाये 10 प्रतिशत तक कम किये जा सकते है।

# जबलपुर से होते हुए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सेवाओं का संचालन

**जबलपुर देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजर रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है-

**मैसूर-लखनऊ एक तरफा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 06221 मैसूर लखनऊ कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 14 फरवरी 2025 को मैसूर स्टेशन से सुबह 7.30 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सायं 16 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंचेगी।

**ठहराव-** मंड्या, केंगेरी, क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण बेंगलुरु सिटी जंक्शन (बैंगलोर), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कडूर, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, लोन्डा जंक्शन, खानापुर, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, सांगली, कराड, पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी।

**संरचना-** 1 वातानुकूलित 3-टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

**मैसूर-टुंडला-मैसूर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन-**गाड़ी संख्या 06217 मैसूर टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को मैसूर स्टेशन से रात्रि 21:40 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना एवं चौथे दिन मध्य रात्रि 02:05 बजे प्रयागराज एवं सुबह 9.30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

गाड़ी संख्या 06218 टुंडला मैसूर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को सुबह 11.30 बजे टुंडला स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन रात 20.20 बजे प्रयागराज, अगले दिन सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन रात्रि 22 बजे मैसूर स्टेशन पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

**ठहराव-** मंड्या, रामनगरम, केंगेरी, क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण बेंगलुरु सिटी जंक्शन (बैंगलोर), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कडूर, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, अलनावर जंक्शन, लोन्डा जंक्शन, खानापुर, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा जंक्शन।

**संरचना-** दो वातानुकूलित 1 कम 2-टियर, एक वातानुकूलित 2-टियर, दो वातानुकूलित 2 कम 3-टियर, 9 वातानुकूलित 3-टियर, 4 शयनयान श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

**वलसाड-दानापुर-वलसाड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन-** 09019 वलसाड-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन रविवार 23 फरवरी 2025 को वलसाड से सुबह 8.40 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, अगले दिन जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए एवं सुबह 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी और सायं 18 बजे दानापुर पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

09020 दानापुर-वलसाड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 24 फरवरी 2025 को दानापुर से रात्रि 23.30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन प्रात: 5.50 बजे प्रयागराज छिवकी और तीसरे दिन सुबह 09.30 बजे वलसाड पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

**ठहराव-** नवसारी, भेस्तान, नंदुरबार, आमलनेर, भुसावल जंक्शन, खंडवा, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा जंक्शन ।

**संरचना-** एक वातानुकूलित 2-टियर, 5 वातानुकूलित 3-टियर, 14 शयनयान श्रेणी, दो सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

# ट्रेनों में चेन पुलिंग के विरुद्ध रेलवे में उठाये जा रहे ठोस कदम

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान अलार्म चेन पुलिंग से बचें। इससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के लिए समस्याएँ उत्पन्न होने के साथ रेल परिचालन में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। अलार्म चेन पुलिंग की अवैध और असुरक्षित आदत के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा ठोस कदम उठाये जा रहे है, ताकि सभी यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो सके।

**अलार्म चेन पुलिंग के नकारात्मक प्रभाव-**

**सुरक्षा पर खतरा-** अलार्म चेन पुलिंग से ट्रेन की गति अचानक रुक जाती है, जो कि किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**यात्रियों के लिए असुविधा-** इससे ट्रेन का समय बाधित होता है, जिससे अन्य यात्रियों को देरी हो सकती है।

**आर्थिक नुकसान-** रेलवे को समय में विलंब और संचालन में रुकावट के कारण आर्थिक नुकसान होता है।

**आरपीएफ की ठोस कार्रवाई-**

**कानूनी कार्यवाही-** दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

**उचित दंड-** भारतीय रेलवे के तहत ऐसे अपराधों को रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत दंडित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत, दोषी व्यक्ति को 01 साल तक की सजा, 1000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत पश्चिम मध्य रेलवे, आरपीएफ द्वारा वर्ष 2024 में कुल 10,391 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 40,01,708/- रूपये का जुर्माना एवं वर्ष 2025, 11 फरवरी तक 1133 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 2,31,915/- रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# जबलपुर की मोहनी मोघे को कथक साधना के लिए शिखर सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी द्वारा कथक साधना के लिए श्रीमती मोहनी मोघे को वर्ष 2022 के लिए शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया। श्रीमती मोहनी मोघे संभागीय बाल भवन कार्यालय में पदस्थ् हैं। उक्त सम्मान् मिलने पर संचालक बाल भवन भोपाल शुभा वर्मा, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास श्रीमती शशि श्याम उइके, सहयक संचालक संभागीय बाल भवन जबलपुर गिरीश बिल्लौरे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# विक्टोरिया हॉस्पिटल में सेवा प्रकल्प के नाम पर हो रही अवैध वसूली

## आला अधिकारियों की मिली भगत से लोगों को लगाया जा रहा है चूना

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के सेठ गोविंददास जिला अस्पताल विक्टोरिया में यूं तो चप्पे,चप्पे पर दलाली चल रही है। लेकिन बीते सालों से यहां एक राजनैतिक दल से सम्बंधित संगठन द्वारा यहां पर अपना स्थाई ठिकाना बनाकर आने वाले लोगों को मदद देने के नाम पर जमकर कमाई की जा रही है। प्राय: देखा गया है कि लोग यहां पर इलाज कराने के लिए भर्ती होने आते हैं। इसके अलावा फिट अनफिट सर्टिफिकेट बनवाने के लिए बड़ी तादाद में लोग आते हैं। ऐसे लोगों को मदद देने के नाम पर यहां बैठे लोग मोटी रकम वसूलते हैं। इस संबंध में अस्पताल के ही एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आला अधिकारियों की शह पर चलाए जा रहे सेवा प्रकल्प में बैठे लोग प्रतिदिन 8 से 10 हजार रुपयों की वसूली करते हैं। गौर तलब है कि अस्पताल के उच्चाधिकारियों को इन कारनामों की पूरी जानकारी होने के बाद भी वो कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

# गंदगी फैलाने पर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

## शहर में वर्ड फ्लू की आहट के पहले ही निगमायुक्त प्रीति यादव ने दिखाई तत्परता

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के आस पास के जिलों में वर्ल्ड फ्लू की आहट की जानकारी लगते ही निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने तत्परता दिखाते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को अलर्ट कर दिया है। इसके साथ-साथ शहर के सभी मॉस, मटन एवं मछलियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी हिदायत दे दी है कि सड़क किनारे खुले रूप से मॉस, मटन एवं मछलियों का विक्रय न करने न ही प्रदूषित सामग्रियों का संकलन करें। इसके साथ-साथ निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने यह भी हिदायत दी है कि आस पास के क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता बनाएं रखें ताकि संक्रामक बीमारियों का फैलाव अपने शहर में न हो सके।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश मिलते ही स्वास्थ्य अमला अलर्ट होकर कार्रवाई प्रारंभ की है। यह कार्रवाई अब निरंतर शहर के सभी क्षेत्रों में जारी रहेगी। स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज ने जानकारी देते हुए बताया कि आज संभाग 15 अंतर्गत ए.पी.जे. अब्दुल कलॉम वार्ड आयशा नगर में खुले में मछली व्यवसाय करने वालों के द्वारा अत्याधिक गंदगी फैलाई जा रही थी, जिस पर आसिम अंसारी के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रूपये का स्पॉट फाइन वसूली की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के समय मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनंत दुबे आदि उपस्थित रहे।

**बकायादारों के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई हुई तेज -** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान के तहत् कार्रवाई में अब तेजी आई है। 4 संभागों के अंतर्गत 28 बड़े करदाताओं के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाकर करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी एवं चस्पा किये गए हैं। निर्धारित समय पर करों की राशि जमा नहीं करने वाले करदाताओं के विरूद्ध आगे अब बड़ी कार्रवाई की जायेगी। 4 संभागों की कार्रवाई में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गांटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य, जल एवं राजस्व अमले के साथ करदाताओं के यहाँ जाकर करदाताओं से सम्पर्क किया और बकाया करों की राशि जमा कराई। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि संभाग क्रमांक 10 के अंतर्गत कैनरा बैंक से डेढ़ लाख रूपये की वसूली की गई। वहीं अन्य करदताओं से भी बकाया करों की राशि जमा कराई गयी। इसी प्रकार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा के द्वारा भी करदाताओं से सम्पर्क कर बकाया करां की राशि जमा कराई और शेष करदाताओं से भी समस्त बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी किये। इसी प्रकार अपर आयुक्त प्रशांत गोटिया के द्वारा संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 76 इमलिया में डेली मालिक पर 90 हजार बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी,




वहीं फूलचंद शर्मा पर 1 लाख 30 हजार, लखन पटैल पर 68 हजार एवं राम दुबे पर 55 हजार बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी।

संभाग क्रं. 06 के अन्तर्गत डां. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में कर वसूली के दौरान बड़ी कार्यवाही की गई करते हुए भवन स्वामी शुभा मिश्रा पति स्व. शिव कुमार मिश्रा बकाया राशि 1 लाख 68 हजार 77, मधाव राव/दौलत राव बकाया राशि 46 हजार 6 सौ 26, राम लाल पिता जोराबल पटेल बकाया राशि 40 हजार 2 सौ 11, बिहारी लाल साहू पिता मूलचंद साहू बकाया राशि 46 हजार 26, के भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में उक्त संपत्ति की कुर्की करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अब कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आज संभाग क्रमांक 6, 8, 10, और 15 के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त सभी संभागीय अधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा कुर्की की कार्रवाई की गई।

# संस्कारधानी में जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज की हुई भव्य, दिव्य अगवानी





श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के नगरागमन पर निकली स्वागतम यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी संस्कृति और सभ्यता को सहेजे हुए हैं। सनातन धर्म की ध्वजा को कौने कौने में पहुंचे इसलिए संस्कारधानी वासियों की ओर से प्रयागराज महाकुंभ में भक्त वृंदों की कुशलता के लिए भगवान और गंगा मैया से आशीर्वाद की प्रार्थना की है। जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य, नरसिंहपीठाधीश्वर नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के आगमन पर भव्य दिव्य विशाल स्वागतम् यात्रा बजरंग मठ मानस मंदिर सूपाताल से मदन महल चौक होते हुए शंकराचार्य चौक से नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में महाप्रसाद भंडारे के साथ विश्राम हुआ।

**फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान सिंहासनारूढ़** - महाराज श्री त्रिवेणी संगम का जल भक्तों पर सिंचित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया । शोभायात्रा मार्ग में गुलाब जल का छिड़काव कर, मार्ग को रंगोली, और फूलों से भव्यता से साज सज्जा रही। भजन कीर्तन करते भक्त भक्ति धुन बजाते ढोल धमाल बैंड बाजा दुलदुल घोड़ी चल रहे थे। महाकुंभ प्रयागराज से जबलपुर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं व्दारा स्वागत वंदन,पुष्प वर्षा, प्रसाद वितरण, किया। बजरंग मठ सूपाताल में महंत विश्वनाथ पुरी जी महाराज, दैवज्ञ अरूण शर्मा, महंत मनीषा दास, राजेश दास, अनूप देव महाराज संत महात्माओं ने पाद प्रक्षालन कर पूजन अर्चन किया।

श्री सनातन धर्म महासभा के आचार्य वासुदेव शास्त्री,अध्यक्ष व नरसिंह मंदिर के न्यासी श्याम साहनी महासभा के महामंत्री अशोक मनोध्या, कोषाध्यक्ष गुलशन माखीजा, चंद्र कुमार भनोत,लकी भाटिया, सुनीता चावला ,अंजू भार्गव, अनिल तिवारी,बाबू विश्व मोहन, सुधांशु गुप्ता , भोलाराम खत्री, लोकराम कोरी ने पूजन अर्चन किया। श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के नगरागमन के उपलक्ष्य में आयोजित स्वागतम् यात्रा में प्रवेश खेड़ा ,विष्णु पटेल, विध्येश भापकर डॉ संदीप मिश्रा,राजेन्द्र यादव, जगदीश साहू, विजय सरावगी, प्रेम पुरी, पप्पन मिश्रा, सत्येंद्र शर्मा, डॉ पवन स्थापक, कैलाश साहू, उमेश पारवानी, मनोज शर्मा, गिरिराज चाचा, प्रदीप चड्डा, राममूर्ति मिश्रा, नीरज तिवारी,अंशुल मलिक ,राजेन्द्र प्यासी, लोकराम कोरी, अशोक शर्मा, के के शुक्ल, राजेश नेमा, अशोक शर्मा, मंजू पटेल, विजय यादव, डा एच पी तिवारी,गीता पांडे, इंदूमती प्यासी, आभा दीपक साहू,सीमा सिंह, सहित श्री नरसिंह मंदिर गीता धाम परिवार श्री सनातन धर्म महासभा गीता परिषद सहित बड़ी संख्या में भक्तगणों की उपस्थिति रही। शताधिक मंचों पर विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक नीरज सिंह, सुशील तिवारी इंदू ,रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, लेखराज सिंह मुन्ना भैया,अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, अध्यक्ष रिंकू विज , अंशुल राधवेंद्र यादव, रजनी कैलाश साहू, पार्षद महेश राजपूत, सोनिया रंजीत सिंह, प्रतिभा विध्येश भापकर, लक्ष्मी चक्रवती , निशा राठौर, मालती चौधरी, शारदा कुशवाहा प्रिया संजय तिवारी, जीतू कटारे, पूजा श्रीराम पटेल सहित श्रृद्धालुओं ने महाराज जी का पूजन अर्चन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार,समरसता सेवा संगठन, पंजाबी यूथ फेडरेशन, पंजाबी महासंघ, हिन्दू पंजाबी ऐसोसिएशन, श्रीराम मंदिर मदन महल, श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर, सुपतेश्वर गणेश मंदिर, जबलपुर जिला माहेश्वरी सभा,जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन,अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद ने भव्य स्वागत किया।

## पश्चिम विधानसभा भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

नरसिंह पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य स्वामी डॉ नरसिंहदेवाचार्य महाराज का प्रयागराज महाकुंभ में जगतगुरु के पद पट्टाभिषेक होने के बाद प्रथम जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम विधानसभा के कार्यकताओं द्वारा विधानसभा कार्यालय नागपाल गार्डन मदनमहल के सामने नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, श्री लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, कौशल सूरी, योगेंद्र सिंह, रूपा राव, संजय नहातकर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे, संतोष यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रणय गुप्ता, नरेश पटेल, सोनू बचवानी, संजय तिवारी, श्रीराम पटेल, दिनेश सिंगरोल, मालती चौधरी, शारदा कुशवाहा, राहुल साहू, जितेंद्र कटारे, निशा संजय राठौर के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समरसता सेवा संगठन ने मंच लगाकर किया भव्य स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नरसिंह पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य स्वामी डॉ नरसिंहदेवाचार्य महाराज का प्रयागराज महाकुंभ में जगतगुरु के पद पट्टाभिषेक होने के बाद प्रथम जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर समरसता सेवा संगठन ने अध्यक्ष श्री संदीप जैन के नेतृत्व में कान्हा लेक व्यू सूपाताल में महाराज जी का पूजन एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अनंत डिके, प्रकाश विसपुते, संजय गोस्वामी, गंगाचरण मिश्रा, उज्ज्वल पचौरी, राजीव राठौर, राजेश ठाकुर, विक्रम परवार, गुड्डू पटेल, शिवरतन पटेल, महेंद्र रघुवंशी, सुरेश पांडे, विनीत यादव, राहुल दुबे, अभिषेक तिवारी, रवि शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

# आकृति में संजोए कल्पनाओं के इंद्रधनुषी रंग



शासकीय ललित कला महाविद्यालय में कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय ललित कला महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव परम्परा के अंतर्गत रंग आकृति कला प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला, मूर्तिकला, व्यवहारिक कला का प्रदर्शन कर कलाकारों ने लगभग 250 कलाकृतियां प्रदर्शित की। प्रदर्शनी का शुभारंभ वरिष्ठ चित्रकार एवं जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता, मुख्य अतिथि हिमांशु खरे मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एवं उद्योग प्रतिनिधि, कृष्णकांत दीक्षित, शील मेहदेले, संस्कार भारती की जिला अध्यक्ष माला सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष विजयश्री मिश्रा ने किया।

**क्ले का उपयोग कर दिखाया कमाल**-आयोजन में छात्रों ने वर्ष भर में तैयार किए प्रोजेक्ट का डिसप्ले किया। किसी ने क्ले से सुंदर मुखौटा तैयार किया तो किसी ने चित्रों में प्रकृति और प्रेम का समायोजन किया। अतिथियों ने युवाओं की कला का अवलोकन कर उनके लिए रोजगार और अन्य संसाधनों पर चर्चा की। समारोह में वार्षिक पत्रिका परम्परा 2025 रंग आकृति का विमोचन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. मनीष कोष्टा, बृज मोहन आर्य, शैलजा सुल्लेरे, डॉ. प्रणव भट्ट, दुर्गेश बिरथरे, संजय प्रजापति, डॉ. अर्चना साहू, ऋतुराज श्रीवास्तव मौजूद थे। प्रदर्शनी कला प्रेमियों के अवलोकन के लिए 15 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

**निबंध व चित्रकला के मिले पुरस्कार**-जबलपुर. आर्य समाज प्रसार सेवा संस्था के तत्वावधान में दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में रानी दुर्गावती कलावीथिका में होम्योपैथिक चिकित्सा, योगा, हेल्दी लाइफ, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त अंजू सिंह, विशिष्ट अतिथि जादूगर एसके निगम, अध्यक्षता आचार्य धीरेन्द्र पाण्डेय थे। आयोजन में संयोजक पंचम झा, डॉ. अरुण कुमारी सिंह, अनिल श्रीवास्तव, पूनम माहेश्वरी, रंजना गुप्ता, तुलसीनारायण राय, अन्नू अनवर शाह. अफजल खान, ज्योति शर्मा का सहयोग रहा।



## योग शिविर में मिले सर्टिफिकेट

**जबलपुर, देशबन्धु**।. रानी दुर्गावती विवि के योग विभाग के तत्वावधान में दस शिविर योग शिविर का कॉलेज माता गुजरी गर्ल्स कॉलेज में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि चैतन्यानंद महाराज ने छात्रों को योग की महत्ता समझाई। कार्यक्रम में डॉ. सुनील पाहवा, प्राचार्या डॉ. संगीता झाम्ब, डॉ. सत्येन्द्र कुररिया, क्रीडा अधिकारी लक्ष्मी तिवारी, एनसीसी अधिकारी भारती तिवारी, रादुविवि योग दर्शन विभाग के अध्यक्ष प्रो. भरत कुमार तिवारी, डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, डॉ. राकेश गोस्वामी, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. वन्दना यादव, डॉ. वर्षा अवस्थी ने प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किया। सौरभ रैकवार, संजय सिंह, सलमान मंसूरी, नीलेश मिश्रा, आदित्य स्वामी, अंकिता राजपूत, सीमा पाल मौजूद रहीं।

## 'प्रेम सच्चा हो जाए तो समर्पण भाव स्वयं जागृत हो जाता है'

राष्ट्रीय नाट्य समारोह- तरंग ऑडिटोरियम में विवेचना रंगमंडल का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसी से प्रेम हो जाए तो समर्पण भाव स्वयं जागृत हो जाता है। समर्पण की यह कहानी नाट्य मंचन में कलाकारों ने दर्शाई। गुरुवार को तरंग ऑडिटोरियम में विवेचना रंगमंडल के राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ हुआ। पहले दिन मेजबान संस्था विवेचना रंगमंडल द्वारा 'पर पाजेब ना भीगे' का मंचन किया गया। लेखक सत्य नारायण पटेल, गीत एवं धुन अलंकृति श्रीवास्तव, परिकल्पना एवं निर्देशन प्रगति विवेक पाण्डेय का रहा। निर्देशक प्रगति विवेक पाण्डेय ने कहा कि प्रस्तुति में यह कोशिश की गई है कि लोक कथा की सादगी, प्रेम और किस्सागोई के अंदाज़ को बरकार रख सके। इस प्रस्तुति में टीम का समर्पण, धैर्य और लगन भाव समाहित है।

**नाटक की कहानी**-नाटक लोक कथा पर आधारित है। कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि बंजारा बांध के पीछे एक लोक कथा व्याप्त है। वहां एक बंजारा था, जो विशेष रूप से नमक का बड़ा व्यापारी था। नाटक की कहानी जब बढ़ती है तो मेले में बंजारा एक खूबसूरत बंजारन से मिलता है उससे प्यार करने लगता है। वह उसे शादी का प्रस्ताव देता है, लेकिन घमंडी बंजारन एक शर्त रखती है। वह कहती है कि वह उससे तभी शादी करेगी जब वह बंजारा नदी पर ऐसा बांध बनाएगा, जिस पर सिर्फ बंजारन के तलवे भीगेंगे लेकिन पायजेब नहीं। नाटक प्रेम और समर्पण की शक्ति को दर्शाता है जो सभी असंभव को संभव बना देता है। **किस्सा गोई का सिलसिला**-नाट्य मंचन में किस्सागोई अलंकृति श्रीवास्तव ने की। बंजारन की भूमिका में अंशिका सलवार, बंजारा के रूप में शितांशु पॉल, ग्रामीण कोरस (महिला) में कविता सिंह, डॉ. संगीता चौहान, स्नेहा श्रीवास, पूर्णिमा सिंह, ग्रामीण कोरस (पुरुष) में मनीष तिवारी, देव्यांश चौधरी, उदित मिश्रा, यश श्रीवास, भूपेंद्र दाहिया रहे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 14 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की द्वितीया , नक्षत्र-पू.फा.।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 679-670

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. 388-399

1,4,5,7,10,44,55,72,27,05,52,70



## भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के शरद अग्रवाल ने संत शिरोमणि रविदास की पूजा-अर्चना की

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने बड़े फुहारे पर संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा का पूजन कर आरती की। श्री अग्रवाल ने शोभायात्रा में शामिल श्री रविदास समाज समिति के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। ऐसा अवसर पर सरदार सुरजीत सिंह राजेंद्र चौधरी पंकज एवं मास्टर साहब सहित कार्यकर्तगण उपस्थित थे।

## पोस्टर व मॉडल कॉम्पीटिशन में दिखाया हुनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में रसायनशास्त्र व जीव विज्ञान विभाग के क्यूरी क्लब के तत्वावधान में ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट थीम पर कार्यक्रम हुआ। आयोजन में स्टूडेंट्स ने साइंस एंड हेल्थकेयर विषय पर आधारित पोस्टर, मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. समीर शुक्ल, विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, क्यूरी क्लब प्रभारी शुभा सिन्हा, आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. बीके सिंह, डॉ. निशा सिंह, सुमन उपाध्याय, श्वेता चौबे, अमृता सिंह का सहयोग रहा। जजमेंट डॉ. विनीता नंदा, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में फर्स्ट महिमा बैरागी, सेकेंड प्रिंयका उइके, थर्ड ईशता मेहता, मुस्कान पाठक रहीं। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पूर्णिमा, आरती, मेघा, प्रीति, नंदनी अनुइसुईया, शिवानी, द्वितीय एल्मा ग्रुप और तृतीय पूर्णिमा कनोजिया रहीं।



# जबलपुर संभाग ने सागर संभाग को 10 विकेट से पराजित किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राजर्षि परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी अंडर 22 के चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन जबलपुर संभाग ने सागर संभाग को 10 विकेट से पराजित कर बोनस अंक के साथ विजय हासिल की। टॉस जीतकर सागर ने जबलपुर को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया लेकिन उनका यह निर्णय सही साबित नहीं हुआ और जबलपुर ने सार्थक जैन के 89 रन, कप्तान वरुण तिवारी 78 रन यश चिनपुरिया 55 रन और अंचित ठाकुर 64 रनों की शानदार बल्लेबाजी से अपनी पहली पारी में 365 रनों का स्कोर खड़ा किया। सागर संभाग के गेंदबाज सोमिल खान और मयूर पाटील ने तीन-तीन विकेट तथा रोहन थोराट और सिद्धार्थ ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सागर संभाग की टीम को जबलपुर के गेंदबाज पारुष मंडल और मंगेश यादव ने शुरुआती झटके दिए तथा लंच तक उनके 24 रनों पर दो विकेट गिर चुके थे। लंच के बाद भी सागर के मध्य क्रम के बल्लेबाज कोई उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर सके केवल रोहन थोराट ने 83 रनों की धैर्य पूर्वक पारी खेली मगर अंततः सागर की पूरी टीम मात्र 165 रन बनाकर आउट हो गई। जबलपुर की ओर से मंगेश यादव ने चार और पारुष मंडल ने तीन तथा आदित्य मिश्रा ने दो विकेट लिए। इस प्रकार जबलपुर को 200 रनों की लीड मिली तथा उसने सागर को फॉलोऑन खेलने के लिए विवश कर दिया। फॉलोऑन खेलते हुए सागर की दूसरी पारी 210 रनों पर समाप्त हुई। दूसरी पारी में सागर की ओर से अक्षत रघुवंशी ने 65 रन अवधेश राजपूत ने 54 रन तथा सहज दीप बत्रा 37 और वैभव ठाकुर ने 22 रनों का योगदान दिया। जबलपुर के गेंदबाज मंगेश यादव ने पुनः शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट प्राप्त किए पारुष मंडल ने तीन और आदित्य मिश्रा ने दो विकेट लिए।

जबलपुर संभाग को बोनस के साथ विजय हासिल करने के लिए बिना कोई विकेट खोए 11 रनों का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसे उसके प्रारंभिक बल्लेबाज वरुण तिवारी और यश चिनपुरिया ने पूरा कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूरे मैच में 9 विकेट लेने के लिए जबलपुर संभाग के मध्यम तेज गेंदबाज मंगेश यादव को चयनकर्ता श्री जफर अली के द्वारा प्रदान किया गया।

मैच में एम पी सी ए द्वारा जबलपुर की क्रिकेट को संचालित करने के लिए गठित समिति के सदस्य एवं मैच ऑब्जर्वर अचल सिंह गौर समिति के सदस्यद्वय मनोज ठाकुर एवं विष्णु पटेल उपस्थित थे। मैच में अंपायर का दायित्व सचिन पाराशर और राहुल शर्मा ने तथा स्कोरर का दायित्व प्रखर जैन ने निभाया। जबलपुर संभाग की इस शानदार जीत पर संचालन समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ भाई पटेल, सुरेश वर्मा,नरेश सचदेवा, महेंद्र सचदेवा, विक्रम जनसारी, नितिन पांडे और भावना श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राजकुमार साहू** -विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साहू (साहू फिश एक्वेरियम रामलीला मैदान सदर) के बड़े भाई एवं सपन साहू के पिताजी राजकुमार साहू जी का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा कल 14 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे उनके निज निवास स्थान मॉडल टाउन रोड़,बिलहरी से गौरी घाट मुक्ति के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री सुनील शर्मा**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री सुनील शर्मा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत सिंह**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अजीत सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लाल सिंह**- सुभाष नगर महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री लाल सिंह (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**कु. काजल रजक**- गोहलपुर धोबी मोहल्ला निवासी श्री रूपलाल रजक की पुत्री कु. काजल रजक (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री करोड़े**- सीओडी कॉलोनी रांझी निवासी श्री करोड़े (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई रजक**- सूजीपुरा मिलौनीगंज निवासी श्री मूलचंद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई रजक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय तिवारी**- न्यू शास्त्री नगर गढ़ा निवासी श्री संजय तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हेमंत चक्रवर्ती**- भानतलैया कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री लख्खू लाल चक्रवर्ती के पुत्र श्री हेमंत चक्रवर्ती (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती सरोज शर्मा**- समीक्षा टाउन कांचघर निवासी श्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज शर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश वाल्मीक**- सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री जगदीश वाल्मीक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती गिरजा देवी श्रीवास**- सुहागी बीजासेन मंदिर के पास निवासी श्री लक्ष्मण राम श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा देवी श्रीवास (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजना रैकवार**- मांडवा टेंडर 1 रामपुर निवासी श्री राकेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना रैकवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में किया गया।

**श्री गजेंद्र कुमार चंदोल**- शक्तिनगर सैनिक सोसायटी निवासी श्री गजेंद्र कुमार चंदोल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कोमल सिंह**- गंगासागर लोधी मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री कोमल सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# कार में आकर लूट लेते थे वाहन, मोबाइल और रुपये

*जबलपुर, देशबन्धु। पुलिस ने पांच सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है, जो कार में आकर दो पहिया वाहन, मोबाइल व रुपये छीनकर फरार हो जाते थे। पुलिस के हत्थे चढे गिरोह में तीन नवयुवक तथा दो नाबालिग हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ डकैती की तहत प्रकरण दर्ज कर विधि अनुसार कार्यवाही की। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि नशे में होने के कारण उन्होंने वारदातों को अंजाम दिया था।*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि ओमती थानान्तर्गत विगत 11 फरवरी की रात लगभग 2 बजे कल्चरल स्ट्रीट के समीप नानी की दवाई लेने आये युवक शब्बीर अहमद को कार तथा स्कूटी के आये पांच युवक ने रोका। इसके बाद मारपीट करते हुए उसका मोबाइल, दवा के पांच सौ रुपये तथा एक्टिवा गाड़ी छीनकर फरार हो गये। इसी प्रकार गढ़ा थानान्तर्गत मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास कार में सवार पांच युवक ने अनुराग उपाध्याय उम्र 21 वर्ष को रोककर पता पूछा था। इसके बाद आरोपी मारपीट कर उसकी एक्सिस गाडी छीनकर फरार हो गये थे। ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि घटना में पांच व्यक्ति शामिल होने के कारण डकैती का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी नीशू केसरवानी उम्र 19 साल निवासी कंचनपुर अधारताल, एष्वर्य नाहिर उम्र 19 साल निवासी द्वारका नगर घमापुर, ऋषि यादव उम्र 19 निवासी लालमाटी सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की। सभी आपस में दोस्त है और पूछताछ में दौरान उन्होंने बताया कि नशे में होने के कारण उन्होंने घटना को अंजाम दिया था।



पांच सदस्यीय गिरोह में दो नाबालिग शामिल

# दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

***जबलपुर, देशबन्धु। घमापुर** चौक स्थित एमपी ऑनलाइन संचालक द्वारा सीज दुकान में घुसकर दस्तावेज निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जिला प्रशासन की तरफ से बेलबाग थाने में लिखित शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर जांच के बाद आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है।*

बेलबाग पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एमपी ऑनलाइन संचालक द्वारा जाति प्रमाण पत्र आदि गलत तरीके से बनाये जा थे ।

इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर 6 फरवरी को रांझी एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस की टीम ने छापा मार दुकान को सील किया गया था। सीज दुकान को जब दोबारा 11 फरवरी को खोला गया तो वहां से संदिग्ध मिले दस्तावेज गायब थे। जांच में पाया गया कि दुकान के पीछे से घुसकर दस्तावेजों को गायब किया गया है। जिसके बाद रांझी एसडीएम रघुवीर सिंह मरावी ने दुकान संचालक पर कार्यवाही के लिए बेलबाग थाने को पत्र लिखा था।


पत्र के आधार पर एमपी ऑनलाइन संचालक जुबेर मलिक के खिलाफ धारा 329,238 और 221 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। गौरतलब है कि रांझी एसडीएम द्वारा 6 फरवरी को घामपुर चौक स्थित मलिक एसोसिएट नाम दुकान पर छापा मारा था।

छापे की कार्यवाही के दौरान दुकान में कई स्कूलों से संबंधित दस्तावेज दाखिला-खारिज व जाति प्रमाण-पत्र बरामद हुए थे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने उक्त दुकान को सील कर दिया गया था।

# अज्ञात वाहन ने बाईक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

## तिलवारा वाटर प्लांट के समीप हादसा

***जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत जल संशोधन प्लांट के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक की व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरे को गंभीर हालत में उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।*



तिलवारा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में भर्ती फादर सुलेमान उम्र 49 वर्ष निवासी सेंट जूट चर्च सगड़ा तिलवारा ने बताया कि वह सेंट जूट चर्च में रहता है। बीती रात लगभग 8-30 बजे जल संशोधन प्लांट के आगे नागपुर हाईवे रोड पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 34 एमसी 2172 से तिलवारा घाट की तरफ से आ रहे फादर पालसन एवं कूरूष एन्थोनी को किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेज गति लापरवाही से वाहन चलाते हुये टक्कर मार दी। जिससे फादर पालसन को सिर मुंह पैर तथा कुरूष एनथोनी को दोनों हाथ सिर एवं शरीर में चोटें आयीं। जिन्हें उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज लेकर आये। जहां कुरूष एनथोनी उपचार हेतु भर्ती कर लिया गया तथा फादर पालसन उम्र 49 वर्ष निवासी सेंट जूट चर्च सगड़ा तिलवारा को मृत घोषित कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




# वरिष्ठ कार्यालय व आयोग की शिकायत का 15 दिनों में करें निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने पुलिस कंट्रोल रूम में राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने बैठक में उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वरिष्ठ कार्यालय एवं आयोग आदि से प्राप्त लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर 15 दिवस के अंदर निराकरण किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में लंबित सभी शिकायत की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने बैठक में उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित किया कि सी.एम. हैल्प लाईन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 ,समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) प्रदीप कुमार शेण्डे, सहित जिले में पदस्थ समस्त नगर पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस अधीक्षक व एस.डी.ओ.पी उपस्थित थे।

# शराब के लिए रुपये न देने पर चाकू से हमला

## गोरखपुर बृजमोहन नगर में वारदात

***जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर बृजमोहन नगर में कुछ असामाजिक तत्वों ने शराब के लिए रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।*

पुलिस ने बताया कि बृजमोहन नगर निवासी यूसुफ खान उम्र 39 वर्ष निवासी बृजमोहन नगर कालोनी रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इलेक्ट्रॉनिक और फर्नीचर की दुकान रामपुर में चलता है। बीती रात वह अपनी दुकान बंद करके घर पहुँचा, तभी उसकी दुकान में काम करने वाले अजाज खान ने उसे फोन कर बताया कि हमारे किराये के मकान के सामने कोई गाली गलौज कर रहा है और चाकू चमका रहा है। जिसके बाद यूसुफ अपने भाई अब्दुल यासिफ खान, अब्दुल यासीन खान, साहिल खान को लेकर अजाज खान के किराये के मकान के पास पहुंचा। जहां अंशू कुरैशी, भूरा चौधरी, अयान कुरैशी, सोहेल खान वहां ख? थे और गाली गलौज करते हुये अजाज को बोल रहे थे कि हम लोगों का शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये दो। यूसुफ व उसके भाईयों ने समझाईश दी तो अंशु कुरैशी ने चाकू से हमला कर उसकी बायें हाथ की छिंगली और मुंह में चोट पहुंचा दी। यूसुफ के भाईयों ने बीच बचाव कि तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचा दी। जिससे सभी को चोटे आ गई।



# पेंच टाइगर रिजर्व फारेस्ट एरिया से आदिवासियों को बार-बार क्यों कर रहे हो बेदखल

## हाईकोर्ट ने कलेक्टर सिवनी को दो सप्ताह में शपथ पत्र पर जवाब पेश करने दिए निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने पेच टाइगर रिजर्व फारेस्ट एरिया से आदिवासियों को बार-बार बेदखल किए जाने के रवैये को चुनौती के मामले में स्पष्टीकरण मांग लिया है। इस सिलसिले में कलेक्टर सिवनी को दो सप्ताह के भीतर शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दया याचिका की सुनवाई नियमित याचिका के रूप में किए जाने की भी व्यवस्था दे दी है।

दया याचिकाकर्ता सिवनी निवासी किशोरी लाल भलावी, शांता बाई व यशवंत करवेती की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, नारायण चौधरी, महेन्द्र अहिरवार व एकता चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता पेंच टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के पुश्तैनी निवासी हैं और पिछली कई पीढ़ियों से फारेस्ट एरिया के अंदर निवासरत हैं। वर्ष 1995 में भारत सरकार व मप्र शासन ने उक्त एरिया को अधिसूचित कर टाईगर रिजर्व एरिया घोषित कर दिया था। मप्र शासन ने याचिका कर्ताओं सहित ग्राम के अन्य लोगों को जबलपुर से नागपुर हाईवे के किनारे ग्राम कर्माझिरि, ग्राम टूरिया और ग्राम जमतरा तहसील बरघाट, जिला सिवनी के आदिवासियों को अधिसूचित क्षेत्र से बाहर उक्त क्षेत्र में बसाया था। मप्र शासन द्वारा आदिवासियों को पट्टा अधिनियम 2006 के तहत् पट्टे प्रदान किए गए थे। जहां सभी आदिवासी अपने मकान बनाकर शांतिपूर्ण रूप से अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। लेकिन पिछले दिनों टाईगर सफारी के नाम पर बड़े-बड़े होटल बनाकर 24 घंटे भारी वाहनों से आवागमन कर वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा आर्टिफिशियल बल लगाकर ग्रीन इंडिया के नाम पर लूटमार की जा रही है। समय-समय पर आदिवासियों की रक्षा के लिए पांचवीं व छठवीं अनुसूची के अनुरूप मप्र शासन द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए किंतु उस पर अमल नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में कलेक्टर सिवनी द्वारा इन तीन ग्राम के आदिवासियों को बेदखल करने का प्रयास कर होटल बनाने की तैयारी की जा रही है।

# प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप के संबंध में एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने मिली मोहलत

## हाईकोर्ट ने दिये थे निर्माता कंपनी पर कार्यवाही के आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार ने मानव जीवन के लिए हानिकारक कोरेक्स कफ सिरप पर प्रतिबंध के बावजूद भी सिरप का उत्पादन और खुले बाजार में बिक्री को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट प्रतिबंधित सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस देते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये थे। याचिका पर गुरुवार




को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से एक्शन टेकन रिपोर्ट पेष करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने चार सप्ताह का समय प्रदान करने हुए अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि सरकार ने जून 2023 में नोटिफिकेशन जारी कर क्लोफेनिरामाइन तथा कोडिन से युक्त कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद भी ऐसे कप सिरप का उत्पादन जारी है। याचिका में कहा गया है कि ऐसे कफ सिरप का उत्पादन नशे के लिए किया जाता है। देश सहित प्रदेश के कई स्थानों में बड़ी संख्या में प्रतिबंधित सिरप पक? गये हैं। अधिसूचना के तहत इस तरह की गतिविधियों पर ड्रग कंट्रोलर, ड्रग इंस्पेक्टर तथा नारकोटिक्स कंट्रोल को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। संबंधित अधिकारियों के द्वारा दायित्व का सही तरीके से परिपालन नहीं किये जाने के कारण प्रतिबंधित सिरप के उत्पादन जारी है।

याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल तथा प्रदेश सरकार के खाद्य एवं औषधि विभाग व ड्रग कंट्रोलर व डायरेक्टर जनरल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से अंतरिम राहत के लिए आवेदन पेश किया गया था। जिसमें कहा गया था कि प्रतिबंधित सिरप बनाने वाली कंपनी पर कार्यवाही होनी चाहिये। केन्द्र सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना का पालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। आवेदन के साथ याचिकाकर्ता ने 30 से अधिक एफआईआर की जानकारी पेश करते हुए बताया गया था कि प्रतिबंधित सिरप मिलने पर प्रकरण दर्ज किये गये है। याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा।

# वसीयत की भूमि का विक्रय अनुबंध कर 20 लाख 40 हजार हड़पे

## अदालत ने धोखाधड़ी की आरोपित वृद्धा सहित अन्य को नहीं दी अग्रिम जमानत

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने वसीयत की भूमि का विक्रय अनुबंध का 20 लाख 40 हजार हड़पने की आरोपित वृद्धा शहपुरा निवासी जमुना बाई सहित अन्य की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आपत्तिकर्ता अमित पटेल की ओर से अधिवक्ता आरके सिंह सैनी, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र पंकज, गुलाब ठाकुर, कहकशां मंसूरी, अभय सोनी व सरबजीत सिंह सैनी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मुख्य आरोपी जमना बाई ने 22 हजार वर्ग फीट भूमि विक्रय करने का अनुबंध आपत्तिकर्ता अमित पटेल के साथ किया था। जिसके एवज में राशि अपने पुत्र के बैंक खाते में ट्रांसफर करा ली। इससे पहले की भूमि की रजिस्ट्री कराई जाती, जमुना बाई ने उसी भूमि की वसीयत अपने पुत्र धर्मेंद्र व पुत्री सावित्रीबाई के नाम कर दी। जैसे ही इस सच्चाई का पता चला अमित पटेल ने भेड़ाघाट थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। चूंकि आरोपियों की गिरफ्तारी होनी है, अत꞉ बचने के लिए अग्रिम जमानत अर्जी दायर की गई है, जो कि प्रकरण की गंभीरता के कारण निरस्त किए जाने योग्य है।

# बिजली कंपनियों व नियामक आयोग से जवाब तलब

## दो प्रक्रियाओं से वसूली को चुनौती देते हुए दायर की गयी याचिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने बिजली खरीदी व आपूर्ति पर दो प्रक्रियाओं से वसूली पर आपत्ति के प्रकरण में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य को आवश्यक पक्षकार बनाये के निर्देश देते हुए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। विवाद के प्रश्न पर कानूनी बिंदु के निर्धारण तक अंतरिम रोक की मांग के मामले में मप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग को नोटिस जारी किये गये है। आयोग के वकील के निवेदन पर युगलपीठ ने जवाब प्रस्तुत करने चार सप्ताह का समय प्रदान किया है।

उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि बिजली कम्पनियों द्वारा बिजली रेट बढ़ाने हेतु वार्षिक राजस्व आवश्यकता रिपोर्ट (एआरआर) में रेट निर्धारण हेतु बिजली खरीदी व बिजली आपूर्ति की लागत बताई गई है। यही बिन्दु फ्यूल सरचार्ज के निर्धारण में भी शामिल किया गया है। एक ही बिन्दु पर दो प्रक्रियाओं से दो बार वसूली करना कानूनन गलत है। जब तक इस कानूनी मुद्दे का निराकरण नहीं किया जाता है, तब तक आयोग को वर्ष 2025-2026 बिजली दर निर्धारण पर रोक लगाना चाहिए। यह आपत्ति विद्युत नियामक आयोग को भेजी थी। विद्युत नियामक आयोग ने इस आपत्ति पर केवल नो कमेंट कहते हुए बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया जारी रखी है। यदि आपत्ति पर आयोग अनावेदक नो कमेंट कहता है तो यह माना जाना चाहिए की याचिकाकर्ताओं की आपत्ति सही है।

मप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा नो कमेंट जैसी प्रतिक्रिया दिए जाने के उपरांत व्यापक जनहित में याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त निर्देश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पैरवी की।

# अण्डा दुकान में बिक रही थी अवैध शराब पनागर पुलिस ने की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर पुलिस ने बम्होरी मोड़ पर स्थित एक कच्चे मकान में अण्डे की दुकान संचालन करने वाले व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा है। जिसके पास से एक घरेलू गैस सिलेण्डर भी बरामद किया गया है, जिसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बम्होरी मोड़ पर दबिश दी गई। जहां कुछ लोग शराब खरीदते हुए दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दुकान संचालक संदीप कुमार चौरसिया उम्र 34 वर्ष निवासी गांधीग्राम बुढ़ागर को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने 16 पाव देशी शराब व एक घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त करते हुए उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की।

# वाहनों में गैस रिफलिंग करते हुए पकड़ाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदनमहल पुलिस ने शराब दुकान के पास बनी एक टपरिया में एक व्यक्ति को वाहनों में गैस रिफलिंग करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी चिरंजीत माईकी उम्र 38 वर्ष निवासी रॉयल अस्पताल के पीछे कछपुरा मदन महल का टपरिया में घरेलू गैस सिलेंडर रेग्युलेटर ,तौल कांटा एवं कंप्रेसर मशीन में पाइप तथा रेग्युलेटर एवं नोजल लगा हुआ रखे मिला। पुलिस ने गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की।

# चार जुआड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर पुलिस ने साईं नगर खन्ना बिल्डर्स के प्लाट में बिजली के खम्बे के नीचे इक्का-बली पर दांव लगाते हुए चार जुआड़ियों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने चार हजार 60 रुपये की नगदी व ताश के 52 पत्तें जप्त किये है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उक्त स्थान पर दबिश दी गई। जहां से दिनेश छपेल निवासी सदर महावीर कम्पाउण्ड थाना केंट, अमन जाट निवासी घमापुर कंजड़ मोहल्ला थाना बेलबाग, अंकित कुमार गौसाई निवासी भानतलैया बकरा मार्केट बेलबाग, अकरम राईन निवासी मछरहाई मस्जिद के पास लार्डगंज को हिरासत में लिया गया है।

# युवक पर कड़ा से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाने में सुदामा बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी सुभाषनगर कंचनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9 बजे वह अपने घर के पास सुभाषनगर में खड़ा था। उसी समय प्रियांशु गोटिया उर्फ पउआ आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा। उसने रूपये देने से मना किया तो प्रियांशु गाली गलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो प्रियांशु ने अपने हाथ में पहने हुये कड़ा से मारकर सिर में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# प्रयागराज से सिंगरौली जा रही बस पलटी, एक की मौत, सात गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** प्रयागराज से सीधी की ओर जाने वाली एक बस आज शुक्रवार की अलसुबह मऊगंज-सीधी मार्ग स्थित पचपहरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की जहां मौत हो गई, वहीं 22 यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मऊगंज प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 15 को सीधी, 7 को मऊगंज तथा 1 गंभीर को रीवा उपचार के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि उस दौरान बस की रफ्तार काफी तेज थी। संभवत- तेज रफ्तार होने की वजह से चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा होगा लिहाजा बस अनियंत्रित हो गई।

**ग्रामीणों ने दी सूचना-** बहेरा डाबर के समीप पचपहरा में सुबह लगभग 6 बजे जैसे ही बस पलटी और चीख पुकार मचने लगी तो



आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने जहां बस के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू की, वहीं मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासन को भी दे दी। यही वजह है कि घटना घटित होने के कुछ समय बाद ही त्वरित कदम उठाते हुए प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर जा पहुंचे और घायल श्रद्धालुओं को तत्काल अस्पताल भेजने की व्यवस्था तेज हो गई। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद कलेक्टर व एसपी ने घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**बस में 61 लोग थे सवार-** श्रद्धालुओं को लेकर मऊगंज के रास्ते सीधी से सिंगरौली की ओर जाने वाली बस में 61 लोग सवार थे। जिसमें ज्यादातर यात्री सिंगरौली अंतर्गत महुआ हरसेड़ी और गड़ई गांव के निवासी बताए गए हैं। जिस समय बस पलटी उस दौरान काफी यात्री ऊंघ रहे थे। बस के पलटने की वजह फिलहाल ब्रेक का फेल होना तथा बस के चढ़ाई पर होने की वजह से पीछे की ओर आना बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं जानकारी के मुताबिक घायलों में प्रशासन की ओर से 15 लोगों को सीधी, 7 को मऊगंज तथा 1 गंभीर को रीवा रेफर किया गया है।

# जिले में कृषि के क्षेत्र में लगातार हो रहे नवाचार

## कृषक दुर्गेश पटैल 70 एकड़ में कर रहे किनोवा की खेती

**पाटन, देशबन्धु।** कृषि विभाग जबलपुर द्वारा लगातार किसानों को फसल नवाचार एवं विविधिकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि जिले के किसान लगातार नवाचार कर रहे है। कृषि अधिकारियों द्वारा पाटन विकासखण्ड के भरतरी गांव के किसान दुर्गेष पटैल के खेत में उनके द्वारा लगाई गई किनोवा की फसल का उपसंचालक कृषि जबलपुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन,कृषि विस्तार अधिकारी ने अवलोकन किया।

कृषक दुर्गेश पटैल के द्वारा 70 एकड में किनोवा की फसल लगाई हैं दुर्गेश पटेल ने बताया की पारंपरिक तरीके से लगातार खेती करने में उन्हें ना तो कुछ नया सीखने को मिल पा रहा था तथा ना ही उनके आय में कोई बढ़ोतरी हो पा रही थी इसलिए उन्होंने किनोवा जैसी फसल चुनी जिसके उत्पादन में पारंपरिक खेती की तुलना में अधिक उत्पादन एवं कम लागत के चलते अधिक आय मिल सके। आगे उन्होंने बताया कि उनके द्वारा सफेद किनोवा लगाया है जिसका उन्होने 3 किलो बीज प्रति एकड छिटकवा विधि से अक्टूबर माह में लगाया गया है,जिसका बीज नीमच से मगाया था। उनकी फसल दाने भरने की अवस्था में है एवं उन्हे लगभग 10 क्वि.प्रति एक एकड



उत्पादन मिलने की सम्भावना है,मण्डी भाव औसतन 6000 प्रति क्वि. रहता है।

उन्होने बताया कि किनोवा लगाने में उन्हें लगभग 15000 रूपये प्रति एकड लागत आई है एवं कुल 60000 रूपये उनको प्राप्त होगा एवं लगभग 45000 रूपये प्रति एकड लाभ मिलने की संभावना है। उन्होने यह भी बताया कि इसमे किसी तरह की कीट एवं बीमारियों का प्रकोप नही होता है एवं जानवर भी इसे किसी प्रकार का नुकसान नही पहुचाते है इस कारण फसल उत्पादन में किसी भी प्रकार का रासायनिक पदार्थ उपयोग नहीं किया जाता है यह भी एक मुख्य कारण है की अन्य फसलों की अपेक्षा लगने वाली लागत कम है। उपसंचालक डॉ एस.के.निगम ने बताया कि किनोवा को बंजर मैदानी और पथरीली सभी तरह की भूमि के साथ-साथ अच्छी उपजाउ भूमि में भी लिया जा सकता है जिसमे जल निकासी की अच्छी सुविधा हो। उन्होने यह भी बताया कि जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विघालय में भी इस पर प्रयोग हो रहे है यह फसल सूखे के प्रति और ठंड पाले से सहनशील है एवं कम पानी की आवश्यकता होती है। वही किनोवा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट,वसा,रेशा ,विटामिन और खनिज तत्व कैल्शियम, मैग्नीशियम, लोहा, जिंक, मैंगजीन आदि प्रचुर मात्रा मे होते है। किनोवा एंटीएक्सीडेंट से भरा हुआ है एवं ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होने से मधुमेह रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक डॉक्टर एस.के. निगम,अनुभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी देवआनंद सिंह एवं अन्य कृषक ओमप्रकाश,रविशंकर पटेल, ईश्वर पटेल, रंजीत पटेल, संतोष, गिरवर पटेल, पुखराज, हल्लू बर्मन एवं आदित्य पटेल उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन में हुए विविध आयोजन व प्रतियोगिताएं




**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के संरक्षण तथा अवधेश दुबे स्नेह सम्मेलन प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रथम चरण के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्यिक, सांस्कृति, खेलकूद, शतरंज, कैरम, बैडमिन्टन, एथलेटिक्स (ट्रेक एण्ड फील्ड) कलश सज्जा, कैश सज्जा, थाल सज्जा, सलाद सज्जा, मेंहदी, व्यजन प्रतियोगिता, रांगोली, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, लोक नृत्य, नाटक, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता (भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृति अनुसार) आयोजित की गई। कॉलेज के बच्चों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी कला की प्रस्तुति की।

### महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ट्रैक्टर पलटा,10 की हालत गंभीर



**रीवा देशबन्धु।** महाकुंभ में गंगा स्नान कर ट्रैक्टर में सवार होकर रीवा की ओर वापस आ रहे श्रद्धालु सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। घटना मनगवां थाना क्षेत्र में बीती रात लगभग ढाई बजे की है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में श्रद्धालुओं के साथ बच्चे भी सवार थे। जानकारी के अनुसार मनगवां थाना क्षेत्र के गंगेव कलवारी के पास हादसा हुआ। उस दौरान ट्रैक्टर में लगभग 25 श्रद्धालु सवार थे। घायलों में 10 की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में परिजनों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात तकरीबन 10 बजे वह प्रयागराज से रीवा के लिए निकले थे। कलवारी गांव के समीप अचानक बस के सामने आ जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। सभी घायल रीवा शहरी क्षेत्र ढेकहा के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में प्रमोद मिश्रा, रामजी शर्मा, कान्हा द्विवेदी, शोभा द्विवेदी, शकुंतला द्विवेदी, पिंकी शर्मा, कीर्ति द्विवेदी, सुशीला पाठक, विमलेन्द्र द्विवेदी, हिमांशु पाठक घायल हुए हैं।

### तीन मजदूर मिट्टी धंसकने से दबे, एक की मौत



**सतना, देशबन्धु।** रामनगर के नौगांव नम्बर 4 में हुई बैजनाथ यादव की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीण मुआवजे की मांग पर 22 घंटे तक अड़े रहे। कलेक्टर रानी बाटड और एसपी सुधीर अग्रवाल जब मौके पर पहुंचे तब उनकी समझाइश के बाद मामला कुछ हद शांत हुआ। एसडीएम डॉ. आरती सिंह, थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी, नायब तहसीलदार ललित धार्वे, रोशनलाल रावत सहित पुलिस और प्रशासनिक अमले ने इस दौरान मोर्चा संभाले रखा। जनप्रतिनिधियों ने भी की कड़ी मशक्कत की और भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता सूरज, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव विक्रामादित्य सिंह गिनी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा मौके पर समझाने में जुटे रहे। सहमति बनी कि मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए का मुआवजा ठेका कंपनी और 4 लाख रुपए सरकारी योजना से मिलेगा। इसके बाद परिजनों ने शव को मौके से उठाया। गौरतलब है कि नहर की मिट्टी धंसकने से तीन मजदूर दब गए थे। इनमें से एक बैजनाथ यादव की मौत हो गई है।

# नर्मदा तट पर न लगे उद्योग, प्रदूषित होगी नर्मदा

**कुंडम, देशबन्धु।** नर्मदा तट पर न लगे उद्योग इससे नर्मदा प्रदूषित होगी उद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगाए विवेक अवस्थी। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी ने नर्मदा क्षेत्र में कोई भी येसा उद्योग न लगाये, जिससे नर्मदा जी प्रदूषित हो।

उद्योग शासन लगाये चिन्हित क्षेत्र में नर्मदा किनारे बन लगाये जिससे पर्यावरण सहित नर्मदा जी को लाभ हो। इस संदर्भ में एक ज्ञापन कलेक्टर जबलपुर को दिया, साथ ही नर्मदा जी और उनकी सहायक नादियो में जारी



अवैध उत्खनन पर भी लगाम लगाए सरकार इस अवसर पर युवराज तिवारी पूनम सोनकर कमलापटेल राजेश सोनी अनिरुद्ध सिंग नेतेश मनोध्या अनिल पांडे उपस्थित थे।

# तहसील में बाबूओं का राज, नहीं आते समय पर

**कुंडम, देशबन्धु।** तहसील के बाबुओं का रंग रवैया समय आने का बदल गया है। बताया जाता है कि 10.30 तहसील कार्यालय खुल जाते हैं, लेकिन तहसील के बाबू लोग एक बजे के आसपास आते हैं और 4 बजे के पहले तहसील से घर की ओर निकल जाते हैं।

ग्रामीण जन तहसील के बाबुओं से परेशान हो रहे हैं। समय पर ना आने से हितग्राही शिकायतकर्ता तहसील से संबंधित कार्य उनके बिगड़ रहे हैं। तहसील के अधिकारियों से ग्रामीणजनों ने निवेदन किया है कि 10.30 बजे




कार्यालय समय का ध्यान देकर अपने कार्य समय में आकर ग्रामीणजनों का कार्य करें,ख ताकि किसी क्षेत्रीय दूर से आए हुए व्यक्तियों को बाबू लोगों से परेशानी न हो।

## अंधी हत्या का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**रीवा, देशबन्धु।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाढ़ी में बीते दिनों हुई 15 वर्षीय किशोरी की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। वारदात को अंजाम देने वाले किशोरी के दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने नदी पर फेंकी गई कुल्हाड़ी को भी बरामद कर लिया है।

तत्संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जनवरी की सुबह तकरीबन 6-30 बजे चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाढ़ी निवासी सनानंद प्रसाद मिश्रा की 15 वर्षी पुत्री की लाश घर से कुछ ही दूर रक्त रंजिश अवस्था में मिली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बताया गया है कि पुलिस ने मिले साक्ष्य के आधार पर संदेही शुभम यादव पिता रमेश यादव उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम देवमऊ दलदल थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ के दौरान किशोरी की हत्या करना कबूल किया है। मृतका किशोरी की ढाई साल से दोस्ती थी। इसी बीच मृतिका किसी और के संपर्क में आ गई जिसका पता शुभम को चल गया। घटना दिनांक को शुभम ने मृतिका को फोन करके बुलाया था। और जैसे ही वह घर से कुछ दूर पहुंची तभी आरोपी ने कुल्हाड़ी से किशोरी के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया।

# विद्यार्थियों ने रुपनाथ, तिगवां और सिंदूरसी का किया भ्रमण

**कुंडम, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय कुंडम के इतिहास विभाग के तत्वावधान में 44 विद्यार्थियों ने रूपनाथ, तिगवां और सिंदूरसी के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। रूपनाथ में जहां मौर्यकालीन शिलालेख को विद्यार्थियों ने देखा वहीं सिंदूरसी में गुप्तकालीन शैलकृत प्रतिमाएं तथा तिगवां में गुप्तकालीन मंदिर के बारे में विद्यार्थियों को जानने का अवसर मिला। इस पूरे भ्रमण कार्यक्रम को माननीय विधायक सिहोरा श्री संतोष बरकडे जी के द्वारा प्रायोजित किया गया।

इस भ्रमण कार्यक्रम में होने वाला पूरा व्यय विधायक के द्वारा वहन किया गया। तिगवां में विधायक को अपने साथ पाकर विद्यार्थियों की खुशी और उत्साह दुगुना हो गया। भ्रमण दल के साथ जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री रवि




महोबिया जी, जनभागीदारी सदस्य श्री राधेश्याम साहू जी एवं अशोक जैन, ल्युमीनाई समिति के अध्यक्ष श्री राकेश पटेल की उपस्थिति ने विद्यार्थियों में प्रेरणा और उत्साह का संचार किया। भ्रमण कार्यक्रम डॉ. रश्मि झारिया, डॉ. आयशा सिद्धिक़ा, अमरदीप बिंझारे एवं देवेंद्र दुबे के नेतृत्व एवं निर्देशन में आयोजित हुआ 7 सभी विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण के लिये माननीय विधायक महोदय एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सम्मानीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मप्र शिक्षक संघ के त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से आयोजित

## आशीष तिवारी बने जिला अध्यक्ष

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा जबलपुर के त्रिवार्षिक चुनाव शासकीय एमएलबी विद्यालय जबलपुर में चुनाव अधिकारी सत्य प्रकाश त्यागी पर्यवेक्षक नागेश पांडे भोपाल की उपस्थिति में एवं जिला संयोजक प्रोफेसर डॉ अजय तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए।

जिसमें आशीष तिवारी को जिला अध्यक्ष, दिनेश कुमार मिश्रा सचिव, सनत द्विवेदी कोषाध्यक्ष, राजेश पाठक, अजय कुमार दुबे, कालीचरण राय, दीपशिखा कुशवाहा, अजय शुक्ला, नितिन शर्मा उपाध्यक्ष, अर्चना भट्ट, डीसी अहिरवार, मनोज कुमार कोरी, महेंद्र आहवासी, भूमिका पटेल, अर्चना बाजपेई सहसचिव एवं 10 कार्यकारिणी सदस्यों श्रीमती संध्या तिवारी, देवेंद्र यादव, सुमित पाठक, डॉक्टर मनीष कोल, आसमाबी अंसारी, अनिल प्यासी, सुलभ दीक्षित चंद्रभान गर्ग, रुचि साहू का चुनाव निर्विरोध



रूप से संपन्न हुआ। भोपाल से आए पर्यवेक्षक नागेश पांडे के द्वारा सभी को हार्दिक बधाइयां देते हुए शिक्षक संवर्ग के हितार्थ निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र रिछारिया, प्रवीण पाराशर, महेंद्र पटेल, रवि मिश्रा, अनिल प्यासी, तेजबल लोधी, अनिरुद्ध मिश्रा, मनीष दुबे, श्रुति मिश्रा, अनीता ठाकुर, स्नेह लता प्यासी, सुमन खरे, मनोज शुक्ला सहित ब्लॉक तहसील नगर एवं ग्रामीण के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पांच हजार का इनामी आरोपी गिफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में 2 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में फरार 5000 के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए शातिर अपराधी के ऊपर रीवा संभाग के तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा थानों में आपराधिक मामले दर्ज है घटना के संबंध में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 में कृष्णा यादव पिता जोखू लाल उम्र 22 वर्ष निवाशी विश्वविद्यालय की हत्या कर दी गई थी जांच के दौरान पता चला था कि कृष्णा यादव की हत्या शातिर अपराधी रोहित जायसवाल पिता अमृतलाल जायसवाल निवासी घोघर थाना सिटी कोतवाली द्वारा की गई थी लेकिन वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था इसी बीच आज सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या के मामले में फरार आरोपी नीम चौराहे के समीप देखा गया है जिससे गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# भगवान श्रीकृष्ण के सखा सुदामा सर्वगुण संपन्न थे

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा में व्यास जी रहस्य बिहारी महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा गरीब ब्राह्मण नहीं थे। वह भगवान श्रीकृष्ण के सखा थे, जो सर्वगुण संपन्न थे, जिनको प्रभु कृष्ण का सानंद प्राप्त था। उनको किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं थी। मित्रता की मिसाल देखना है, तो कृष्ण सुदामा चरित्र में मिलेगी चित्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा को श्रवण किया एवं ग्रामवासियों द्वारा बरा वाले परिवार की ओर से कन्या भोजन एवं क्षेत्रीय लोगों को मन भंडारे का आयोजन किया। क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह लोधी, रोहिणी सिंह लोधी, रामजी पटेल, कमलेश सिंह पटेल, शंकर सिंह पटेल, नेकराम सिंह पटेल, राजेंद्र बंधु जैन, चतुर सिंह लोधी, नर्मदा प्रसाद, पप्पू भैया, राजा पटेल, शिवकुमार पटेल, रवि लोधी, राजाराम लोधी, संदीप पटेल, शिवराज सिंह लोधी, अंकित पटेल, अजय पटेल,



राकेश पटेल, लाल साहब लोधी, शिवम पटेल, छोटू बराबरी, संतोष पटेल, अरविंद सिंह अजय सिंह लोटन पटेल, हुकुम छोटू इंदु पटेल, विजय पटेल, मुकेश पटेल, प्रशांत सिंह लोधी, राजेंद्र सिंह लोधी, नारायण पटेल, निजाम सिंह पटेल, अर्जुन सिंह लोधी देवेंद्र पटेल, यशपाल सिंह, राजकुमार रामजी पटेल, राहुल पटेल, जाम सिंह लोधी, भूपेंद्र सिंह भरे, रोहित कमल पटेल, नीरज संतोष, अनिल सुनील, मालक पटेल, प्रेम सिंह मुनीम साहब, विजय अखिलेश, साहब सिंह, विमल लाखन सिंह, पुरुषोत्तम पटेल, मलिक गुलजार, गुलाब टावर लोधी, इंद्र कुमार लोधी नन्नाकु बराबारे अभिषेक निलेश लक्ष्मण लेखराम सिंह लोधी एवं समस्त बराबारे परिवार नए सहयोग एवं कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की कार्यक्रम के अंत में दूर-दूर से आए सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रदर्शन किया गया।

## ज्ञान भक्ति वैराग्य एवं धुंधकारी गोकर्ण की कथा का वर्णन : पं. राजेश वृंदावन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नमदां माँ के तट पर शीतल पुर (कुलोन गाम् में) भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गाम् में वड़ी धूमधाम से यात्रा निकाली गई और पुराण कथा का वाचन हुआ कथा वाचक पंडित राजेश वृंदावन हैं। श्रीमद् भागवत पुराण द्वितीय दिवस की प्रसंग में ज्ञान भक्ति वैराग्य एवं धुंधकारी गोकर्ण की



कथा का वर्णन किया गया। सुखदेव का प्रकट उत्सव परीक्षित को सराफ से मुक्ति प्रणय करने वाला श्रीमद् भागवत पुराण का चरित्र सुखदेव जी ने सुनाया। सच्चिदानंद रुपए विश्व उत्पत्ति आदि हित में तपतराय विनाशयो श्री कृष्ण एवं नमः सत्यजीत आनंद भगवान के स्वरूपों का वर्णन एवं महत्व की कथा का वचन हुआ, जिसमें राजेश कृष्ण महाराज के मुखारविंद द्वारा सुनाया गया कि इन स्वरूपों का वर्णन और मनन चिंतन करके हमारी समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

## ट्रंप ने पुतिन को मिलाया फोन, रूसी राष्ट्रपति ने मॉस्को आने का दिया न्यौता, यूक्रेन जंग पर भी बात

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को फोन कॉल पर बातचीत की है। दोनों नेताओं ने इस दौरान यूक्रेन में बीते तीन साल से चल रही जंग को खत्म करने को लेकर चर्चा की है। वहीं ट्रंप और पुतिन ने भविष्य में मिलने पर सहमति भी जताई है। रूस की ओर से एक बयान जारी कर बताया गया है कि पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने के लिए आमंत्रित किया है। वहीं ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन में जंग में हो रही मौतों को रोकने का समय आ गया है। गौरतलब है कि ट्रंप ने कई मौकों पर कहा है कि अगर वह उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति होते तो यह जंग कभी शुरू ही नहीं होती। बता दें कि 2022 के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति और रूसी राष्ट्रपति के बीच पहली बार बातचीत हुई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस बातचीत पर जानकारी देते हुए कहा कि पुतिन और ट्रंप ने मिडिल ईस्ट, द्विपक्षीय संबंधों, यूक्रेन में चल रही जंग और अमेरिका और रूस के बीच कैदियों की अदला-बदली पर चर्चा की। पेसकोव ने बताया, रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिकी राष्ट्रपति को मॉस्को आने के लिए आमंत्रित किया है और आपसी हित के उन क्षेत्रों में तत्परता जताई है।

### यूक्रेन जंग खत्म करने चले थे ट्रंप

# झुकेंगे नहीं, रूस ने दे दिया तगड़ा झटका, पश्चिम को भी भेजा कड़ा संदेश



**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय राजनीति गरमा गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फोन बातचीत के बाद रूस ने पश्चिमी देशों को दो टूक संदेश दे दिया है। रूस के सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि पश्चिमी देशों को यह समझ लेना चाहिए कि रूस को हराया नहीं जा सकता।

मेदवेदेव ने अमेरिकी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा, इस दुनिया में कोई एक मुख्य देश और उसका सर्वोच्च शासक नहीं हो सकता। घमंड में डूबे अमेरिकी नेतृत्व को यह सीख लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रूस को झुकाना नामुमकिन है और जितनी जल्दी पश्चिमी देश यह बात समझ लेंगे, उतना ही उनके लिए बेहतर होगा।

**रूस का सख्त संदेश-** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात कह रहे हैं। वे अपने चुनाव प्रचार में यह दावा कर चुके हैं कि अगर वे सत्ता में आते हैं, तो इस युद्ध को जल्दी खत्म कर देंगे। लेकिन पुतिन और ट्रंप की बातचीत के बाद रूस का यह कड़ा बयान पश्चिमी देशों के लिए एक चुनौती बन सकता है। रूस पहले भी स्पष्ट कर चुका है कि वह पश्चिमी प्रतिबंधों और सैन्य दबाव से घबराने वाला नहीं है। इस बातचीत के बाद रूस की ओर से आए कड़े शब्द इस बात का संकेत देते हैं कि पुतिन किसी भी सूरत में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

**पश्चिमी देशों के लिए कड़ा संदेश-** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देश लगातार रूस पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, रूस ने साफ कर दिया है कि उसे झुकाया नहीं जा सकता और उसके खिलाफ की गई कोई भी साजिश बेकार साबित होगी। मेदवेदेव के इस बयान से यह भी साफ हो गया कि चाहे ट्रंप यूक्रेन युद्ध खत्म करने की कितनी भी कोशिश करें, रूस अपनी शर्तों पर ही कोई फैसला करेगा।

# मोदी और मस्क की हो सकती है मुलाकात, स्टारलिंक के भारत आने पर बनेगी बात?



**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा के दौरान एलन मस्क से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान स्टारलिंक ब्रॉडबैंड के भारत में आने की संभावनाओं पर भी चर्चा होने के आसार हैं। इस मुलाकात संबंधी योजना की जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने इस बारे में बताया है। पीएम मोदी अपनी दो दिन की अमेरिका यात्रा पर पहुंच चुके हैं। इस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। उम्मीद है कि इस मुलाकात में अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे भारी टैक्सेज को लेकर बातचीत होगी।

**भारत आएगा स्टारलिंक ब्रॉडबैंड-** पीएम मोदी इस यात्रा के दौरान एलन मस्क से भी बात कर सकते हैं। रॉयटर्स के मुताबिक नाम न छापने की शर्त पर दो सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार को उम्मीद है कि इस दौरान स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सर्विसेज के भारत आने संबंधी योजनाओं पर बातचीत हो सकती है। स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सर्विसेज की लॉन्चिंग लंबे समय से भारत में टल रही है।

स्टारलिंक की लंबे समय से भारत आने की इच्छा है। हालांकि इस मामले में स्टारलिंक का मुकेश अंबानी की कंपनी से टकराव भी है। यह टकराव सैटेलाइट सेवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम जारी करने को लेकर है। हालांकि पीएम मोदी मोदी और एलन मस्क की मुलाकात को लेकर दोनों ही पक्षों से कोई टिप्पणी नहीं आई है। दिसंबर में एलन मस्क ने कहा था कि स्टारलिंक का सैटेलाइट इंटरनेट भारत में निष्क्रिय है। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों ने कंपनी की दो डिवाइसेज सीज कर ली हैं।

**लाइसेंस अप्लीकेशन का रिव्यू-** भारतीय सरकार एलन मस्क की इस बात से तो सहमत है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी की बजाए इसका बंटवारा होना चाहिए। लेकिन स्टारलिंक का लाइसेंस अप्लीकेशन का अभी तक रिव्यू किया जा रहा है। उधर मुकेश अंबानी भी इस चीज को लेकर नई दिल्ली में अपने पक्ष में लॉबिंग कर रहे हैं। अंबानी की कंपनी के लोगों की चिंता इस बात की है कि एयरवेव नीलामी में 19 अरब डॉलर खर्च करने के बावजूद कहीं वह स्टारलिंक की एडवांस टेक्नोलॉजी के चलते अपने ग्राहक न खो दे। वहीं, एक सूत्र का कहना है कि मस्क ने भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी जवाब दिया है।

## आज का इतिहास

1537 –गुजरात के बहादुर शाह को पुर्तग़ालियों ने धोखे से गिरफ़्तार करने की कोशिश की और भागने के चक्कर में वह डूब गया।
1556 – पंजाब के गुरदासपुर ज़िले के कलानौर में अकबर की ताजपोशी हुई।
1628 – शाहजहाँ आगरा की गद्दी पर बैठा।
1658 – दिल्ली की सत्ता हथियाने के लिए मुग़ल वंश के आपसी संघर्ष में दारा ने वाराणसी के पास बहादुरपुर की लड़ाई में शुजा को पराजित किया।
1663 – कनाडा फ्रांस का एक प्रान्त बना।
1670 – रोमन कैथोलिक सम्राट लियोपोल्ड प्रथम ने यहूदियों को वियना से बाहर किया।
1743 – हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
1846 – क्राको गणराज्य का विद्रोह पूरे पोलैंड में फैल गया।
1881 – भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की कोलकाता में स्थापना।
1899 – अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।
1893 – हवाई अमेरिका का हिस्सा बना।
1912 – इंग्लैंड में पहली बार डीजल इंजन वाली पनडुब्बी का जलावतरण किया गया।

## यूक्रेन युद्ध खत्म करने के मिशन पर अमेरिका, सऊदी अरब में ट्रंप और पुतिन की हो सकती है मुलाकात

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के मिशन पर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह सऊदी अरब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने की योजना बना रहे हैं। बुधवार सुबह पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद, उन्होंने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा कि उनकी कई बैठकें होंगी, और पहली बार हम सऊदी अरब में मिलेंगे। इसके अलावा, उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वह यहां आएंगे, और मैं वहां (रूस) जाऊंगा। पुतिन के साथ ट्रंप की लंबी बातचीत उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से उनकी पहली आधिकारिक बातचीत थी, और उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से भी बात की। ट्रुथ सोशल पोस्ट में, उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को बढ़ावा देगा और एक वार्ता दल नियुक्त कर रहा है जिसमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो और केंद्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक जॉन रैटक्लिफ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को म्यूनिख में एक बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और मार्को रुबियो अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वे म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां जाएंगे, जिसमें कई देशों के विदेश मामलों, रक्षा और सुरक्षा अधिकारी भाग लेंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि वह और पुतिन इस बात पर सहमत हैं कि हम रूस/यूक्रेन के साथ युद्ध में होने वाली लाखों मौतों को रोकना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की, राष्ट्रपति पुतिन की तरह शांति चाहते हैं। हमने युद्ध से जुड़े कई विषयों पर चर्चा की। ट्रंप के लिए यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्होंने अपने चुनाव अभियान के दौरान कहा था कि वे राष्ट्रपति बनने के 24 घंटे के भीतर इसे समाप्त कर देंगे। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल थी, पुतिन और जेलेंस्की के साथ बातचीत और एक वार्ता तंत्र बनाना उस लक्ष्य की ओर पहला विलंबित कदम था। इससे पहले बुधवार को रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने यूक्रेन युद्ध के संभावित अंत के लिए शर्तें तय कीं, जिसमें 2014 से पहले की सीमाओं पर वापसी को 'अवास्तविक' बताया गया, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। ब्रुसेल्स में यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक में हेगसेथ ने कहा कि कीव को नाटो की सदस्यता नहीं मिलनी चाहिए, और अमेरिका यूक्रेन में शांति अभियान के लिए सेना नहीं भेजेगा, जो नाटो के छत्र के नीचे नहीं होना चाहिए। पुतिन के साथ बैठक के लिए सऊदी अरब को चुनने से उन्हें गाजा से निपटने का विकल्प भी मिलता है, जहां सऊदी राजघराने का महत्वपूर्ण प्रभाव और हित है। ट्रंप ने अभियान के दौरान दावा किया था कि गाजा में युद्ध विराम होगा और हमास उनके पदभार ग्रहण करने से पहले ही इजरायली बंधकों को रिहा कर देगा। ऐसा हुआ, लेकिन गाजा समझौते के टूटने के संकेत मिल रहे हैं और ट्रंप ने यह कहकर स्थिति को और बिगाड़ दिया है कि अमेरिका फिलिस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा कर लेगा और वहां रहने वाले फिलिस्तीनियों को बाहर निकाल देगा। सऊदी अरब की यात्रा गाजा युद्धविराम समझौते को फिर से शुरू करने में मदद कर सकती है। सऊदी अरब में बैठक की अवधि शायद कम है क्योंकि रमजान, इस्लामी उपवास का महीना, महीने के अंत में शुरू होता है। जब ट्रंप और पुतिन मिलेंगे, तो यह दोनों देशों के नेताओं के बीच लगभग चार वर्षों में पहली सीधी बैठक होगी।

# तुलसी गबार्ड अब अमेरिका का शीर्ष खुफिया पद संभालेंगी



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा समाप्त कर अमेरिका पहुंच चुके हैं। बुधवार देर शाम वाशिंगटन पहुंचते ही मीटिंग का दौर शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और खुद को हिंदू बताने वाली तुलसी गबार्ड से मुलाकात की।

इसके बाद और भी महत्वपूर्ण अधिकारियों और नेताओं से उनकी मुलाकात होनी है। पीएम मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, ' 'वाशिंगटन डीसी में यूएसए की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। उन्हें नियुक्ति की बधाई दी। भारत-यूएसए मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वे हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।

**कौन हैं तुलसी गबार्ड-** तुलसी गबार्ड भारतीय मूल की नहीं हैं। उनकी मां ने हिंदू धर्म अपनाया था। इसके बाद तुलसी भी इसे आगे बढ़ा रही हैं। उनका लालन-पालन हिंदू धर्म के हिसाब से ही हुआ था। हिंदू धर्म से गहरा जुड़ाव होने के कारण ही उनका नाम तुलसी रखा गया था। तुलसी गबार्ड की शादी सिनेमैटोग्राफर अब्राहम विलियम्स से हुई है। कि इससे पहले अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद पर तुलसी गबार्ड की नियुक्ति की बुधवार को पुष्टि कर दी। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने पहले उनकी नियुक्ति पर सवाल उठाए थे, लेकिन बाद में उन्होंने गबार्ड का इस पद के लिए समर्थन कर दिया।

तुलसी गबार्ड पूर्व सैन्य कर्मी हैं और वह डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की सदस्य रह चुकी हैं। सीनेट ने 48 के मुकाबले 52 मतों से उनकी नियुक्त पर मुहर लगाई। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने गबार्ड की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया। हालांकि, सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के पास बहुमत है। तुलसी गबार्ड अब अमेरिका का शीर्ष खुफिया पद संभालेंगी। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक का कार्यालय 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के दौरान सामने आई खुफिया विफलताओं से निपटने के लिए स्थापित किया गया था।

## अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में कोयला खदान में विस्फोट, तीन खनिकों की मौत

**काबुल (आईएएनएस)।** अफगानिस्तान के उत्तरी समांगन प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस के विस्फोट के कारण तीन खनिकों की मौत हो गई। यह घटना दारा-ए-सूफी बाला जिले के एक कोयला खदान में हुई।

सिन्हुआ ने प्रांतीय पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट में तीन नाबालिग खनिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर तीनों मृतकों के शव बरामद किए और उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया। यह घटना मंगलवार (12 फरवरी) को हुई। पुलिस के मुताबिक, खदान में मीथेन गैस का उच्चतम स्तर होने के कारण विस्फोट हुआ, जिससे यह हादसा हुआ। अफगानिस्तान में खनन कार्यों के दौरान ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। विशेष रूप से खनन में आधुनिक उपकरणों की कमी और खनिकों की अकुशलता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। देश के कई खनिक अवैध खनन के कारण भी जान गंवाते हैं। इससे पहले, 11 फरवरी को उत्तरी बदख्शां प्रांत में एक भूस्खलन ने दो स्वर्ण खनिकों की जान ले ली थी। 12 दिसंबर 2024 को अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में एक कोयला खदान के मलबे में कई खनिक फंस गए थे।

स्थानीय अधिकारियों ने खुद इसकी जानकारी दी थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक के हवाले से बताया था कि मलबे के नीचे 35 खनिकों के फंसे थे।

## पत्रकारों के लिए खूनी साल रहा 2024, सबसे ज्यादा इस देश में हुई मौत

2024 पत्रकारों के लिए अब तक का सबसे खतरनाक साल साबित हुआ। अंतरराष्ट्रीय संगठन कमिटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल दुनिया भर में रिकॉर्ड 124 पत्रकार मारे गए। यह आंकड़ा 2023 के 102 और 2022 के 69 से कहीं अधिक है।

संगठन के मुताबिक, पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन मौतों के पीछे सबसे ज्यादा जिम्मेदार इजराइल रहा, जिसके कारण लगभग 70 प्रतिशत पत्रकारों की जान गई। खासकर गाजा में जारी युद्ध के दौरान इजरायली हमलों में 85 पत्रकारों की मौत हुई, जबकि 2023 में यह संख्या 78 थी। इस पर जब सीपीजे ने इजरायली सेना से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उनके पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है और उनकी सेना कभी भी पत्रकारों को निशाना नहीं बनाती। सीपीजे के आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष ही नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी पत्रकारों पर हमले हुए। बीते साल सूडान और पाकिस्तान में 6-6, मेक्सिको में 5, म्यांमार, लेबनान और इराक में 3-3 और हैती में 2 पत्रकारों की हत्या हुई। इसके अलावा, 2024 में फ्रीलांस पत्रकारों पर भी जानलेवा हमले बढ़े, जहां 43 फ्रीलांस रिपोर्टर्स मारे गए, जो 2023 के 17 और 2022 के 12 की तुलना में काफी अधिक है। सीपीजे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने चिंता जताते हुए कहा कि पत्रकारिता के इतिहास में मौजूदा समय सबसे ज्यादा खतरनाक बन चुका है।

## सुडोकू 6825

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6825

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक, मुल्ला या मौलबी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५. पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि
८. दिखलाना
१० गुत्थी, फंसाव, या किसी समस्या का दूर होना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो नि:शस्त्र १४. नशे में अंड-बंड बोलना पथभ्रष्ट होना १६. झुका हुआ
१८. जिसमें मन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्वती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३. ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**

१. हथेली
२. मुल्तवी, जिसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई हो
३. आवेश में आना, क्रुद्ध होना
४. क़ातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संघि, मेल, समझौता
११. टूट कर गिरना, (पेड़ से पत्ते या सिर के बालों का) बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममता रहित, निष्ठुरता
१४. ताकतवर
१५. वर देने वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार तरल पदार्थ

### वर्ग पहेली-6824

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | मु | २ दा | य | ■ | ■ | ३ ग | म | ४ ना | क |
| हा | ■ | रो | ■ | ५ ध | म | नी | ■ | का | ■ |
| ६ य | ती | म | खा | ना | ■ | ७ म | हा | रा | ८ ज |
| क | ■ | दा | ■ | ९ दे | हा | त | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ ला | न | त |
| ■ | री | ■ | र्ण | ■ | १३ दु | र्यो | ग | ■ | रं |
| १४ भि | क्षा | १५ ट | न | ■ | रू | ■ | १६ त | १७ रं | ग |
| ति | ■ | प | ■ | १८ मो | ह | १९ क | ■ | गी | ■ |
| २० चि | त्र | क | ■ | द | ■ | २१ र | वा | न | २२ गी |
| त्र | ■ | २३ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | ला |

यूसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

मंजूरी

*जम्मू-कश्मीर में मांस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार के उठाए कदम*

# ऑस्ट्रेलिया से नौ सौ उच्च गुणवत्ता वाली भेड़ें आयात करेगी सरकार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में मांस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने एकीकृत कृषि विकास कार्यक्रम के तहत ऑस्ट्रेलिया से 900 भेड़ों के आयात को मंजूरी दी है। 26 करोड़ रुपए के बजट वाली यह पहल दो उच्च उपज वाली नस्लों, डोर्पर और टेक्सेल पर केंद्रित है, जो अपनी बेहतरीन मांस उत्पादन क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध हैं।**

उपलब्ध विवरण के अनुसार, जम्मू-कश्मीर सरकार ने क्षेत्र में मांस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया से 900 उच्च गुणवत्ता वाली भेड़ों का आयात करने का फैसला किया है। डोर्पर और टेक्सेल नस्लों से संबंधित ये भेड़ें अपने बेहतरीन मांस उत्पादन के लिए दुनिया भर में जानी जाती हैं। यह पहल एकीकृत कृषि विकास कार्यक्रम का हिस्सा है और इसके लिए 26 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस योजना का उद्देश्य राज्य को मांस उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो। वर्तमान में, जम्मू और कश्मीर में सालाना लगभग 15 लाख भेड़ें खपत होती हैं, जिसमें से 41 प्रतिशत मांग देश के अन्य हिस्सों से आयात के माध्यम से पूरी की जाती है, जिससे प्रदेश को 1,400 करोड़ रुपए की लागत आती है। नई परियोजना ऊन और मटन उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात में कटौती करने के लिए 329 करोड़ रुपए की व्यापक पंचवर्षीय योजना का हिस्सा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयातित भेड़ों को पूरी तरह से संगरोध प्रक्रिया से गुजरना होगा, भारत भेजे जाने से पहले ऑस्ट्रेलिया में एक महीने तक संगरोध में रहना होगा, जहां वे अगले दो महीनों के लिए समर्पित संगरोध केंद्रों में रहेंगे। इसके लिए राजबाग श्रीनगर, कठुआ-जम्मू में पहले से ही एक केंद्र स्थापित किया गया है, और भेड़ों को बाद में रियासी में सरकारी भेड़ पालन फार्म में रखा जाएगा। 900 भेड़ों में से, 450 डॉर्पर भेड़ें जम्मू संभाग को आबंटित की जाएंगी, जबकि इतनी ही संख्या में टेक्सेल भेड़ें कश्मीर संभाग को दी जाएंगी। मूल रूप से दक्षिण अफ्रीका की डॉर्पर भेड़ें अपनी उच्च प्रजनन क्षमता, विभिन्न जलवायु के अनुकूल होने और तेजी से मांसपेशियों के विकास के लिए जानी जाती हैं। इस नस्ल के मेमने सिर्फ़ चार महीनों में 35-40 किलोग्राम तक बढ़ सकते हैं, जबकि वयस्क भेड़ों का वज़न 90 किलोग्राम तक होता है। नीदरलैंड की डच नस्ल टेक्सेल भेड़ें भी अपनी असाधारण मांसपेशियों के विकास के लिए समान रूप से बेशकीमती हैं। उनके सिर और पैर चिकने होते हैं, कद छोटा होता है, चेहरा चौड़ा होता है, नाक काली होती है और कान छोटे होते हैं, जो उन्हें मांस उत्पादन के लिए आदर्श बनाते हैं।



■ जम्मू और कश्मीर में सालाना लगभग 15 लाख भेड़ें खपत होती है

# खेल जगत

## हम चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम है : नजमुल

**दुबई।** बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैंदान में उतरेंगी। शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। शांतो ने कहा कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है।



# हमने इंग्लैंड की चुनौतियों को बढ़िया जवाब दिया : रोहित शर्मा

■ हमारी टीम को हर किसी को मैदान पर खुल कर खेलने की आजादी है

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलिया में उसके घर में पांच टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 1-3 से हारने के बाद आलोचकों के निशाने पर रहे रोहित शर्मा अपनी कप्तानी में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में तीसरा व अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 142 रन से जीता सीरीज 3-0 से जिताने से बेहद खुश हैं। रोहित ने कटक में दूसरे मैच में खुद शतक जमा भारत को सीरीज में 2-0 की निर्णायक और विजयदाई बढ़त दिलाई और शुरू के दो मैचों में अर्धशतक जड़ने के बाद तीसरे में शतक जड़ मैन ऑफ द' मैच रहने के साथ कुल सबसे ज्यादा 259 रन बना मैन ऑफ द' सीरीज रहे उप कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली का अर्धशतक जड़ रंग में लौटना भारत के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेहद सुखद है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में भारत द्वारा इंग्लैंड का 3-0 से सूपड़ा साफ करने के बाद अहमदाबाद मे ट्रॉफी जीतने के बाद बुधवार रात कहा,' इंग्लैड से तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज बेहद सुखद है। हम जानते थे कि हमारे सामने इंग्लैंड के खिलाफ चुनौतियां होंगी लेकिन हमने इसका बढ़िया ढंग से जवाब दे उससे पार पाने में सफल रहे। जहां तक मेरे अहमदाबाद में सीरीज के तीसरे और आखिरी वन डे वुड के दूसरे ओवर में आउट होने की बात है तो इसका श्रेय वुड को देना चाहूंगा। मैं इस बाबत बस यही कहूंगा कि कई बार आप खुशकिस्मत रहते हैं गेंद बल्ले को छोड़ कर निकल जाती है। मैं वुड की गेंद पर आउट हो गया। मुझे नहीं लगाता कि हमने वन डे सीरीज में कुछ भी गलत किया। कुछ चीजें हैं,जिन पर हम विचार कर रहे हैं लेकिन उन सब पर मैं यहां चर्चा नहीं करने जा रहा। हमारे खिलाड़ी इस बाबत चर्चा कर सहज महसूस कर रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम टीम में कुछ निरंतरता बनाए रखें और हमारे बीच इस लेकर अच्छा संवाद है। जहां तक कौशल की बात है मैं इस बाबत कुछ चर्चा नहीं कर सकता है। बेशक चैंपियन टीम हर मैच के साथ बेहतर हो आगे बढ़ना चाहती है। हमारी टीम में हर किसी को मैदान पर उतर कर खुल कर खेलने की आजादी है। विश्व कप इसका एक बढ़िया उदाहरण था।



### अहमदाबाद में जड़ा मेरी बढ़िया पारियों में एक : शुभमन गिल



मैन ऑफ द' सीरीज भारत के उप कप्तान शुभमन गिल ने कहा,'मैं बहुत बढ़िया महसूस कर रहा है और अहमदाबाद में तीसरे वन डे मेरा शतक मेरी एक बढ़िया पारियों में से एक था। शुरू में पिच कुछ दिक्कत पेश आई और तब उसमें तेज गेंदबाजों के लिए कुछ मदद थी। मैं इसीलिए अपनी पारी से संतुष्ट हूं। गेंद कुछ मूव हो रही तो हम बल्लेबाजों की आपस में बस यही बात हुई कि स्ट्राइक रोटेट कर एक एक दो दो रन लेकर आगे बढ़ना और पावरप्ले में विकेट नहीं गंवाने हैं। हम लय बनाए रखी और आगे बढ़े। हमने ज्यादा सोचा नहीं हम मैच के मिजाज को भांप कर उसी के मुताबिक खेले।

### एक बेहतरीन भारतीय टीम ने हमें हराया : बटलर



अपनी टीम के वनडे सीरीज भी हारने के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा, 'पूरे दौरे पर हमने भारत को कई चरणों में चुनौती दी लेकिन एक बेहतरीन भारतीय टीम ने हमें हरा दिया। हमारी सोच सही थी लेकिन हम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना सके। हमें अपनी शैली के मुताबिक बेहतर खेलने की राह तलाशनी होगी। भारत ने वाकई बहुत बड़ा स्कोर बनाया। शुभमन गिल ने भारत के लिए वाकई जोरदार पारी खेली । भारत के बड़े स्कोर को पार करने के लिए वाकई बेहतरीन खेल दिखाने की जरूरत थी। हमने एक बार फिर पारी का जोरदार आगाज किया लेकिन हमने इसे गंवा लड़खड़ाने की फिर वही पुरानी कहानी दोहराई। हमें कुछ हद तक इसका हल तलाशना होगा और ज्यादा लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। हमारे वाकई ऐसी बढ़िया टीम थी जिसने बराबर हमारे लिए चुनौती पेश की।

# फिलहाल केएल राहुल हमारे नंबर 1 विकेटकीपर : गंभीर

○ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। भारत ने चीफ कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में मेहमान इंग्लैंड को पहले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में 3-1 से फिर तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में 3-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसके घर में पांच टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली 1-3 की हार की कसक बहुत हद तक मिटा कर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले जरूरी आत्मविश्वास पा लिया। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के शुरू के दो मैचों में केएल राहुल की बजाय बाएं हाथ के अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने की कई दिग्गजों ने आलोचना की लेकिन यह उनकी तुरुप चाल साबित हुआ। यह कोई लुकी छिपी बात नहीं है कि गंभीर को क्रीज पर दाएं-बाएं हाथ की जोड़ी पसंद है। वन डे सीरीज के शुरू के दो मैचों में अक्षर को बल्लेबाजी के लिए पांचवें नंबर पर भेजना का विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को कोई नुकसान नहीं हुआ। तीसरे और आखिरी वनडे में केएल राहुल को चीफ कोच गंभीर ने अक्षर की बजाय पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। गंभीर से जब विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत की बाबत पूछा गया तो उन्होंने साफ किया, 'फिलहाल केएल राहुल हमारे नंबर 1 विकेटकीपर हैं। केएल राहुल ने बतौर विकेटकीपर हमारे लिए अपना काम बखूबी किया भी है। आप देखे जब आपके पास केएल राहुल और ऋषभ पंत के रूप में टीम में दो उत्कृष्ट विकेटकीपर हैं जो आप तो आप दोनों को एक साथ नहीं खिला सकते हैं। ऋषभ पंत को जब भी मौका मिले उसके लिए तैयार रहना चाहिए। इस समय इस बाबत मैं बस इतना ही कह सकता हूं। इस समय केएल राहुल ही भारत की एकादश में बतौर विकेटकीपर आगाज करेंगे।' जब गंभीर से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की प्रोविजनल टीम से यशस्वी जायसवाल को बाहर कर मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अंतिम 15 में शामिल करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,'यशस्वी की जगह मिस्ट्री स्पिनर को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम 15 में शामिल करने का एकमात्र कारण यह था कि हम बीच के ओवरों के लिए टीम में विकेट लेने वाले गेंदबाज को शामिल करना चाहते थे। हम जानते हैं कि वरुण चक्रवर्ती क्या विकल्प मुहैया कराते हैं? हम जानते हैं कि वरुण चक्रवर्ती प्रतिद्वंद्वी टीमों के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं क्योंकि बहुत सी टीमों के बल्लेबाजों ने उन्हें खेला ही नहीं है । ऐसे में बतौर गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। मैं यह नहीं कर रहा कि शुरुआती एकादश में रहेंगे लेकिन हमेशा टीम की मजबूत गेंदबाजी अच्छी होती है।' जब गंभीर से अक्षर पटेल को सीरीज के शुरू के दो मैचों में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने की बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा, ' मैं जानता हूं कि इस बाबत लोग बहुत बात करते हैं



■ ऋषभ पंत को जब भी मौका मिले उसके लिए तैयार रहना चाहिए

■ अक्षर ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर कर बेहतरीन प्रदर्शन किया

■ श्रेयस हमारे लिए अहम खिलाड़ी साबित होने वाले हैं

# सुरुचि का शानदार प्रदर्शन जारी, किरण और वरुण ने भी ट्रायल्स में दर्ज की जीत



■ नेवी के किरण अंकुश जाधव ने 3पी का खिताब जीता

■ आर्मी के वरुण तोमर ने पुरुषों की एयर पिस्टल स्पर्धा में बाजी मारी

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा की युवा पिस्टल शूटर सुरूचि, जिन्होंने इस नए सीजन में नेशनल्स में सात स्वर्ण पदक जीतकर और फिर नेशनल गेम्स में दो और स्वर्ण पदक जोड़कर सनसनी मचा दी थी, अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए एक बार फिर घरेलू दिग्गजों को पछाड़कर दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स (ग्रुप ए) में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी1 प्रतियोगिता जीतने में सफल रहीं।

दिन के अन्य दो फाइनल्स- पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) टी2 और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टी1-भी हाल ही में राष्ट्रीय चैंपियन बने निशानेबाजों के नाम रहे। नेवी के किरण अंकुश जाधव ने 3पी का खिताब जीता, जबकि आर्मी के वरुण तोमर ने पुरुषों की एयर पिस्टल स्पर्धा में बाज़ी मारी।पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर भी दिन की एक प्रमुख आकर्षण रहीं, जिन्होंने महिलाओं की एयर पिस्टल में तीसरा स्थान हासिल कर बीते सप्ताह हुए तीनों ट्रायल्स में पोडियम फिनिश दर्ज किया।

**सुरूचि का अजेय प्रदर्शन**

महिला एयर पिस्टल में सुरुचि का जबरदस्त दबदबा पूरे सीजन में देखने को मिला है, और डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में एक बार फिर वही कहानी दोहराई गई, जहां से उनकी यह विजय यात्रा पिछले साल दिसंबर में शुरू हुई थी। राष्ट्रीय चैंपियन सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में 586 का शानदार स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पलक 584 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु ने 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर क्वालीफाई किया। शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज रिदम सांगवान और संयम भी फाइनल में थी, लेकिन सुरुचि अपने आसपास की प्रतिस्पर्धा से बेखबर दिखीं और 24 शॉट्स के बाद 246.5 के प्रभावशाली स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया, जो मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से मात्र 0.5 अंक पीछे था।

## जालंधर में होगी नेशनल घुड़सवारी चैम्पियनशिप

**जालंधर,** 13 फरवरी। नेशनल घुड़सवारी चैंपियनशिप-2025 पीएपी में करवाई जा रही है। यह चैंपियनशिप 15 फरवरी से 23 फरवरी तक जालंधर में पीएपी कैंपस में आयोजित की जाएगी। एडीजीपी एमफ फारूकी ने प्रेस वार्ता ने कहा कि पीएपी में यह घुड़सवारी प्रतियोगिता तीसरी बार करवाई जा रही है। इससे पहले 2016 और 2017 में पीएपी में नेशनल घुड़सवारी चैंपियनशिप (टैंट पेगिंग) का आयोजन किया गया था। इस बार इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रांतीय पुलिस की घुड़सवारी टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें सेना, अर्द्धसैनिक बलों की टीमों के अलावा कुछ निजी क्लबों की कुल 15 टीमें शामिल होगी। इसमें 125 घोड़े और घुड़सवारी खिलाड़ी भाग लेंगे। डीआइजी इंदरबीर सिंह के नेतृत्व में पंजाब पुलिस की घुड़सवारी टीम भी अपने 20 एथलीटों के साथ इस चैंपियनशिप में भाग लेगी।

# भारत कड़े संघर्ष के बाद दक्षिण कोरिया से 2-3 से हारा



**किंगदाओ,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। पुरुष एकल खिलाड़ी सतीश कुमार करुणाकरण और गायत्री गोपीचंद तथा ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने दो मैच पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम को दौड़ में बनाए रखा, लेकिन यह काफी नहीं था और भारत गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप 2025 में अपने दूसरे ग्रुप डी मुकाबले में दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार गया। पहले ही नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके भारत और दक्षिण कोरिया ने ग्रुप विजेता का निर्धारण करने के लिए मुकाबला किया। भारत के लिए यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी क्योंकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी और महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ अपने-अपने मैच हार गए। राष्ट्रीय खेलों के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता सतीश ने चो जियोनीओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को मुकाबले में वापस ला दिया। गायत्री और ट्रीसा की विश्व की नौवें नंबर की जोड़ी ने फिर किम मिन जी और किम यू जंग को 19-21, 21-16, 21-11 से हराकर स्कोर 2-2 कर दिया और भारत की जीत की उम्मीद जगाई। भारत ने एक बार फिर अपने पुरुष युगल संयोजन में बदलाव किया, इस बार जिन योंग और ना सुंग सेंग के खिलाफ एमआर अर्जुन के साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को मैदान में उतारा। सात्विक और अर्जुन शुरुआती गेम में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर दी और अंततः 25-23 से हार गए।

**परिणाम:** भारत दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार गया (ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो की डोंग जू/जियोंग ना यून से 21-11, 12-21, 15-21 से हार गए, मालविका बंसोड़ सिम यू जिन से 9-21, 10-21 से हार गई; सतीश करुणाकरण ने चो जियोनीओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराया।

## सार संक्षेप

### आईजीआई, हंसराज, खालसा, एसआरसीसी और एसपीएम कॉलेज जीते

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, हंसराज कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट में अपने लीग मुकाबले जीते। पहले मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज में किरोड़ी मल कॉलेज को 8-1 से हराया। इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की तरफ से फरमान और राम यादव ने दो-दो गोल किए और शेखर, सुमित, पुलकित और गुरमुख ने एक-एक गोल किया जबकि किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से एक गोल प्रज्ञात आनंद ने किया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड पुलकित को मिला। दूसरे मैच में हंसराज कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 5-0 से हराया। सागर ने दो, ग़ुरशिश, अमन और गौरव ने एक एक गोल किया। मैन ऑफ द मैच हंसराज के ग़ुरशिश को मिला।

### दिल्ली प्रीमियर लीगः सुदेवा पर गढ़वाल भारी, डीएफसी की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** गत विजेता गढ़वाल हीरोज एफसी औऱ दिल्ली एफसी ने अपने अपने मैच जीत कर डीएसए प्रीमियर लीग खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। गढ़वाल ने प्लेयर ऑफ द मैच वंशवादामे दिगोडो क़े गोल से सुदेवा दिल्ली एफसी को 1-0 से परास्त किया तो दिल्ली एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड पर 4-0 की जीत दर्ज की द्य विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सजल बाग़ ने दो और आकाश टिर्की एवं संचित सिंह ने एक-एक गोल किया। गढ़वाल की जीत का उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि उसे आधा मैच दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा द्य उस समय जबकि दोनों टीमों के बीच बराबर की टक्कर चल रही थी, 46वें मिनट में रेफरी मनीष वशिष्ठ ने गढ़वाल क़े गौरव सिंह बोहरा को फाउल प्ले क़े लिए लाल कार्ड दिखाया औऱ बाकी का मैच गढ़वाल ने दस खिलाड़ियों से खेला और जीता।

# आरसीबी ने रजत पाटीदार को बनाया टीम का नया कप्तान

■ रजत पाटीदार का आईपीएल में पहली बार कप्तान बनने का मौका होगा




**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रजत पाटीदार को आईपीएल 2025 के लिए टीम का नया कप्तान बनाया है। आईपीएल का यह सीजन 21 मार्च से शुरू होगा। आरसीबी ने यह घोषणा गुरुवार को बेंगलुरू में एक इवेंट में की, जहां टीम के निदेशक के अलावा मुख्य कोच एंडी फ्लावर और रजत पाटीदार मौजूद थे। आरसीबी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी शेयर करते हुए पोस्ट किया, कई महान खिलाड़ियों ने आरसीबी को शानदार कप्तानी विरासत दी है। अब समय आ गया है कि यह फोकस्ड, निडर और कड़ा प्रतियोगी हमें जीत की ओर ले जाए! दबाव में भी शांत रहना और चुनौतियों का सामना करने की उनकी क्षमता, जैसा कि उन्होंने हमें पहले दिखाया है, आरसीबी के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। देवियों और सज्जनों, शांत और संयमित रजत पाटीदार के लिए तालियां बजाएं! आरसीबी ने एक और पोस्ट में कहा कि आपका नाम (रजत पाटीदार) इतिहास में दर्ज हो गया है। अब एक नए अध्याय की शुरुआत है! आइए दुनिया के सबसे बेहतरीन प्रशंसकों को वो दें, जिसका इंतजार उन्होंने इतने सालों से किया है। पाटीदार 2021 से आरसीबी के साथ जुड़े हुए हैं और तीन सीजन में 28 मैच खेलकर 799 रन बना चुके हैं।

# बहुतुले होंगे राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच



**जयपुर,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी में से एक, राजस्थान रॉयल्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को टीम के स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। 52 वर्षीय साईराज बहुतुले 2018-21 से सेटअप का हिस्सा रहे हैं और रॉयल्स में वापस लौटे हैं। उनके पास अंतरराष्ट्रीय और घरेलू अनुभव का खजाना है। भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक दिग्गज खिलाड़ी, बहुतुले के पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 630 से अधिक विकेट और 6,000 रन बनाने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। उन्होंने दो टेस्ट और आठ वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और तब से एक सफल कोचिंग करियर में तब्दील हो गए हैं, जिसमें उन्होंने मुंबई, बंगाल, केरल और भारतीय राष्ट्रीय पुरुष टीम जैसी टीमों का मार्गदर्शन किया है, जहां उन्होंने उभरती प्रतिभाओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुतुले का फ्रेंचाइजी में स्वागत करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि सैराज की स्पिन गेंदबाजी की गहरी समझ और उनके व्यापक कोचिंग अनुभव ने उन्हें हमारी टीम के लिए एक अमूल्य जोड़ बना दिया है।

# रिजवान और सलमान की जुगलबंदी से द. अफ्रीका पस्त



■ रिजवान ने 128 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 122 रन बनाए

**कराचीं,** 13 फरवरीं (एजेंसियां)। कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा के शतकों और 260 रनों की साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में जगह पक्की करते हुए दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर वनडे में अब तक का अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। रिजवान ने 128 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 122 रन बनाए, जबकि सलमान आगा ने 103 गेंदों पर 16 चौकों और दो छक्कों की मदद से 134 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने 49 ओवर में 355/4 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के बाद बनाए गए 352/5 के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। दोनों पक्षों द्वारा बनाए गए 707 रन, वनडे में दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच सबसे अधिक रन हैं। इस जीत ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान, जो अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार गया था, श्रृंखला में ब्लैक कैप्स के साथ बदला लेने के लिए फाइनल में पहुंच गया। फखर जमान (41) और बाबर आजम (23) ने शुरुआती विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की, जिसके बाद पाकिस्तान का स्कोर 91/3 हो गया और सऊद शकील भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रिंजवान और आगा ने शानदार साझेदारी की और पाकिस्तान को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। उनकी 260 रन की साझेदारी पाकिस्तान की वनडे में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है, जिसने मोहम्मद यूसुफ और शोएब मलिक के बीच 206 रन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रिजवान 106 गेंदों (7×4, 3×6) पर अपना शतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज थे, जबकि आगा ने जल्द ही 87 गेंदों पर 13 चौके लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की, जिसमें रिजवान थोड़ा सतर्क थे जबकि आगा काफी आक्रामक थे।

# गुजरात जायंट्स की काशवी गौतम का राष्ट्रीय टीम में वापसी का लक्ष्य

**नईं दिल्लीं,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगामी तीसरा संस्करण राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए लक्ष्य रखने वाली भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। गुजरात जायंट्स (जीजी) की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर काशवी गौतम भारतीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए निश्चित हैं। वह पहली बार 2020 में अंडर-19 वनडे मैच में चंडीगढ़ के लिए एक पारी में दस विकेट लेने के बाद सुर्खियों में आई थीं, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। दिसंबर 2023 में, वह 2024 डब्ल्यूपीएल से पहले नीलामी में 2 करोड़ रुपये के पे चेक के साथ डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे महंगी अनकैप्ड भारतीय क्रिकेटर बन गईं। लेकिन काशवी अपने बाएं पैर के अंगूठे में तनाव फ्रैक्चर के कारण कभी मैदान पर नहीं उतर पाईं, जिसके कारण वह डब्ल्यूपीएल 2024 से बाहर हो गईं। आखिरकार, काशवी ने 2024/25 सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में वापसी की, जहाँ उन्होंने चंडीगढ़ के लिए छह मैचों में सात विकेट लिए। गुजरात के वडोदरा में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने डब्ल्यूपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने से पहले, काशवी की तेज़ गति से पिच पर जोरदार हिट करने और एक बेहतरीन फिनिशर होने की क्षमता कुछ ऐसी है जिससे टीम को इस सीज़न में काफी फायदा होगा।

## सुडोकू 6825 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

SENSEX BSE 76138.97 ▼ 32.11 NSE 23031.40 ▼ 13.85 MCX Gold 85814 ▲ 333 silver 95025 ▼ 477

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## सेबी ने लॉन्च किया नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्र होगी निवेशकों की मदद

नई दिल्ली। सेबी ने अपना नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्र को लॉन्च कर दिया. इसकी मदद से निवेशक निष्क्रिय और बिना दावे वाले म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगा सकेंगे. म्यूचुअल फंड इन्वेस्टमेंट ट्रेसिंग एंड रिट्रीवल असिस्टेंट के नाम से बनाए गए इस प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से ऐसे म्यूचुअल फंड को खोजने में आसानी होगी, जिन्हें निवेशक भूल गए हैं. इस प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपना केवाईसी टाइम पर अपडेट कराएं.



# आरबीआई के रेपो रेट घटाने के बाद 6 बड़े बैंकों ने घटाई ब्याज दरें



### किन बैंकों ने घटाई होम लोन ब्याज दरें?

| बैंक का नाम | पहले की आरएलएलआर | नई आरएलएलआर | लागू होने की तारीख |
|---|---|---|---|
| केनरा बैंक | 9.25% | 9.00% | 12 फरवरी 2025 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 9.15% | 8.90% | 10 फरवरी 2025 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 9.35% | 9.10% | 7 फरवरी 2025 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 9.25% | 9.00% | 11 फरवरी 2025 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 9.35% | 9.10% | 11 फरवरी 2025 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 9.25% | 9.00% | 10 फरवरी 2025 |

*नई दिल्ली। होम लोन लेने की सोच रहे ग्राहकों के लिए राहतभरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 7 फरवरी 2025 को रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत (25 बेसिस पॉइंट) की कटौती करने के बाद, देश के प्रमुख बैंकों ने भी अपने होम लोन की ब्याज दरें घटा दी हैं। केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपनी रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट में कटौती की है, जिससे होम लोन सस्ता हो गया है।*

रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट वह दर होती है, जिस पर बैंक ग्राहकों को लोन देते हैं। यह सीधे आरबीआई की रेपो रेट से जुड़ी होती है। अक्टूबर 2019 में आरबीआईद्ध ने सभी बैंकों को अपने रिटेल लोन को बाहरी बेंचमार्क दर से जोड़ने का निर्देश दिया था, जिससे अधिकांश बैंकों के लिए रेपो रेट मुख्य बेंचमार्क बन गया।

**होम लोन ग्राहकों पर असर, नए ग्राहकों को फायदा-** अब नए होम लोन पर ब्याज दरें कम हो गई हैं, जिससे होम लोन लेना सस्ता हो जाएगा। **मौजूदा ग्राहकों के लिए राहत-** जिनका लोन आरएलएलआर से जुड़ा है, उनकी ईएमआई घट सकती है या वे अपने लोन का कार्यकाल कम करके ब्याज बचा सकते हैं।

**फ्लोटिंग रेट होम लोन-** जिन ग्राहकों ने फ्लोटिंग रेट पर लोन लिया है, उन्हें इस कटौती का सीधा लाभ मिलेगा। आरबीआई के इस फैसले से होम लोन बायर्स को बड़ी राहत मिली है, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। अगर आप होम लोन लेने की योजना बना रहे हैं, तो यह सही समय हो सकता है।

## जल्द जारी होंगे नए गवर्नर के हस्ताक्षर वाले 50 रुपए के नोट



*नई दिल्ली। 50 रुपए के नोट को लेकर बड़ा अपडेट आया है। जल्द ही मार्केट में 50 रुपए का नया नोट दिखेगा। भारतीय रिजर्व बैंक नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 50 रुपए के बैंक नोट जल्द ही जारी करेगा। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में शक्तिकान्त दास का स्थान लिया था। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, "इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपए के बैंक नोटों के समान होगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व में जारी किए गए 50 रुपए मूल्य के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।*

### 2000 रुपए के 98.15% नोट वापस

बता दें कि देश में 2000 रुपये के नोटों को बंद हुए डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन अभी भी हजारों करोड़ के इन नोटों को लोग दबाए बैठे हैं। हाल ही में आरबीआई ने इन्हें लेकर अपडेट जारी किया था। केंद्रीय बैंक ने बताया है कि 31 जनवरी, 2025 तक 98.15 फीसदी गुलाबी नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं और अब भी 6,577 करोड़ रुपए के ऐसे नोट लोगों के पास बचे हुए हैं। 31 दिसंबर तक के आरबीआई डेटा के मुताबिक, 6,691 करोड़ मूल्य के नोट बाजार में मौजूद थे।

# सोने ने फिर पकड़ी रफ्तार

## एमसीएक्स पर 85800 के पार पहुंचा भाव

*नई दिल्ली। दो दिन राहत के बाद सोने-चांदी के वायदा भाव में आज फिर तेजी देखने को मिल रही है। आज सोने के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, जबकि चांदी के भाव हल्की गिरावट के साथ खुलने के बाद सुधर गए। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 85,894 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 95,760 रुपए के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है।*



**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी तेज**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,928.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,928.70 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.40 डॉलर की तेजी के साथ 2,936.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.7 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 32.78 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.08 डॉलर की तेजी के साथ 32.86 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। **2024 में गोल्ड ने 20 प्रतिशत और सिल्वर ने 17 प्रतिशत का रिटर्न दिया-** बीते साल सोने का भाव 20.22 प्रतिशत बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।

# ट्राई ने मोबाइल यूजर्स को दी सतर्क रहने की सलाह

*नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने देश के 116 करोड़ से अधिक मोबाइल यूजर्स के लिए एक अहम चेतावनी जारी की है। ट्राई ने ग्राहकों को स्कैमर्स से सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि साइबर अपराधी लगातार नए तरीकों से लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहे हैं। लोगों को कॉल, मैसेज या फिर अन्य किसी तरीके से अपने झांसे में फंसाया जाता है फिर उनके साथ फ्रॉड किया जाता है।*

**क्या है ट्राई की चेतावनी**

ट्राई ने लोगों को अपनी चेतावनी में कहा है, ट्राई, मोबाइल नंबरों/ ग्राहकों के सत्यापन/ डिस्कनेक्शन/ गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता की जानकारी के लिए, कभी कोई संदेश या कॉल नहीं करता है। ट्राई के नाम से आने वाले ऐसे मैसेज/कॉल से सावधान रहें व इसे संभावित फ्रॉड समझें। ऐसे किसी भी मैसेज या कॉल को संचार साथी प्लेटफॉर्म



के चक्षु माड्यूल - https://sancharsaathi.gov.in/sfc/ के माध्यम से दूरसंचार विभाग को सूचित करें।

**डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचें?**


ट्राई ने देश में बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को लेकर मोबाइल यूजर्स को आगाह किया है। इन दिनों ट्राई या अन्य किसी सरकारी एजेंसी के नाम पर लोगों को स्कैमर्स कॉल करते हैं और उन्हें डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में फंसा लेते हैं। पिछले साल डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के जरिए स्कैमर्स के करोड़ों रुपए की ठगी की है।

# भारतीय रुपया के आगे फिर झुका डॉलर

## चीन और जापान की मुद्राओं से आगे निकला रुपया

*नई दिल्ली। भारतीय रुपया लगातार तीसरे दिन डॉलर के मुकाबले मजबूती बनाए हुए है। एशिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया हाल के दिनों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार से शुरू हुई यह तेजी गुरुवार को भी जारी रही। बुधवार को कारोबार के दौरान रुपए में मजबूती देखने को मिली, हालांकि बाजार बंद होते समय इसमें हल्की गिरावट आई।*

विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप, देश में महंगाई दर में गिरावट और अमेरिका में उम्मीद से अधिक महंगाई बढ़ने के कारण रुपए को मजबूती मिल रही है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में ये तेजी जारी रह सकती है। खास बात यह है कि एशिया की अन्य मुद्राएं, चाहे वह चीनी युआन हो या जापानी येन, अभी तक डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए जैसी मजबूती नहीं दिखा पाई हैं।



मंगलवार को रुपया लगभग 1 प्रतिशत मजबूत हुआ था, जो दो वर्षों में इसकी सबसे बड़ी बढ़त थी। बुधवार को भी रुपए ने डॉलर के मुकाबले 27 पैसे की मजबूती दर्ज की, जबकि गुरुवार को इसमें 14 पैसे का और इजाफा हुआ। आइए जानते हैं कि मौजूदा समय में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले किस स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी डॉलर में नरमी और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे चढ़कर 86.81 पर पहुंच गया। फॉरेन करेंसी ट्रेडर्स ने कहा कि स्थानीय यूनिट, जो विदेशी फंड की अंतहीन निकासी के कारण दबाव में थी, को बुधवार को सरकार द्वारा जारी उम्मीद से बेहतर महंगाई आंकड़ों के कारण घरेलू इक्विटी बाजारों में कुछ सुधार के कारण समर्थन मिला।

इंटरबैंक फॉरेन करेंसी में, रुपया 86.82 पर मजबूत खुला और शुरुआती कारोबार के दौरान ग्रीनबैक के मुकाबले पिछले बंद से 14 पैसे की बढ़त के साथ 86.81 पर पहुंच गया। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपए में 16 पैसे की गिरावट देखने को मिली और 86.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को पिछले सत्र में, रुपया 66 पैसे मजबूत हुआ था, जो 3 मार्च, 2023 के बाद से अधिकतम एक दिन की बढ़त दर्ज करते हुए ग्रीनबैक के मुकाबले 86.79 पर बंद हुआ था।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 90 |
| एक यूरो | 90. 52 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 108 .62 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 74 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88050 चांदी -96500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88050 चांदी -96500

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# नारायणा कोचिंग सेंटर के 12 छात्रों ने जेईई मेन्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



*जबलपुर। परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी कोचिंग संस्थान नारायणा कोचिंग सेंटर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र ।) में असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। इस संस्थान के 12 छात्रों ने परीक्षा के पहले सत्र में 90 से अधिक पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं।*

एकेडमिक डायरेक्टर पवन कुमार शुक्ला ने मीडिया से संस्थान की उपलब्धि शेयर करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ।। फरवरी को परिणामों की घोषणा की, जो इस साल के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा, हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की शानदार सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संकल्प, नारायणा की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के साथ मिलकर इन बेहतरीन परिणामों को संभव बना पाया है।

नारायणा में, हम ऐसे पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करते हैं। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरणों के लिए उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। शाखा प्रबंधक सत्य प्रकाश ने बताया संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास दिलाकर शैक्षणिक लक्ष्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

# इंडिया वुड के लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के हुए 25 साल

*नई दिल्ली। दिल्ली उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडिया वुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा।*

न्यूर्नबर्ग मेस के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडिया वुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है।

पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडिया वुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है।

2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है - इसका अधिकांश हिस्सा इंडिया वुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है।

# एशिया में सबसे अमीर है मुकेश अंबानी का परिवार

*नई दिल्ली। मुकेश अंबानी जिन्हें भारत के सबसे अमीर लोगों में गिना जाता है, के परिवार को एशिया के 20 सबसे अमीर परिवारों की लिस्ट में पहला स्थान मिला है. ब्लूमबर्ग द्वारा गुरुवार को जारी की गई इस लिस्ट में अंबानी परिवार के अलावा कुछ और भारतीय परिवार भी शामिल हैं।*

मुकेश अंबानी ने 2002 में अपने पिता धीरूभाई अंबानी की मृत्यु के बाद रिलायंस की कमान संभाली थी और तब से उन्होंने इस ग्रुप को वैश्विक स्तर का बिजनेस ग्रुप बना दिया है. आज रिलायंस इंडस्ट्री का दबदबा तेल रिफाइनिंग, टेक, रिटेल, फाइनेंशियल सर्विसेज और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हैं। ब्लूमबर्ग द्वारा गुरुवार को जारी की गई इस लिस्ट में अंबानी परिवार के



अलावा ये भारतीय परिवार भी शामिल हैं. मिस्त्री परिवार (शापूरजी पालोनजी ग्रुप)-1865 में स्थापित यह परिवार टाटा सन्स में अपनी हिस्सेदारी के लिए जाना जाता है, जो 400 बिलियन डॉलर के टाटा ग्रुप का हिस्सा है. नोएल टाटा फिलहाल टाटा ट्रस्ट्स का नेतृत्व कर रहे हैं.जिंदल परिवार (ओपी जिंदल ग्रुप)-1952 में एक स्टील प्लांट से शुरुआत करने वाले इस परिवार ने ऊर्जा, सीमेंट और स्पोर्ट्स जैसे क्षेत्रों में अपना साम्राज्य फैलाया है. ओपी जिंदल की पत्नी सावित्री और उनके चार बेटे अब इस ग्रुप को आगे बढ़ा रहे हैं.बिरला परिवार (आदित्य बिड़ला ग्रुप)-19वीं सदी से अपनी विरासत को संभाल रहे इस परिवार का मेटल्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और रिटेल जैसे क्षेत्रों में बड़ा योगदान है. कुमार मंगलम बिड़ला फिलहाल इस ग्रुप के प्रमुख हैं.बजाज परिवार (बजाज ग्रुप)-1926 में जमनालाल बजाज द्वारा स्थापित इस ग्रुप ने स्कूटर बनाने से शुरुआत की और आज सीमेंट, इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है.

राहुल बजाज अब इस ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं.हिंदुजा परिवार (हिंदुजा ग्रुप)-1914 में ट्रेड और बैंकिंग से शुरुआत करने वाले इस परिवार का अब ऊर्जा, ऑटोमोटिव, फाइनेंस और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रभाव है. हालांकि, पिछले कुछ सालों में इस परिवार के भीतर विवाद भी सामने आए हैं।

### अडानी क्यों नहीं हैं लिस्ट में?



चौंकाने वाली बात यह है कि अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी का परिवार इस लिस्ट में शामिल नहीं हैं. दरअसल, यह लिस्ट केवल उन परिवारों को शामिल करती है, जिनकी पीढ़ियों से चली आ रही विरासत है. गौतम अडानी एक फर्स्ट-जनरेशन बिजनेसमैन हैं, इसलिए उन्हें इस डायनास्टिक-स्पेसिफिक रैंकिंग से बाहर रखा गया है.ब्लूमबर्ग के मुताबिक, यह रैंकिंग 31 जनवरी 2025 तक के आंकड़ों पर आधारित है. इसमें फर्स्ट-जनरेशन वेल्थ (जैसे अलीबाबा के जैक मा और भारत के गौतम अडानी) की संपत्ति को शामिल नहीं किया गया है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले परीक्षार्थियों का दोबारा होगा मूल्यांकन

## ◎शून्य से एक नंबर लाने वालों की भी होगी जांच, शिक्षा विभाग कर रहा नया प्रयोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** अब 90 फीसद से अधिक अंक वाले परीक्षार्थियों का दोबारा होगा मूल्यांकन होगा। यही नहीं शून्य से एक नंबर लाने वालों की भी जांच होगी। शिक्षा विभाग यह नया प्रयोग करने जा रहा हैं। प्रदेश के शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा को लेकर यह तैयारी शुरू कर दी है।



इस बार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन गड़बडियों को लेकर नई पहल की गई है। अब 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले परीक्षार्थियों का दोबारा मूल्यांकन होगा। शून्य से 1 अंक पाने वाले छात्रों की भी उत्तरपुस्तिका की दोबारा जांच होगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। शिक्षा विभाग ने इस बार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। दरअसल, बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन में गड़बड़ियों को लेकर नई पहल की गई है। मुख्य परीक्षक मूल्यांकन को परखेंगे। अब 90 फीसद से अधिक अंक पाने वाले परीक्षार्थियों की दोबारा मूल्यांकन होगा। वहीं शून्य से एक नंबर लाने वाले परीक्षार्थियों की भी उत्तर पुस्तिका की जांच दोबारा की जाएगी। ऐसा इसलिए क्यों कि हर शिक्षण सत्र में गड़बड़ियों के कई मामले सामने आते हैं। इस बार इससे बचने के लिए शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है।

**25 फरवरी से शुरु हो रही परीक्षाएं-** ज्ञात हो कि प्रदेश में 10वीं-12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। वहीं पांच मार्च 2025 से मूल्यांकन शुरू होगा। इस बार 30 हजार शिक्षक उत्तर पुस्तिका की जांच करेंगे। सबसे पहले बारहवीं परीक्षा का मूल्यांकन होगा। एक शिक्षक को न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिका मिलेंगी। रोजाना 08 घंटे तक मूल्यांकन होगा। इस दौरान केंद्रों पर 144 धारा लागू रहेगी।

# दो गांजा तस्करों को 12 साल का कारावास

**अनूपपुर, देशबन्धु।** लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने अवैध मादक पदार्थ गाजा के परिवहन के आरोपीगण राय सिंह गोंड पिता विश्राम सिंह गोंड उम्र 32 वर्ष, राकेश कुमार गोंड पिता द्वारिका प्रसाद गोंड आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम रानीझाप तलवा टोला थाना गौरेला जिला जीपीएम को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया एवं फरार आरोपी राहुल चौधरी पिता चुन्नू चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 14 कुम्हारी जिला दुर्ग में निर्णय सुरक्षित रखा गया है।

# सिरफिरे ने टिकट काउंटर में की तोड़फोड़

## ◎ रेलवे स्टेशन में युवक ने मचाया कोहराम

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में गुरुवार तड़के यात्रियों में उस वक्त अफरातफरी व भगदड़ मच गई, जब एक सिरफिरे ने प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर बने टिकट काउंटर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्लेटफार्म क्रमांक में अफरा तफरी व तोड़फोड़ की खबर मिलते ही आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने युवक को हिरासत में ले लिया।



तोड़फोड़ के दौरान युवक के सिर, सीने, हाथ व कमर में चोट आने के कारण मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों ने हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक एक के टिकट काउंटर पर देर रात तीन बजे के लगभग एक युवक हाथ में रॉड लेकर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए काउंटर के अंदर पहुंचकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। अचानक तोड़फोड़ होते देख कर्मचारियों ने युवक को पकड़ने की कोशिश की, तो उसे रॉड लेकर उन्हे खदेड़ दिया, इसके बाद उसने काउंटर में लगी खिड़कियों के कांच, कम्प्यूटर, मशीन सहित अन्य सामान रॉड मारकर तोड़ना शुरू कर दिया। देखते ही देखते अफरा-तफरी व भगदड़ मच गई। टिकट लेकर काउंटर के सामने लाइन लगाकर खड़े लोग भी अपनी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते नजर आए। करीब 15 मिनट तक सिरफिरे युवक ने जमकर हंगामा कर लोगों को खदेड़ा। हंगामे की जानकारी लगते ही आरपीएफ थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में लिया। हंगामा कर रहे युवक के शरीर पर आई चोटों को देखते हुए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां पर युवक की हालत को देखते हुए उसे भर्ती कर लिया गया है।

स्टेशन में आने-जाने वालों पर आरपीएफ को कड़ी नजर रखना होगा। उल्लेखनीय है कि यात्री बुकिंग खिड़की के बाजू से रेलवे सुरक्षा बल का कार्यालय है, इसमें सुरक्षा कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था होने के बाद भी जब सुरक्षा बल अपने विभाग में पदस्थ कर्मचारियों की सुरक्षा नहीं कर सकता है, तो आम यात्रियों की जिम्मेदारी कैसे निभाऐंगे? उक्त व्यक्ति पूर्व में ट्रेनों में चादर-तकियों की आपूर्ति करता था।

मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, शशांक गुप्ता, सहायक वाणिज्य प्रबंधक ग्रेसियश के साथ बैठक की। सभी अधिकारियों ने इस प्रकार की अप्रत्याशित घटना दोबारा न हो इसके लिए आवश्यक सुधार के संबंध में सुझाव दिये हैं।

# सरकारी योजना के तहत खातों में जमा की गई राशि का गबन

## ◎ एसबीआई के कियोस्क बैंक संचालक गिरफ्तार

**बालाघाट, देशबन्धु ।** जिले के आदिवासी बाहुल्य बिरसा क्षेत्र में ग्रामीण भोलेभाले आदिवासियों को गुमराह कर करते हुये उनके खातों में जमा की गई सरकारी राशि कियोक्स संचालक द्वारा हड़प लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है।

मलाजखण्ड पुलिस ने मोहगांव के स्थित एसबीआई के कियोस्क बैंक के संचालक द्वारा 37 खाताधारकों के खातों से 28.87लाख रुपये का गबन करने के आरोप में गौरव मिश्रा निवासी वार्ड नं.4 मोहगांव के विरुद्ध धारा 409,420,467,468,471 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

कियोस्क का अनुबंध करने वाले आशुतोष सिंह भदौरिया 36 वर्ष मकान नंबर 105 हरिगंगा नगर थाना मिसरोद जिला भोपाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई की 1 मार्च 2017 से 1 फरवरी 2024 के मध्य खाताधारकों के साथ गबन एवं कूटरचना कर लगभग 28 लाख 87 हजार 13 रुपये की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि आरोपी को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया की अभी और भी अन्य लोगों से उनके खाते में जमा हुई राशि के गबन किये जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है। गौरतलब है कि मलाजखंड क्षेत्र के करीब 50 खाताधारकों ने गत दिवस कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कियोस्क संचालक द्वारा उनके खाते में शासन की योजनाओं से प्राप्त हुई राशि सहित अन्य जमा राशि धोखाधड़ी हड़पने की शिकायत ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को सौंपी थी।

# प्रीपेड मीटर लगने से शासकीय कार्यालयों को करना ही होगा बिल भुगतान

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश की राजधानी भोपाल के ऊर्जा विभाग में प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड मीटर स्थापित किये जाने की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। इस संबंध में बिजली मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालकों को निर्देश जारी किये हैं प्रदेश के जिन जिन शासकीय कार्यालयों में पोस्ट पेड मीटर स्थापित किए गए हैं उनको शीघ्रता से से निकाला जाएगा और उनके स्थान पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्थापित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग द्वारा बदलाव किये जाने का मुख्य कारण राजस्व को तुरंत ही वूसला जाएगा। इस प्रकार के बदलाव किये जाने के पीछे बिजली विभाग की यही मंशा है कि अब किसी भी शासकीय कार्यालयों को उधारी में बिजली नहीं प्रदाय की जाएगी यह परिवर्तन भले ही प्रथम बार किया जा रहा है परंतु ऐसा किये जाने विभाग को अग्रिम राशि मिल जाएगी ऐसा किए जाने के कारण बिजली विभाग का किसी भी शासकीय कार्यालय से विवाद नहीं होगा और विभाग को एक मुश्त राशि प्राप्त हो जाएगी। इसी के साथ ही साथ उपभोक्ताओं और बिजली विभाग के कर्मचारियों को विवादों से भी रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। ऊर्जा विभाग ने तय किया है कि सभी शासकीय कार्यालयों स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

# शहडोल जिले में पीलिया का कहर

## एक सप्ताह में मिले 50 से ज्यादा मरीज

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के आदिवासी बाहुल्य जिले में पीलिया का कहर छाया हुआ है। विगत एक सप्ताह में पीलिया के 50 से ज्यादा मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ी हुई हैं। एक सप्ताह के अंदर जो 50 से अधिक मरीज सामने आए हैं उनमें 5 साल से लेकर 15 साल के अंदर के बच्चे शामिल है। बताया जा रहा कि दूषित पानी के चलते क्षेत्र में पीलिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

इतनी संख्या में मरीजों के मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की नींद भी उड़ गई है। शहडोल जिले को धनपुरी नगर पालिका अंतर्गत कोयलांचल नगरी धनपुरी में पीलिया तेजी से फैल रहा है। एक सप्ताह के अंदर 50 से अधिक पीलिया के मरीज पाए गए। अचानक पीलिया के मरीज आने से अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी है। हॉस्पिटल में जगह कम पड़ रही है। क्षमता से अधिक मरीज आने से इलाज के लिए लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। पीलिया जैसी जानलेवा बीमारी का अस्पताल में दवाएं नहीं होने के कारण मजबूरन मरीज को रोजाना हजार रुपए की दवाई बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

**लोगों में दहशत-** कोयलांचल नगरी धनपुरी में एकाएक पीलिया के इतनी संख्या में मरीजों के आने से क्षेत्र में हड़कंप मचा है और लोग दहशत में है।

बताया जा रहा कि दूषित पानी के चलते क्षेत्र में पीलिया का प्रकोप बढ़ा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने नगर के जिन वार्डों में सबसे अधिक पीलिया के मरीज पाए गए हैं उन जगहों के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

# दमोह के सेंट नार्बट स्कूल ने अभिभावकों से वसूले 3.32 करोड़, प्राचार्य समेत छह पर केस दज

**दमोह, देशबन्धु।** शहर के लोको वार्ड में संचालित सेंट नॉर्बट स्कूल में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा की जांच रिपोर्ट के आधार पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया है।

जांच में पता चला कि स्कूल प्रबंधन ने साल 2017-18 से 2022-23 के बीच अभिभावकों से अवैध तरीके से तीन करोड़ 32 लाख रुपये वसूले। यह राशि छह किश्तों में 'द सोसाइटी ऑफ एबी ऑफ बर्न' नामक संस्था को भेजी गई, जिसमें 50 लाख रुपये, 80 लाख, 80 लाख, 30 लाख, 32 लाख और 60 लाख रुपये थे।

जांच के दौरान प्रबंधन इस संस्था के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाया और न ही यह बता पाया कि राशि किन नियमों के तहत भेजी गई। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इस स्कूल ने अनुचित फीस वृद्धि की। डुप्लीकेट आईएसबीएन वाली किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया और सीबीएसई एफिलिएशन बाय लॉज 2018 का उल्लंघन किया। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि संबंधित सोसाइटी ने पूरी राशि वापस कर दी, लेकिन ये बात जांच में निराधार पाई गई। कोतवाली पुलिस ने स्कूल के पूर्व प्राचार्य फादर पोल्सन एनपी, वर्तमान प्राचार्य फादर अनिल बारा, क्लर्क विनोद मुरप्पा, को-ऑर्डिनेटर प्रियंका पीटर, संस्था के संचालक मैनेजर फादर थामस केडीओ प्रियम और पूर्व मैनेजर फादर अरुलानंदू के खिलाफ धारा 409 और 420 के तहत मामला दर्ज किया है।

# चीन्ह-चीन्ह कर टीटीई को दी जा रही हैं सुविधाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनों दिन भर्राशाही बढ़ती ही जा रही है। कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी कर्मचारियों को भार मुक्त नहीं किया जा रहा है। इसके पीछे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों और सीसीआई की एक टीम द्वारा विशेष प्रकार का रोल अदा किए जाने की चर्चा है।

इस प्रकार के आदेश राजपत्रित अधिकारी द्वारा तो दिये गए हैं परंतु उन पर किस ढंग से अमले किया जा रहा है या नहीं यह देखने की फुर्सत किसी को भी नहीं है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्ष सतर्कता विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार और रेलवे बोर्ड मुख्यालय के दिशा निर्देश द्वारा वर्ष 2024 में तत्कालीन मंडल रेल प्रबंधक विवेकशील एवं तत्कालीन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के समय वाणिज्य विभाग के टिकट निरीक्षकों बुकिंग क्लर्क पार्सल लिपिक आदि कर्मचारियों के आदेश जारी किए गए थे। इन आदेश जारी होने के बाद जबलपुर मुख्य स्टेशन में तैनात ट्रेन टिकट निरीक्षकों को भार मुक्त नहीं किया जा रहा है। लगभग 1 दर्जन टिकट कलेक्टर /टिकट निरीक्षकों को वाणिज्य विभाग के सीसीआई व अन्य कर्मचारियों को आर्शीवाद प्राप्त होने के कारण आज तक भार मुक्त नहीं किया जा रहा है।

### छोटे कर्मचारियों का कोई माई-बाप नहीं

पमरे के मुख्य स्टेशन में यह भी चर्चा जोरों से है कि रेलवे बोर्ड दिल्ली द्वारा जो भी नियम बनाये जाते हैं वह केवल उन्हीं छोटे कर्मचारियों पर लागू होते हैं जिनका कोई माई बाप नहीं होता है। इसका एक ज्वलंत उदाहरण सीसीएम स्क्वॉड का है इस स्क्वॉड के लगभग आधा दर्जन कर्मचारी ऐसे हैं जो कि लगभग कर्मचारी ऐसे हैं, जो कि लगभग एक दशक से जमे हैं। इन यह नियम क्यों लागू नहीं होते हैं, या इन कर्मचारियों को अभी तक क्यों अलग नहीं किया जा रहा है यह भी कई तरह की शंकाओं को जन्म देते हैं। इसी प्रकार की चर्चा यह भी है कि मुख्य सतर्कता विभाग में भी कई ऐसे कर्मचारी है जिन्होंने अपनी पदस्थापना की सिल्वर जुबली मना ली है और अब सेवानिवृत्त के नजदीक हैं।

जबलपुर जोन के अंतर्गत विद्युत इंजीनियरिंग यांत्रिकी भंडार कार्मिक विभाग में ऐसी कई विभूतियां हैं जिन्होंने लगभग 3 दशक से भी ऊपर का समय सुरक्षित बिताया है। जब आदेशों में पारदर्शिता नहीं बरती जाती है तो आदेश जारी करने का क्या औचित्य है यह सभी के समझ के परे बताया जा रहा है। पमरे जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा एक अनुभवी और कुशल प्रशासक के रूप में पहचान बनायी है, वह ठोस निर्णय लेके इस प्रकार की भर्राशाही पर अंकुश लगाऐगें उनके निर्णय का सभी को बेसब्री से इंतजार रहेगा। गौरतलब है कि लगभग आधा दर्जन टिकट निरीक्षकों की तबादला सूची पिछले वर्ष जारी की गई थी। इन टिकट निरीक्षकों को भारमुक्त कटनी के लिए किया जाना था, परंतु इन टिकट निरीक्षकों की इतनी प्यारी पार्टी वाली सेटिंग होने के कारण इन्हें भारमुक्त नहीं किया जा रहा है।

इन टीटीई को यदि जबलपुर से कटनी के लिए भारमुक्त किया जाता है। तो प्रत्येक टीटीई को 10 हजार रूपये का नुकसान होना तय है। इस प्रकार का नुकसान न हो इसलिए उन्होंने मुख्य टिकट निरीक्षक से सैंटिग कर ली है इसके कारण इन्हें आज तक भारमुक्त नहीं किया जा रहा है। पमरे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा अनुभवी अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं वह इस संबंध में शीघ्रता से कार्रवाई करेंगे।





खुल गया खुल गया

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्वायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है ।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368




सोनू पोल्ट्री


| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 84 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 104 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 108 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 88 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 88 |

मो.-9039925000, 9425800409



FARNAZ